राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज
समृद्ध समाज का आधार
वर्ष- 14 अंक - 34
लखनऊ, सोमवार 12 अक्टूबर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित
samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



**नवरात्रि का दूसरा दिन**
द्वितीय दिवस: ब्रह्मचारिणी की आराधना का विधान है इससे जीव को निरोगता व सौभाग्य की प्राप्ति होती है।

शारदीय नवरात्रि के पहले दिन देवी मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़ 10
धर्मेंद्र कश्यप की अखिलेश से मुलाकात, सपा में जाने के संकेत 03

### एसआईआर के विरोध में दिल्ली में दूसरे दिन भी बवाल
# कॉकरोच सक्रिय, सौ हिरासत में

**संग्राम**
- रिहाई के बाद सीजेपी नेता बोले, विमान से उतरते ही हिरासत में लिया
- सुप्रीम कोर्ट ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर हिरासत में न लेने को कहा
- मेट्रो-इंटरनेट बहाल व बैरिकेडिंग हटाने के निर्देश

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध में दिल्ली में रविवार को लगातार दूसरे दिन प्रदर्शन जारी रहा। पुलिस ने कनॉट प्लेस, राजीव चौक और अन्य इलाकों में कार्रवाई करते हुए करीब 100 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। प्रदर्शन में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी), वामपंथी छात्र संगठनों और अन्य समूहों के कार्यकर्ता शामिल हुए। राजधानी में भारी संख्या में पुलिस और अर्धसैनिक बल तैनात रहे।

कनाड प्लेस में सतर्कता के मद्देनजर फ्लैग मार्च निकाला गया। प्रदर्शनकारियों और पुलिस में झड़प भी हुई। करीब 23 घंटे हिरासत में रहने के बाद सीजेपी नेता अभिजीत दीपके, आशुतोष रांका और सौरव दास रविवार सुबह रिहा हुए। रिहाई के बाद रांका ने आरोप लगाया कि शनिवार को दिल्ली पहुंचते ही उन्हें, दीपके और दास को विमान से उतरने के बाद हिरासत में ले लिया गया। सौरव दास ने देश में आपातकाल जैसे हालात होने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार अपने ही लोगों से जंग लड़ रही है। तीनों को एक वर्ष तक शांति बनाए रखने और अच्छे व्यवहार के लिए 50 हजार रुपये का जमानती मुचलका भरने के बाद रिहा किया गया। हालांकि, अभिजीत दीपके ने बाद में दावा किया कि उन्होंने आंदोलन रोकने संबंधी कोई बॉन्ड नहीं भरा है और विरोध जारी रहेगा। रिहाई के बाद सीजेपी नेताओं ने ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग दोहराई। आशुतोष रांका ने कहा कि पार्टी आंदोलन से पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने विपक्षी नेताओं और संगठनों से एकजुट होने की अपील की। दूसरी ओर, पुलिस ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए राजधानी में निगरानी बढ़ा दी है। मामले में प्रदर्शन के अधिकार, सार्वजनिक व्यवस्था और पुलिस कार्रवाई को लेकर न्यायिक सुनवाई मंगलवार को आगे बढ़ने की संभावना है।



### शांतिपूर्ण प्रदर्शन का अधिकार, पर कानून के दायरे में रहें



रविवार को विशेष सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने कहा कि सार्वजनिक व्यवस्था के नाम पर नागरिकों की आवाजाही और शांतिपूर्ण प्रदर्शन के अधिकार पर मनमाने ढंग से रोक नहीं लगाई जा सकती। अदालत ने निर्देश दिया कि मेट्रो और रेल सेवाएं सामान्य रूप से चलें, जब तक कानून-व्यवस्था की स्थिति के कारण प्रतिबंध जरूरी न हों। इंटरनेट सेवाएं भी बाधित नहीं की जानी चाहिए। अदालत ने यह भी कहा कि कानूनी प्रक्रिया के बिना किसी को हिरासत में न लिया जाए। सुप्रीम कोर्ट के आसपास धारा 163 लागू होने से संबंधित सूचना-पट्ट हटाने के निर्देश भी दिए गए, ताकि अदालतों तक पहुंचने और वहां से निकलने में लोगों को आशंका या परेशानी न हो। केंद्र सरकार से मामले में जवाब मांगा गया है।

### आंदोलन से पीछे नहीं हटेंगा: दीपके
#### कहा- विरोध रोकने वाला कोई बॉन्ड नहीं भरा



सीजेपी नेता अभिजीत दीपके ने रिहाई के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ आंदोलन जारी रखने का एलान किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने ऐसा कोई बॉन्ड या लिखित आश्वासन नहीं दिया है, जो उन्हें प्रदर्शन करने से रोकता हो। उनके अनुसार, प्रशासनिक पाबंदियां पार्टी को विरोध करने से नहीं रोक सकतीं। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, अभिजीत दीपके, आशुतोष रांका और सौरव दास को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धाराओं 126 और 170 के तहत एहतियातन हिरासत में लिया गया था। बाद में तीनों ने एक वर्ष तक शांति बनाए रखने और अच्छे व्यवहार के लिए 50 हजार रुपये का जमानती मुचलका भरा, जिसके बाद उन्हें रिहा किया गया। दीपके ने आंदोलन रोकने संबंधी बॉन्ड पर हस्ताक्षर करने से इनकार किया है।

### यात्रियों ने कहा 'गद्दार'
कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेताओं अभिजीत दीपके, आशुतोष रांका और सौरभ दास को दिल्ली में विमान से हिरासत में लिए जाने से पहले यात्रियों के विरोध का सामना करना पड़ा। मुंबई से दिल्ली आई फ्लाइट में लैंडिंग के बाद कुछ यात्रियों और सीजेपी नेताओं के बीच तीखी बहस हुई। घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे हैं। उपलब्ध वायरल वीडियो में कुछ यात्री नेताओं पर नाराजगी जताते और उन्हें 'गद्दार' कहकर संबोधित करते सुनाई देते हैं।

### पुलिस ने नकारे आरोप
दिल्ली पुलिस ने रविवार को वीडियो जारी कर सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके की दादी के निधन की सूचना नहीं देने के आरोपों को खारिज किया। डीसीपी (पीआरओ) नेहा यादव ने कहा कि दीपके को निधन और अंतिम संस्कार के समय की जानकारी दी गई थी। उन्हें गृह नगर जाने और परिवार से बात करने में मदद की पेशकश भी की गई, लेकिन उन्होंने इसे स्वीकार नहीं किया। इससे पहले दीपके की मां और सीजेपी ने पुलिस पर सूचना छिपाने का आरोप लगाया था।




**मेरे सम्मानित प्रदेशवासियों,**

***जब महिषासुर के अत्याचार से तीनों लोकों में त्राहि-त्राहि मच गई, तब देवताओं की सामूहिक ऊर्जा से एक ऐसी दिव्य शक्ति का प्राकट्य हुआ, जो साक्षात् आदिशक्ति थीं।*** *मां दुर्गा ने महिषासुर का वध कर धर्म और न्याय की पुनर्स्थापना की। महिषासुरमर्दिनी की इसी विजय और शक्ति की आराधना के पावन पर्व शारदीय नवरात्र पर आप सभी को हृदय से मंगलकामनाएं।*

*लंका विजय से पूर्व प्रभु श्रीराम ने मां जगतजननी की साधना की थी। साधना के लिए 108 नीलकमलों में एक कम पड़ने पर उन्होंने अपने नयन को ही अर्पित करने का निश्चय किया। तब मां प्रकट हुईं और उन्हें विजय का वर दिया। ममता और वात्सल्य की प्रतिमूर्ति यही मां त्रैलोक्य बचाने के लिए चंडी का रूप लेती हैं तथा मधु-कैटभ, शुंभ-निशुंभ और रक्तबीज जैसे दानवों का संहार करती हैं।* ***अहंकार, दुराग्रह, आसक्ति और बढ़ती नकारात्मक प्रवृत्तियों पर विनम्रता, साहस, शक्ति, संकल्प, न्याय और धर्म की विजय का भाव ही मां के नौ स्वरूपों में निहित है। आज भी जब समाज ऐसी प्रवृत्तियों से संघर्ष करता है, तब नवरात्र हमें स्मरण कराता है कि सज्जनता तभी प्रभावी होती है, जब उसमें शक्ति और संकल्प का सामर्थ्य हो।*** *यही सामर्थ्य हमारी मातृशक्ति एवं समस्त समाज को सुरक्षित, सम्मानित और आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प का आधार है।*

***मां विंध्यवासिनी, मां पाटेश्वरी और मां शाकुम्भरी जैसे प्रमुख शक्तिपीठों में नवरात्र पर श्रद्धालुओं की आस्था और युवाओं की बढ़ती सहभागिता यह दर्शाती है कि नई पीढ़ी अपनी सांस्कृतिक विरासत से गहराई से जुड़ रही है।*** *उत्तर प्रदेश आज आस्था, संस्कृति और परंपरा के पुनर्जागरण का सशक्त केंद्र बन रहा है। इसी चेतना को सार्थक बनाने के लिए बेटियों को शिक्षा, सुरक्षा और समान अवसर दिए जा रहे हैं।*

***हमारी सरकार ने वर्ष 2020 में शारदीय नवरात्र पर मिशन शक्ति अभियान प्रारंभ किया था। इसका उद्देश्य ही नारी सुरक्षा, सम्मान और सशक्तीकरण को जनभागीदारी से जोड़ना था। आज लगभग 44,000 से अधिक महिलाएं उत्तर प्रदेश पुलिस बल का हिस्सा हैं। पुलिस भर्ती में महिलाओं के लिए 20 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया गया है।*** *ऊदा देवी पासी, झलकारी बाई कोरी तथा रानी अवंतीबाई लोधी जैसी वीरांगनाओं के नाम पर तीन महिला PAC बटालियन गठित की गई हैं। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से बालिकाओं की शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य को प्रोत्साहन मिल रहा है। 10 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर एक करोड़ से अधिक महिलाएं स्वावलंबन की नई गाथा लिख रही हैं।*

***आइए, नवरात्र के इस पावन अवसर पर उपासना एवं उपवास के साथ एक संकल्प यह भी लें कि किसी बहन की सुरक्षा के लिए उसकी आवाज बनेंगे, किसी बालिका की शिक्षा में सहयोग करेंगे और किसी महिला के आत्मनिर्भर बनने की राह में उसका संबल बनेंगे।*** *आदिशक्ति की आराधना तभी पूर्ण होगी, जब प्रदेश की मातृशक्ति सुरक्षित, सम्मानित और स्वावलंबी बनेगी। इसी से विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प की सिद्धि होगी।*

आपका
योगी आदित्यनाथ



सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश
साहस. सृजन. नेतृत्व.
UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

**सर्राफा बाजार**

| | |
|---|---|
| गोल्ड 24 कैरेट | = 1,51,570/10 ग्राम |
| 22 कैरेट | = 1,38,950/10 ग्राम |
| 18 कैरेट | = 1,13,720/10 ग्राम |
| चांदी | = 2,40,000/किग्रा |



# 50% स्टार्टअप्स की कमान महिलाओं के हाथ: योगी

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

- सीएम बोले- 2017 से पहले चौखट लांघना था मुश्किल
- सुरक्षा बढ़ने के बाद अब बेटियां नाइट शिफ्ट में भी कर रहीं काम
- महिला कार्यबल की भागीदारी 12 से बढ़कर 36% के पार



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन महिला सशक्तीकरण पर जोर देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में 50 प्रतिशत से अधिक स्टार्टअप्स का नेतृत्व महिलाएं कर रही हैं। महिला कार्यबल में उनकी भागीदारी भी 12 प्रतिशत से बढ़कर 36 प्रतिशत के पार पहुंच गई है। उन्होंने इसे महिलाओं के बढ़ते आत्मविश्वास और प्रदेश में उनके लिए विस्तृत होते अवसरों का प्रमाण बताया।

मुख्यमंत्री ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता:' की भावना के अनुरूप काम कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पहले जिन बेटियों के लिए घर की चौखट पार करना भी मुश्किल था, वे आज नाइट शिफ्ट में काम कर रही हैं और प्रदेश की अर्थव्यवस्था में योगदान दे रही हैं।

सुरक्षा से स्वावलंबन तक पर जोर योगी ने कहा कि महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा, सम्मान, शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक आत्मनिर्भरता सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल हैं। इसके लिए मिशन शक्ति, सेफ सिटी, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और पोषण अभियान जैसी पहलें संचालित की जा रही हैं।

उन्होंने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना और लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर वर्किंग वुमन हॉस्टल का भी उल्लेख किया। इन पहलों का उद्देश्य बेटियों की शिक्षा, महिलाओं की सुरक्षित आवाजाही और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देना है।

### शक्ति की आराधना



रविवार को गोरखनाथ मंदिर के शक्तिपीठ में कलश स्थापना करते मुख्यमंत्री व गोरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ।

### योगी आज किसानों के खातों में भेजेंगे 493 करोड़
**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को गोरखपुर से प्रदेश के 9 लाख से अधिक किसानों को 493 करोड़ रुपये की कृषि निवेश अनुदान राशि अंतरित करेंगे। बाढ़, अतिवृष्टि, ओलावृष्टि और चक्रवात से फसलों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए यह धनराशि डीबीटी के माध्यम से सीधे किसानों के बैंक खातों में भेजी जाएगी। इसके लिए गोरखपुर स्थित योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह एवं सांस्कृतिक केंद्र में राज्यस्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### दरोगा भर्ती: 21 याचिकाएं खारिज
**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश पुलिस दरोगा और समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की अंतिम उत्तर कुंजी को चुनौती देने वाली सभी 21 याचिकाएं खारिज कर दीं। न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता की एकल पीठ ने कहा कि भर्ती बोर्ड ने विषय विशेषज्ञों की राय पर विचार करने के बाद अंतिम उत्तर कुंजी जारी की थी, इसलिए इसमें कोई अवैधता नहीं है। भर्ती के तहत 4543 पदों के लिए 14 और 15 मार्च 2026 को लिखित परीक्षा हुई थी। मई में अंतिम उत्तर कुंजी और परीक्षा परिणाम जारी किए गए थे। फैसले से अंतिम उत्तर कुंजी को लेकर दाखिल याचिकाओं पर कानूनी चुनौती समाप्त हो गई है।

### दुर्गा पूजा पर सुरक्षा के रहेंगे कड़े इंतजाम
**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुर्गा पूजा और दशहरा के मद्देनजर अधिकारियों को सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। रविवार को गोरखनाथ मंदिर में समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि दुर्गा प्रतिमाएं सड़कों पर स्थापित न हों और यातायात बाधित न होने पाए। डीजे की आवाज निर्धारित मानकों के अनुरूप रखने तथा प्रतिमा विसर्जन के दौरान नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए पूजा समितियों से संवाद करने को कहा। मुख्यमंत्री ने त्योहारों के दौरान साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए।

### दिल्ली मेट्रो में सीट विवाद में व्यक्ति की मौत
**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो में वरिष्ठ नागरिकों के लिए आरक्षित सीट को लेकर हुए कथित विवाद के बाद 48 वर्षीय पवन शर्मा की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में संजय प्रताप सिंह और उनके बेटे सिद्धार्थ सिंह को गिरफ्तार किया है। घटना आठ अक्टूबर को शाम करीब 5 :47 बजे सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर हुई थी। पुलिस के अनुसार, पवन अपनी मां दुर्गा देवी के साथ यात्रा कर रहे थे। बेहोशी की हालत में उन्हें लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# यूपी कांग्रेस मुख्यालय में बवाल, चले जूते

- आराधना के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में विवाद
- नाराज अजय राय कार्यालय से बाहर बैठे
- प्रमोद तिवारी व इमरान मसूद ने मनाने पहुंचे

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में रविवार को नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा 'मोना' के पदभार ग्रहण कार्यक्रम के दौरान जमकर हंगामा हुआ। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच धक्कामुक्की और जूते चलने की बात सामने आई। विवाद के बाद निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष अजय राय नाराज होकर कार्यालय से बाहर आ गए और वहीं बैठ गए। वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी और कार्यकारी अध्यक्ष इमरान मसूद ने उन्हें मनाने का प्रयास किया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, कार्यक्रम के दौरान अजय राय के साथ एक महिला कांग्रेस नेता द्वारा कथित बदसलूकी किए जाने से उनके समर्थक नाराज हो गए। इसके बाद कार्यालय में माहौल तनावपूर्ण हो गया। विवाद के कारण अजय राय नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष की प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी शामिल नहीं हुए। हंगामे के बीच आराधना मिश्रा 'मोना' ने पदभार ग्रहण करने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में देश का संविधान और लोकतंत्र खतरे में है।

### इमरान खान की पार्टी की सरकार बर्खास्त, खैबर पख्तूनख्वा में आपातकाल
**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में राजनीतिक टकराव बढ़ गया है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की सरकार ने रविवार को खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत में आपातकाल और गवर्नर शासन लागू करने का फैसला किया। इस कदम से पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) की प्रांतीय सरकार पर संकट खड़ा हो गया है। राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने इस फैसले की घोषणा की। प्रांत के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी चार अक्टूबर से इमरान खान की रिहाई की मांग को लेकर समर्थकों के साथ इस्लामाबाद की ओर मार्च निकाल रहे थे।

# यूक्रेन को नया राष्ट्रपति चुनना चाहिए: ट्रंप

- पुतिन शांति समझौता चाहते हैं, लेकिन जेलेंस्की गंवा रहे मौके

**एजेंसी, वॉशिंगटन।**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की पर निशाना साधते हुए कहा है कि यूक्रेन को नया राष्ट्रपति चुनना चाहिए। ट्रम्प ने दावा किया कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन युद्ध समाप्त करने के लिए शांति समझौता करना चाहते हैं, लेकिन जेलेंस्की बातचीत के अवसर गंवा रहे हैं। ट्रम्प का यह बयान रूस से डीजल खरीदने के अमेरिकी फैसले पर यूक्रेन की नाराजगी के बीच आया है। जेलेंस्की ने कहा था कि रूस से ईंधन खरीदने से उसकी कमाई बढ़ेगी और वह इस धन का इस्तेमाल युद्ध जारी रखने में कर सकेगा।

ट्रम्प ने रूस की तेल रिफाइनरियों पर यूक्रेन के हमलों की भी आलोचना की। उनका कहना है कि ऐसे हमलों से वैश्विक ईंधन आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। जेलेंस्की ने रविवार को कहा कि यूक्रेन रूस की तेल रिफाइनरियों पर हमले रोकने को तैयार है, बशर्ते रूस भी यूक्रेन के ऊर्जा ठिकानों पर हमले बंद करे। उन्होंने आरोप लगाया कि पुतिन तनाव कम करने के लिए तैयार नहीं हैं। यक्रेन के विदेश मंत्री आंद्रिय सिबिहा ने भी ट्रम्प के बयान का विरोध करते हुए कहा कि जेलेंस्की को यूक्रेनी जनता का समर्थन हासिल है और अपने नेता को चुनने का अधिकार देश के लोगों के पास है।

# सीजेआई ने राहुल को मिलने का समय देने से किया इनकार

- एसआईआर और पुलिस कार्रवाई पर चर्चा करना चाहते थे राहुल गांधी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को मुलाकात का समय देने से इनकार कर दिया है। राहुल गांधी सोमवार को सीजेआई से मिलकर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और पुलिस कार्रवाई से जुड़े मुद्दे उठाना चाहते थे। हालांकि, सीजेआई ने स्पष्ट किया कि संबंधित मुद्दे पहले से ही सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन हैं। ऐसे में इन पर चर्चा के लिए अलग से मुलाकात करना उचित नहीं होगा।

लाइव लॉ की रिपोर्ट के मुताबिक, सीजेआई सूर्यकांत ने राहुल गांधी के आधिकारिक ईमेल का जवाब देते हुए यह बात कही। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सुप्रीम कोर्ट सरकार के प्रशासनिक कामकाज में सीधे हस्तक्षेप नहीं कर सकता। सीजेआई ने विपक्ष के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाने का विकल्प खुला रखा है।

**मुकाबला**
### सैटेलाइट इंटरनेट की भारत में एंट्री पर मस्क-अंबानी आमने-सामने
# भारत में स्टारलिंक के प्लान होंगे सस्ते, अंबानी का घटेगा मुनाफा

- जियो के सस्ते इंटरनेट के बीच स्टारलिंक की कीमतों पर उठे सवाल
- सरकार ने कहा- किसी क्षेत्र में एकाधिकार नहीं चलेगा

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत के दूरसंचार बाजार में सैटेलाइट इंटरनेट की दस्तक से दुनिया के दो बड़े उद्योगपतियों एलन मस्क और मुकेश अंबानी के बीच प्रतिस्पर्धा तेज होने के संकेत हैं। स्पेसएक्स की सैटेलाइट इंटरनेट सेवा स्टारलिंक की भारत में शुरुआत को लेकर जारी बहस के बीच मस्क ने संकेत दिए हैं कि यहां ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए कीमतें सस्ती रखनी होंगी। उनका तर्क है कि बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ने से अंततः भारतीय उपभोक्ताओं को फायदा होगा। स्टारलिंक के आने से रिलायंस जियो के मुनाफे पर कुछ दबाव पड़ सकता है, लेकिन इससे अंबानी का कारोबार बंद होने जैसी स्थिति नहीं बनेगी।

मस्क का यह बयान ऐसे समय आया है, जब भारत में स्टारलिंक की सेवा शुरू होने में देरी और उसकी संभावित कीमतों को लेकर सवाल उठ रहे हैं। भारत में मोबाइल इंटरनेट और ब्रॉडबैंड की दरें पहले से काफी प्रतिस्पर्धी हैं। ऐसे में स्टारलिंक के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह होगी कि वह अपनी तकनीक के दम पर ग्राहकों को कितना अतिरिक्त लाभ दे पाती है और उसकी सेवा आम उपभोक्ता की पहुंच में कितनी रहती है। मस्क पिछले कुछ दिनों से भारत में स्टारलिंक की शुरुआत में हो रही देरी पर सोशल मीडिया के जरिये सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी पर भी निशाना साधा। एक पोस्ट में उन्हें प्राइम मिनिस्टर अंबानी कहकर तंज कसा और भारतीय बाजार में उनके प्रभाव को लेकर टिप्पणी की। मस्क का कहना है कि स्टारलिंक उन इलाकों तक इंटरनेट पहुंचा सकती है, जहां मोबाइल नेटवर्क या पारंपरिक ब्रॉडबैंड की पहुंच सीमित है। इससे दूरदराज के गांवों में रहने वाले विद्यार्थियों, छोटे कारोबारियों और ऐसे लोगों को लाभ मिल सकता है, जिन्हें बेहतर इंटरनेट कनेक्टिविटी नहीं मिल पाती। इंटरनेट के जरिये वे शिक्षा, कारोबार और वैश्विक बाजार से जुड़ सकते हैं। हालांकि, भारत में स्टारलिंक की व्यावसायिक सफलता का सवाल कीमतों से जुड़ा है। देश में मोबाइल कंपनियां अपेक्षाकृत कम दरों पर डेटा उपलब्ध कराती हैं। दूसरी ओर, स्टारलिंक की तकनीक में उपग्रह आधारित कनेक्टिविटी के लिए विशेष उपकरण लगाने पड़ते हैं।



# बेटियों की सुरक्षा, शिक्षा व स्वावलंबन प्राथमिकता : योगी

समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।



अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस और शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन तुलसीपुर स्थित देवीपाटन शक्तिपीठ परिसर में 'शिक्षा की उड़ान' कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परिषदीय विद्यालयों के विद्यार्थियों और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की छात्राओं को सम्मान पत्र व उपहार देकर प्रोत्साहित किया। इस दौरान उन्होंने नौ कन्याओं का पूजन भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटियों की सुरक्षा, पोषण, शिक्षा और स्वावलंबन सरकार की प्राथमिकता है। कन्या सुमंगला योजना सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से बालिकाओं का भविष्य संवारने और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। आवास योजनाओं में महिलाओं को मालिकाना हक देने से उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है।

▸ मुख्यमंत्री ने छात्राओं को किया सम्मानित

कार्यक्रम में मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल, जिलाधिकारी विपिन जैन, सदर विधायक पलटूराम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विकास चंद्र श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बेसिक शिक्षा विभाग की योजनाओं पर आधारित झांकियां और गैसड़ी विकासखंड के शिक्षकों की शिक्षण सामग्री प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही।

## नगर के चार प्रमुख मार्ग फोरलेन बनाने की मांग

नगर पालिका परिषद बलरामपुर के अध्यक्ष डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह 'धीरू' ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से नगर के चारों प्रमुख मार्गों को डिवाइडर सहित फोरलेन बनाने की मांग की। उन्होंने कहा कि इससे यातायात व्यवस्था बेहतर होगी और जाम की समस्या से राहत मिलेगी। तुलसीपुर स्थित मां पाटेश्वरी देवी शक्तिपीठ परिसर में आयोजित 'शिक्षा की उड़ान' कार्यक्रम में चेयरमैन डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह 'धीरू' मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ शामिल हुए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को स्टडी टेबल तथा विभिन्न लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और आशीर्वाद पत्र वितरित किए गए। 'शिक्षा की उड़ान' पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना और उन्हें शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना है। इस पहल से बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाने और उनके उज्ज्वल भविष्य की राह आसान बनाने का प्रयास किया जा रहा है। चेयरमैन ने नगर के चार प्रमुख मार्गों को फोरलेन बनाने की मांग को विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि सड़कों के चौड़ीकरण से यातायात सुगम होगा, सड़क सुरक्षा बढ़ेगी और नगर की आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा। कार्यक्रम में देवीपाटन मंदिर के महंत मिथिलेश नाथ, भाजपा जिलाध्यक्ष रवि कुमार मिश्रा, सदर



विधायक पल्टूराम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, गैसड़ी के पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह 'शैलू', जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. आरती तिवारी सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मां पाटेश्वरी के दरबार पहुंचे योगी



▸ मां की आरती उतार प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की

समृद्धि न्यूज बलरामपुर

शारदीय नवरात्र के पहले दिन रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तुलसीपुर स्थित देवीपाटन मंदिर में मां पाटेश्वरी के दर्शन-पूजन कर आरती उतारी और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, स्वच्छता और सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को नवरात्रि और दशहरा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने को कहा। इसके बाद मुख्यमंत्री गोशाला पहुंचे और गोमाता को गुड़ व हरा चारा खिलाया।

## खबरें एक नजर में

### नहर में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका



बहराइच। मटेरा थाना क्षेत्र के शंकरपुर नहर में रविवार को बोरी में बंधा युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकलवाया। युवक की पहचान नहीं हो सकी है। थाना प्रभारी प्रेमपाल सिंह और सीओ नानपारा चिंजोयु गौतम ने घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पहचान कराने में जुटी है। सीओ ने बताया कि मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट होगा। स्थानीय लोगों ने हत्या कर शव नहर में फेंके जाने की आशंका जताई है।

### कार नाले में गिरी, दो युवक घायल



बहराइच। रामगांव थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक कार अनियंत्रित होकर सुतिया नाले में गिर गई। हादसे में कार सवार दो युवक घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, डिगहा निवासी सिद्धार्थ और बंजारी मोड़ निवासी विपुल कार में सवार थे। नौतला मार्ग पर अचानक कार बेकाबू हो गई और नाले में जा गिरी। हादसे की सूचना मिलते ही रामगांव थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा। थाना प्रभारी ने बताया कि कार की रफ्तार तेज होने के कारण वह अनियंत्रित होकर पलट गई थी। इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है।

### अखिलेश-राहुल का पुतला फूंका



बहराइच। कैसरगंज में रविवार को राष्ट्रीय हिन्द समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर कथित टिप्पणी के विरोध में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फूंककर नारेबाजी की। पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था पर सवाल उठाना लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है। उन्होंने संस्थाओं के सम्मान को जरूरी बताया। प्रदर्शन में जयनू ठाकुर, कृपा राम गौतम, पंकज वर्मा, जगदीश कश्यप सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सरयू में डूबे बालक का सुराग नहीं, लगाया जाम



बहराइच। सरयू नदी के झिंगहा घाट पर शुक्रवार को डूबे बशीरगंज निवासी शौर्य बाजपेई (12) का तीसरे दिन रविवार को भी पता नहीं चला। नाराज परिजनों और स्थानीय लोगों ने बहराइच-नानपारा मार्ग जाम कर प्रदर्शन किया। इससे दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। शौर्य शुक्रवार दोपहर दो दोस्तों के साथ नदी में नहाने गया था। गहरे पानी में डूबने के बाद पुलिस और स्थानीय गोताखोरों ने तलाश अभियान चलाया, लेकिन सफलता नहीं मिली। रविवार को पिता अर्जुन बाजपेई के नेतृत्व में परिजनों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंचे तहसीलदार महसी विपिन चौरसिया, नगर कोतवाल बृजेंद्र मिश्रा और रामगांव थाना प्रभारी दिवाकर तिवारी ने जल्द तलाश कराने का आश्वासन देकर प्रदर्शनकारियों को शांत कराया। इसके बाद जाम खुला और यातायात बहाल हो गया।

### मेले में स्वास्थ्य शिविर का सीएमओ ने किया निरीक्षण



बलरामपुर। तुलसीपुर स्थित मां पाटेश्वरी देवीपाटन मंदिर परिसर में शारदीय नवरात्र मेले के दौरान स्वास्थ्य विभाग ने श्रद्धालुओं के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाया है। रविवार को सीएमओ डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं और स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता का जायजा लिया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### हत्या के मामले में दो वांछित गिरफ्तार



बाराबंकी। टिकैतनगर पुलिस ने हत्या के मामले में वांछित अरुण कुमार और विजय कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो लकड़ी की पट्टियां और एक लोहे का शब्बल बरामद हुआ है। दोनों को जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, एसपी रवीना त्यागी के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपी टिकैतनगर थाना क्षेत्र के सखौलीपुर मजरे विधानगर के निवासी हैं। पुलिस आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटा रही है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

हैदरगढ़ (बाराबंकी)। लखनऊ-सुल्तानपुर हाईवे पर ग्रामांचल महाविद्यालय कट के पास रविवार रात करीब 8:30 बजे अज्ञात वाहन की टक्कर से लगभग 60 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायल बुजुर्ग को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। पुलिस आसपास के गांवों में बुजुर्ग की तस्वीर भेजकर पहचान कराने का प्रयास कर रही है। साथ ही हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### कलश यात्रा के दौरान नदी में डूबा युवक, मौत

बहराइच। हुजूरपुर थाना क्षेत्र के कटका घाट पर रविवार को कलश यात्रा के दौरान नदी में डूबने से मनोज शर्मा (19) की मौत हो गई। करीब तीन घंटे की तलाश के बाद गोताखोरों ने उसका शव बरामद किया। कैसरगंज थाना क्षेत्र के विजयपुर निवासी मनोज दुर्गा पूजा के लिए निकाली गई कलश यात्रा में शामिल था। कटका घाट पर जल भरते समय वह नदी में डूब गया। लोगों ने बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी। हादसे से परिवार में कोहराम मच गया।

## शिक्षक एमएलसी चुनाव के लिए भाजपा ने तेज की तैयारी

समृद्धि न्यूज, बहराइच।



गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक एमएलसी चुनाव को लेकर भाजपा ने तैयारियां तेज कर दी हैं। रविवार को जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय की अध्यक्षता में संगठनात्मक बैठक हुई। इसमें पूर्व प्रदेश महामंत्री एवं एमएलसी सुभाष यदुवंश मुख्य अतिथि रहे।

सुभाष यदुवंश ने कार्यकर्ताओं से शिक्षक मतदाताओं से सीधा संपर्क स्थापित करने और बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार शिक्षकों के सम्मान, अधिकारों और समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय ने चुनावी तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी शिक्षण संस्थानों तक पहुंच बनाने और पात्र शिक्षक मतदाताओं के नाम सूची में जुड़वाने के निर्देश दिए। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय और शंकर दयाल पाण्डेय ने भी शिक्षकों से व्यक्तिगत संवाद स्थापित कर सरकार की नीतियों की जानकारी देने पर जोर दिया। बैठक में विधायक सुभाष त्रिपाठी, राम निवास वर्मा, रणविजय सिंह, सुनील वर्मा सहित पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पुलिया के इंतजार में बचपन, उफनते नाले में जिंदगी दांव पर

समृद्धि न्यूज, मिहींपुरवा, बहराइच।

ग्राम पंचायत खड़िया में प्राथमिक विद्यालय जाने वाले नौनिहालों की तस्वीर व्यवस्था के दावों को आईना दिखा रही है। जंगल और नाले के बीच से होकर विद्यालय पहुंचने वाले बच्चों की सुरक्षा वर्षों से सवालों के घेरे में है। बारिश के दिनों में यही नाला बच्चों के लिए जानलेवा चुनौती बन जाता है। बताया जाता है कि करीब दो वर्ष पहले विधायकी सरोज सोनकर और उनके प्रतिनिधि आलोक जिंदल को मौके पर ले जाकर ग्रामीणों ने पुलिया निर्माण की समस्या दिखाई थी। बावजूद इसके आज तक समाधान नहीं हुआ। बुधवार को तेज बारिश और हवा के बीच नाला उफान पर था। छुट्टी के बाद बच्चों को पार कराने के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य और ग्रामीणों को मोर्चा संभालना पड़ा। इसी



राधिका देवी ज्योतिष पासवान सरोज कोरी अमरजीत पासवान

▸ जंगल-नाले के बीच से होकर विद्यालय पहुंचने को मजबूर बच्चे

दौरान एक बच्चे का हाथ छूट गया और वह तेज बहाव में बहने लगा। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह उसे संभाला, जिससे बड़ा हादसा टल गया। तस्वीरें साफ बता रही हैं कि नौनिहालों को शिक्षा पाने के लिए जोखिम का रास्ता तय करना पड़ रहा है।

सवाल सीधा है–क्या जिम्मेदारों को पुलिया बनाने के लिए किसी बच्चे के साथ अनहोनी का इंतजार है? ग्रामीणों ने विधायक सरोज सोनकर और प्रशासन से तत्काल पुलिया निर्माण की मांग की है, ताकि अगली बारिश में किसी मासूम की जिंदगी खतरे में न पड़े। राधिका देवी ने बताया कि गांव के नौनिहाल जान जोखिम में डालकर जंगल और नाले से घिरे रास्ते से स्कूल जाते हैं। अधिकारियों को कई बार सूचना देने के बावजूद समस्या जस की तस है। उन्होंने सवाल उठाया कि बलहा विधायक सरोज सोनकर के पांच वर्ष के कार्यकाल में गांव तक पहुंचने और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस पहल क्यों नहीं हुई?

### जिम्मेदारों की आंखों पर पट्टी!

ज्योतिष पासवान के चार बच्चों को पढ़ने के लिए रोज एक किलोमीटर जंगल के किनारे से गुजरना पड़ता है। रास्ते में नाला और बारिश में ठप आवागमन उनकी पढ़ाई चौपट कर देता है। अधिकारियों को कई बार सूचना देने के बावजूद कार्रवाई शून्य है। सवाल है, क्या प्रशासन किसी हादसे के बाद ही जागेगा?

### रास्ते को तरसे 325 ग्रामीण!

नवच्छेद कोरी ने बताया कि खड़िया के दोनों बूथों पर विधानसभा और लोकसभा चुनाव में भाजपा को जीत मिलती रही, लेकिन करीब 75 परिवारों के 325 लोगों को आज तक रास्ता नसीब नहीं हुआ। खड़िया के मजरा गोंडापुरवा की बदहाली सिस्टम के विकास के दावों पर सवाल खड़े करती है। अमरजीत पासवान के मुताबिक, गांव के पांच बच्चे देश की सरहद पर तैनात हैं, लेकिन उनके गांव के नौनिहालों को प्राथमिक विद्यालय पहुंचने के लिए आज भी सुरक्षित रास्ता नहीं मिला। खड़इजा हो, पुलिया नहीं। बेटियों की शादी में ग्रामीण खुद मिट्टी डालकर रास्ता बनाते हैं।

## आधा दर्जन पूजा समितियों ने निकाली भव्य झांकियां

समृद्धि न्यूज, हैदरगढ़ बाराबंकी।

शारदीय नवरात्र के तहत कस्बा की आधा दर्जन पूजा समितियों द्वारा आयोजित किए जाने वाले दुर्गा पूजा महोत्सव के लिए रविवार को नगर के मुख्य मार्गों से झांकियां, बैण्ड बाजो, डीजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश पूजन के बाद इन कलशों को महोत्सव स्थल पर ले जाकर पुन स्थापित कर दिया गया।

शाम 3 बजे विजई हनुमान मंदिर, एलआईसी कार्यालय, सुबेहा तिराहा, सब्जी मंडी एवं ठाकुरद्वारा वार्ड की पूजा समितियो द्वारा कलश यात्रा निकाले के पहले वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलशो का पूजन किया गया। सुबेहा तिराहे से निकली यह कलश यात्रा सबसे पहले शीतला माता मंदिर पहुंची, जहां पर सगरा से कलश में जल भरने के बाद यात्रा हैदरगढ़



रायबरेली मार्ग पर स्थित तिपुला नहर व बाबा प्रेमदास कुटी पर पहुंची जहां पर विधिवत पूंजन के बाद कलशो में जल भरकर वापस महोत्सव स्थलों पर ले जाकर स्थापित कर दिया गया। इस अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस के जवान शोभा यात्रा के साथ चल रहे थे।

कलश यात्रा में पूर्व शिक्षाधिकारी एमपी अवस्थी, चेयरमैन आलोक तिवारी, कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू भैया, प्रथमेश मिश्रा राहुल सिंह चौहान जगत नारायण यज्ञ सैनी योगेश द्विवेदी, शादाब खान, हनुमान प्रसाद विश्वकर्मा, नीलूमिश्रा, महेश वैश्य, डब्बू अवस्थी, पूर्व प्रधान कुसुमेश चंद्र मिश्रा, पूजा समिति के रामकृष्ण वैश्य, राकेश गुप्ता, ज्ञानू मिश्रा, सोनू, पप्पू यज्ञ सैनी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।

### कलश यात्रा के साथ स्थापित की गई दुर्गा की प्रतिमा

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के बरौलिया गांव में स्थित महाभारत कालीन पारिजात वृक्ष धाम परिसर में शारदीय नवरात्र के पहले दिन मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई। नवरात्र के शुभारंभ पर मंदिर समिति और ग्रामीणों ने खास कार्यक्रम किया रविवार सुबह एक कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें



गांव की सैकड़ों महिलाएं, युवतियां और पुरुष बड़ी संख्या में शामिल हुए। सिर पर कलश लिए श्रद्धालु गाजे-बाजे और जय माता दी के जयकारों के साथ सरयू नदी तट तक पहुंचे। वहां मंत्रों के साथ कलश में जल भरा गया। इसके बाद यात्रा वापस पारिजात धाम परिसर लौटी। धाम पहुंचकर पंडितों ने पूजा-अर्चना कर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की इस स्थापना के साथ ही दुर्गा पूजा महोत्सव शुरू हो गया। इस दौरान पूरा परिसर भक्ति के माहौल में डूब गया और श्रद्धालुओं में काफी उत्साह दिखा। आयोजन समिति ने बताया कि नवरात्र भर रोज मां की आरती, भजन-कीर्तन और प्रसाद बांटा जाएगा। इस मौके पर जयप्रकाश वर्मा, इंद्रेश वर्मा, चंद्रेश वर्मा, रामानंद वर्मा, मोनू वर्मा समेत सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

## निडजैम के लिए 13 खिलाड़ी चयनित



समृद्धि न्यूज, बहराइच।

20वीं राष्ट्रीय अंतर-जिला जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता (निडजैम) के लिए बहराइच के 13 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन की ओर से इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित ट्रायल में खिलाड़ियों के प्रदर्शन और दस्तावेजों की जांच के बाद चयन किया गया।

अंडर-14 बालक वर्ग में राजा, अभिषेक, नैतिक, शुभम, हर्षित और श्यामजी तथा बालिका वर्ग में सानिया चयनित हुईं। अंडर-16 बालक वर्ग में रघुवीर, बॉबी, सौरभ, पंकज, शिवम और अर्नव तथा बालिका वर्ग में कंचन सिंह का चयन हुआ है।

चयनित खिलाड़ी 14 से 16 नवंबर तक हैदराबाद स्थित वोक्सन विश्वविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह जानकारी एसोसिएशन के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह और सचिव अटल सिंह ने दी।

## मंदिर में खोया सोने का लॉकेट पुलिस ने बरामद कर महिला को लौटाया

समृद्धि न्यूज, जैदपुर, बाराबंकी।

नवरात्रि की प्रथम तिथि पर परी माता मंदिर परिसर में मेले की भीड़ के दौरान एक महिला का सोने का लॉकेट खो गया। महिला ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए, कुछ ही समय में लॉकेट बरामद कर उसे सकुशल महिला को सौंप दिया।

जानकारी के अनुसार, थाना लोनीकटरा क्षेत्र की रहने वाली एक महिला नवरात्रि के अवसर पर थाना सतरिख क्षेत्र स्थित परी माता मंदिर में दर्शन करने पहुंची थी। इस दौरान मेला परिसर की भीड़ में उसका सोने का लॉकेट कहीं गिर गया। काफी कीमती लॉकेट खोने से परेशान महिला ने तत्काल पुलिस चौकी मोहद्दीपुर, थाना सतरिख की टीम को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम



सक्रिय हो गई और मेला परिसर में तलाश शुरू कर दी। पुलिसकर्मियों की तत्परता से कुछ ही समय में खोया हुआ लॉकेट बरामद कर लिया गया और उसे महिला के सुपुर्द कर दिया गया।

खोई हुई कीमती वस्तु वापस मिलने पर महिला और उसके परिजनों ने राहत की सांस ली। उन्होंने बाराबंकी पुलिस की संवेदनशीलता, तत्परता और त्वरित सहायता के लिए आभार व्यक्त किया।

## कोयलाबास सीमा चौकी का एडीजी ने किया निरीक्षण



समृद्धि न्यूज, बलरामपुर। गोरखपुर जोन के एडीजी राम कुमार ने रविवार को भारत-नेपाल सीमा स्थित कोयलाबास बॉर्डर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एसएसबी अधिकारियों के साथ बैरियर, जांच चौकियों, आवागमन रजिस्टर और सीसीटीवी कैमरों की जांच की। एडीजी ने सीमा से गुजरने वाले लोगों और वाहनों की सघन जांच करने तथा अवैध तस्करी पर प्रभावी रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने रात में सीमावर्ती क्षेत्रों और पगडंडियों पर गश्त बढ़ाने, स्थानीय पुलिस व एसएसबी के बीच समन्वय मजबूत करने और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल साझा करने पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने तैनात जवानों का उत्साहवर्धन करते हुए सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान तुलसीपुर क्षेत्राधिकारी अभय प्रताप मल्ल, जरवा कोतवाली प्रभारी योगेश प्रताप सिंह सहित पुलिस और एसएसबी के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## लुधियाना काम करने गया युवक लापता, माँ ने पुलिस से लगाई गुहार

समृद्धि न्यूज मसौली, बाराबंकी।

तीन माह पूर्व दोस्त के साथ काम के सिलसिले मे लुधियाना गये 22 वर्षीय युवक का पता न चलने पे युवक माँ ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है।

थाना क्षेत्र के ग्राम बिरजापुरवा निवासी राजकुमारी पत्नी उपेंद्र कुमार ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गत 10 अगस्त को गांव के ही शुभम पुत्र चिंटू ने मेरे पुत्र संदीप कुमार को काम के सिलसिले मे लुधियाना लेकर गया था। 21 सितंबर तक बेटे से फोन पर बात होती रही, उसके बाद से फोन पर बात बन्द हो गया।

शुभम के मोबाइल पर जब बात हुई तो शुभम ने बताया कि संदीप के बारे में हमे कुछ पता नहीं है। तब से लापता



संदीप की माँ बेटे की तलाश मे लगी हुई है लेकिन कुछ पता नही चल रहा है तथा संदीप का मोबाइल लगातार बंद बताया जा रहा है वही पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार संदीप लुधियाना से कोई लड़की को लेकर फरार हो गया है।

## अवैध खनन पर कार्रवाई, बालू लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी



समृद्धि न्यूज, बहराइच।

मिहींपुरवा क्षेत्र में अवैध खनन और बालू के अवैध परिवहन की शिकायत पर एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने कार्रवाई करते हुए बालू लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी। राजस्व टीम ने वाहन को मोतीपुर थाने की पुलिस के सुपुर्द कर दिया। मामले में नियमानुसार कार्रवाई के लिए जिलाधिकारी को रिपोर्ट भेजी गई है। एसडीएम ने अवैध खनन और खनिजों के अनधिकृत परिवहन पर सख्ती बरतने तथा शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में अम्बेडकरनगर अव्वल

समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।



सीएम डैशबोर्ड की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में अम्बेडकरनगर ने विकास एवं राजस्व कार्यों में पहला स्थान हासिल किया है। जिलाधिकारी ईशा प्रिया के नेतृत्व में मिली इस सफलता का श्रेय प्रशासनिक समन्वय, नियमित समीक्षा और प्रभावी निगरानी को दिया गया है।

मुख्य विकास अधिकारी वैभव मिश्रा, एडीएम ज्योत्स्ना बंधु, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अनुपम सिंह समेत विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों का योगदान रहा। डीएम ने सामूहिक प्रयासों की सराहना करते हुए पारदर्शिता, जवाबदेही और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाने पर जोर दिया।

## बालिकाओं को अधिकारों के प्रति किया जागरूक

▸ चार गांवों में किशोरी बैठकें आयोजित
▸ बाल विवाह व लैंगिक भेदभाव पर चर्चा

समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।



अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में जन शिक्षण केंद्र की ओर से जलालपुर ब्लॉक के आजनपारा, टिकरी, सेठकला और कार्मिसिरपुर गांवों में किशोरी बैठकों का आयोजन किया गया। इसमें बालिकाओं को शिक्षा, सुरक्षा, समानता, स्वास्थ्य और कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।

बैठकों में नवरात्रि के संदेश के साथ बालिकाओं के सम्मान और सशक्तिकरण पर जोर दिया गया। किशोरियों को बाल विवाह की रोकथाम, लैंगिक भेदभाव और व्यक्तिगत सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने तथा जरूरत पड़ने पर कानूनी सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया।

बैठकों का सह-सुविधाकरण उर्मिला सरोज, चांदतारा और निशा ने किया। जन शिक्षण केंद्र की सचिव एवं पीएलवी पुष्पा पाल ने कहा कि हर बालिका को शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान और आगे बढ़ने के समान अवसर मिलने चाहिए। बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने के लिए परिवार और समाज को मिलकर प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि बालिकाओं को उनके अधिकारों की जानकारी देकर ही उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाया जा सकता है।

## अकीदत के साथ मनाया सालाना उर्स

समृद्धि न्यूज सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।



ग्राम भैंसुरिया में हजरत शाह एहसान अहमद आगा मियां शाह रहमतुल्लाह अलैह का सालाना कुल उर्स बड़े ही अकीदत व एहतराम के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एआईएमआईएम के प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण श्रीवास्तव उर्फ विकास लाला ने शिरकत की और दरगाह पर चादरपोशी कर मुल्क में अमन-चैन की दुआ मांगी। बताया जाता है कि यहां कई वर्षों से कुल उर्स का आयोजन होता चला आ रहा है। इस मौके पर दूर-दराज से जायरीन ने दरगाह पर पहुंचकर चादरपोशी की। उर्स के दौरान लंगर और फातिहा ख्वानी का भी आयोजन किया गया।

इस अवसर पर पप्पू अंसारी, हाफिज तालिब, अतीक भाई, महबूब सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग व बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# 45 लाख बच्चों को नहीं मिल पा रहे डेस्क-बेंच



- बजट के बावजूद खरीद प्रक्रिया धीमी
- 46 हजार से ज्यादा स्कूलों में फर्नीचर की कमी
- 1000 करोड़ बजट, फिर भी खरीद प्रक्रिया धीमी

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

सर्दी की दस्तक के साथ परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले लाखों बच्चों की मुश्किलें फिर बढ़ने वाली हैं। ऑपरेशन कायाकल्प के तहत स्कूलों की सूरत बदलने के दावों के बीच प्रदेश के 46 हजार से अधिक विद्यालयों में बच्चे आज भी टाट-पट्टी पर बैठकर पढ़ने को मजबूर हैं।

करीब 45 लाख से अधिक बच्चों को डेस्क-बेंच नसीब नहीं हैं। हैरानी यह है कि इस सत्र में सभी बच्चों को फर्नीचर उपलब्ध कराने का दावा किया जा रहा है, लेकिन इसके लिए करीब एक हजार करोड़ रुपये का बजट आवंटित होने के बावजूद खरीद प्रक्रिया अपेक्षित गति नहीं पकड़ सकी है। ऐसे में सवाल है कि जब बजट और योजना दोनों मौजूद हैं, तो बच्चों को बुनियादी सुविधा के लिए इंतजार क्यों करना पड़ रहा है?

प्रदेश में 1,32,735 परिषदीय विद्यालय हैं। ऑपरेशन कायाकल्प के तहत इनमें बुनियादी सुविधाएं विकसित करने पर जोर दिया गया है, लेकिन बैठने के लिए फर्नीचर की व्यवस्था अब भी अधूरी है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, करीब 65 प्रतिशत विद्यालयों में ही फर्नीचर की व्यवस्था हो सकी है। उच्च प्राथमिक विद्यालयों की स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर है, जबकि प्राथमिक विद्यालयों में सबसे अधिक बच्चे इस कमी से जूझ रहे हैं। बहराइच, बाराबंकी, लखीमपुर खीरी और अयोध्या समेत कई जिलों के विद्यालयों में डेस्क-बेंच की कमी बनी हुई है। लखनऊ, गोरखपुर और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में स्थिति तुलनात्मक रूप से बेहतर है। डेस्क-बेंच के अभाव में बच्चों को जमीन पर बैठकर लिखना-पढ़ना पड़ता है। इससे उन्हें असुविधा होती है और लंबे समय तक झुककर बैठने से पीठ व गर्दन में परेशानी और थकान हो सकती है। सर्दियों में जमीन पर बैठना उनकी मुश्किलें और बढ़ा सकता है।

### खरीद की व्यवस्था बदलने में उलझी प्रक्रिया

फर्नीचर खरीदने के लिए समग्र शिक्षा परियोजना निदेशालय ने करीब एक हजार करोड़ रुपये का बजट आवंटित है। खरीद जेम पोर्टल के माध्यम से की जानी है और गुणवत्ता की निगरानी जिलाधिकारी की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय समिति को करनी है। कुछ जिलों में कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत भी फर्नीचर उपलब्ध कराया गया है। इसके बावजूद बड़ी संख्या में विद्यालयों तक सुविधा नहीं पहुंच पाई है। पहले फर्नीचर खरीद की केंद्रीयकृत व्यवस्था थी, जिसे बाद में बदलकर जिलों के स्तर पर खरीद करने की व्यवस्था बनाई गई, लेकिन अभी खरीद प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई है।

# जेपी के आदर्शों का सम्मान करें अखिलेश यादव : ब्रजेश

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर रविवार को उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके संघर्ष, विचारों और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समर्पण को याद किया। इस अवसर पर उन्होंने समाजवादी पार्टी और उसके राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए जेपीएनआईसी के नाम पर कथित भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को लेकर जवाबदेही तय करने की मांग की।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण समाजवादी विचारधारा, लोकतांत्रिक मूल्यों और भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष के प्रतीक रहे हैं। उनके नाम का राजनीतिक लाभ उठाने वालों को उनके आदर्शों और सिद्धांतों का भी सम्मान करना चाहिए। उन्होंने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से सवाल करते हुए कहा कि जेपीएनआईसी के नाम पर हुए कथित भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को लेकर वे जनता को क्या जवाब देंगे? क्या लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी का नाम केवल राजनीतिक स्वार्थ साधने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा? श्री पाठक ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि महान जननायक जयप्रकाश नारायण के नाम का सहारा लेकर राजनीतिक जवाबदेही से बचने का प्रयास किया जा रहा है। जनता यह जानना चाहती है कि समाजवाद के नाम पर परिवारवाद और भ्रष्टाचार को संरक्षण देने की राजनीति आखिर कब तक चलेगी। उन्होंने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी का संपूर्ण जीवन सत्ता और स्वार्थ की राजनीति के बजाय सिद्धांतों, नैतिक शुचिता और जनहित के प्रति समर्पण का संदेश देता है। उनके विचार आज भी लोकतंत्र को मजबूत बनाने और सार्वजनिक जीवन में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने की प्रेरणा देते हैं।

## खबरें एक नजर में

### विग्रह पूजन के साथ आरंभ हुआ भव्य रामोत्सव



**लखनऊ।** नवरात्रि पर्व के प्रथम दिवस पर श्री रामलीला समिति ऐशबाग के रामोत्सव 2026 का प्रारंभ कलश पूजन एवं प्रभु श्री राम जी, माता सीता, लक्ष्मण जी, भरत जी, शत्रुघ्न जी एवं हनुमान जी के विग्रह पूजन के साथ किया गया जिसे समिति के व्यवस्था प्रमुख शील कुमार अग्रवाल द्वारा किया गया। सभी पूजन विधिविधान के साथ पंडित ललित मिश्र के द्वारा संपन्न कराए गए। इसके पश्चात मनोज तिवारी एवं उनके साथियों द्वारा संगीतमय सुंदारकांड के पाठ का आयोजन किया गया। रामोत्सव 2026 के सांस्कृतिक मंच का शुभारंभ मुख्यमंत्री के निजी सलाहकार अवनीश अवस्थी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष हरीशचन्द्र अग्रवाल के साथ मंत्री ऋतुराज रस्तोगी, कोषाध्यक्ष शुभम अग्रवाल (प्रथम), उपाध्यक्ष शुभम अग्रवाल (द्वतिय) समेत अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

### कार हटाने को कहने पर दरोगा की पिटाई, वर्दी फाड़ी

**लखनऊ।** चौक क्षेत्र के फव्वारा चौराहे पर कार हटाने को कहने पर तीन युवकों ने दरोगा भूपेंद्र सिंह की पिटाई कर दी। आरोपियों ने उनकी वर्दी फाड़ दी और नेमप्लेट तोड़ दी। बीच-बचाव करने पहुंचे राहगीरों को भी धमकाया। पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी फरार हो गए। दरोगा भूपेंद्र सिंह के मुताबिक, शुक्रवार रात सड़क पर गलत तरीके से खड़ी कार से जाम लग रहा था। उन्होंने चालान ऐप से नंबर लेकर कार मालिक को फोन किया और गाड़ी हटाने को कहा। आरोप है कि इसके बाद ताहा हुसैन मौके पर पहुंचा और अपने साथी सलमान व हजला सलमान के साथ मिलकर दरोगा से मारपीट की। दरोगा ने बताया कि एक आपराधिक मामले में ताहा के खिलाफ पहले चार्जशीट दाखिल की गई थी, जिससे वह नाराज था। दरोगा की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। चौक इंस्पेक्टर नागेश उपाध्याय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### अम्बेडकर राष्ट्रीय एकता मंच संगठन मजबूत करने पर जोर

**लखनऊ।** डा. अम्बेडकर राष्ट्रीय एकता मंच की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक रविवार को हजरतगंज स्थित उद्यान भवन में हुई। इसमें संगठन के विस्तार, सामाजिक न्याय, संवैधानिक अधिकारों और वंचित वर्गों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। राष्ट्रीय संरक्षक एवं पूर्व पीसीएस अधिकारी राम बहादुर ने बुद्ध वंदना कराई और संगठन में एकता व अनुशासन बनाए रखने पर जोर दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष भवन नाथ पासवान ने कहा कि मंच को प्रदेश के हर जिले, तहसील, ब्लॉक और गांव तक मजबूत किया जाएगा। उन्होंने पदाधिकारियों से नए लोगों को जोड़ने और समानता, स्वतंत्रता, बंधुत्व व न्याय के संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करने का आह्वान किया।

### यज्ञ विध्वंस की लीला ने बांधा समा

**लखनऊ।** श्री मौसमगंज रामलीला एवं नाट्य समिति, डालीगंज के 147वें वार्षिकोत्सव के अंतर्गत रामलीला के तीसरे दिन यज्ञ विध्वंस, विश्वामित्र आगमन, ताड़का वध तथा मारीच-सुबाहु वध की लीलाओं का मंचन किया गया। कलाकारों ने रामायण के प्रसंगों को जीवंत रूप में प्रस्तुत कर दर्शकों को भावविभोर किया। मंचन में महर्षि विश्वामित्र के अयोध्या आगमन और राजा दशरथ से भगवान श्रीराम एवं लक्ष्मण को यज्ञ की रक्षा के लिए साथ ले जाने का प्रसंग दिखाया गया। इसके बाद भगवान श्रीराम द्वारा ताड़का वध और यज्ञ में विघ्न डालने वाले राक्षसों के संहार की लीला का मंचन हुआ। इन प्रसंगों के माध्यम से धर्म की रक्षा और अधर्म पर विजय का संदेश दिया गया। समिति के अध्यक्ष घनश्याम दास अग्रवाल ने बताया कि श्री मौसमगंज रामलीला एवं नाट्य समिति इस वर्ष अपना 147वां वार्षिकोत्सव मना रही है।

### अग्रसेन जयंती महोत्सव का समापन

**लखनऊ।** श्री अग्रवाल सभा लखनऊ द्वारा आयोजित चार दिवसीय महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव का समापन रविवार को मोतीनगर स्थित अग्रवाल शिक्षा संस्थान में हवन-पूजन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ। सुबह मुख्य संयोजक गोविंद कृष्ण अग्रवाल (पप्पू बोरा) की अगुवाई में हवन-पूजन हुआ। बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने महाराजा अग्रसेन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम में मेधावी छात्रों का सम्मान किया गया। अग्रवाल समाज द्वारा संचालित शिक्षण संस्थानों के बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। मुख्य संयोजक गोविंद कृष्ण अग्रवाल (पप्पू बोरा) ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत महाराजा अग्रसेन के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। मुख्य अतिथि बीबीडी ग्रुप के अध्यक्ष विराज सागर दास और विशिष्ट अतिथि डॉ. दीपक अग्रवाल रहे। इस अवसर पर संरक्षक राजेंद्र अग्रवाल, लोकराम अग्रवाल, भारत भूषण गुप्ता, त्रिलोक चंद, जीएन शुक्ला, राजेश चंद्र अग्रवाल, असित अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

# धर्मेंद्र कश्यप की अखिलेश से मुलाकात, सपा में जाने के संकेत



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले नेता सुरक्षित ठिकानों की तलाश में लग गये हैं। नेताओं के पाला बदलने का कार्यक्रम भी शुरू हो गया है। मथुरा के मांट से आठ बार के विधायक रहे श्याम सुंदर शर्मा के नई दिल्ली में कांग्रेस में वापसी के बाद अब बारी बरेली के आंवला से भाजपा के सांसद रहे धर्मेंद्र कश्यप की है।

उत्तर प्रदेश की राजनीति में नये घटनाक्रम के तहत आंवला से भाजपा के पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप ने रविवार को लखनऊ में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात की। इस दौरान पूर्व सांसद की बेटी कीर्ति और बरेली के सपा नेता भी मौजूद रहे। इस मुलाकात की तस्वीर सामने आने पर धर्मेंद्र कश्यप के सपा में शामिल होने की अटकलें तेज हो गई हैं। भाजपा से इस्तीफा देने वाले धर्मेंद्र कश्यप 18 अक्टूबर को समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं। उनके सपा में शामिल होने की आधिकारिक पुष्टि होना अभी बाकी है।

### जेपीएनआईसी की स्थिति पर अखिलेश ने सरकार को घेरा



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर गोमतीनगर स्थित जेपीएनआईसी पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र की स्थिति को लेकर प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि इसे पैसों की खातिर बेच दिया गया। अखिलेश ने कहा कि जेपी नारायण हमेशा वंचितों के अधिकारों के लिए खड़े रहे। उन्होंने 2027 के विधानसभा चुनाव में सत्ता परिवर्तन का दावा करते हुए भाजपा और चुनाव आयोग की भूमिका पर भी सवाल उठाए। अखिलेश के पहुंचने से पहले जेपीएनआईसी के मुख्य गेट को टीन की चादरों से ढक दिया गया था। परिसर के आसपास बैरिकेडिंग के साथ पुलिस और पीएसी के जवान तैनात रहे।

# पुलिस ने महिलाओं को किया जागरूक



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस उपायुक्त पश्चिमी ने महिलाओं को सुरक्षा, अधिकारों और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण संबंधी बुकलेट वितरित कर हेल्पलाइन नंबरों के प्रति जागरूक किया गया।

महिलाओं को महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन पुलिस सेवा 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 और एंबुलेंस सेवा 108 व 102 की जानकारी दी गई। पुलिस उपायुक्त ने उत्पीड़न या किसी समस्या की स्थिति में बिना संकोच पुलिस से संपर्क करने की अपील की।

# राष्ट्रीय पुस्तक मेले में बिकीं एक करोड़ से ज्यादा की किताबें



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

पुस्तक प्रेमियों, लेखकों और प्रकाशकों को एक मंच पर लाने वाला 23वां राष्ट्रीय पुस्तक मेला आज अगले वर्ष के लिए विदा ले गया। बलरामपुर गार्डन में पहली अक्टूबर से जारी मेले में किताबों की बिक्री अंतिम एक करोड़ राशि का आंकड़ा पार कर गयी।

ग्यारहवें दिन भी मेले में पुस्तक प्रेमियों का उत्साह चरम पर रहा, जहाँ हजारों की संख्या में पुस्तक प्रेमियों ने किताबों की खरीदारी की और विविध आयोजनों में हिस्सा लिया। समापन समारोह में संयोजक मनोज सिंह चंदेल, आकर्ष चंदेल ने स्टाल धारकों और मेला सहयोगियों को स्मृतिचिन्ह प्रदान किये। इस वर्ष मेले में प्रभात, वाणी, नवपल्लव, फ्लाईड्रीम्स, राजपाल, राजकमल, सस्ता साहित्य मंडल, ज्ञानपीठ सहित देश के 56 से अधिक प्रमुख प्रकाशकों व वितरकों ने हिस्सा लिया। मनोज सिंह चंदेल ने कहा कि इस बार मेले में पिछले वर्षों की तुलना में अधिक भीड़ उमड़ी। उसमें भी युवाओं की संख्या ज्यादा रही।यह दर्शाता है कि डिजिटल युग में भी किताबों के प्रति लोगों का प्रेम बरकरार है। स्टालधारक अशोक शुक्ल ने मेले का अच्छा अनुभव बताते हुए कहा कि ये मेला गोमती बुक फेयर के 10 दिन बाद था। बेहतर होता अगर तीन महीने का अंतर होता। बुलंदशहर से दो बार इस मेले में आये पुस्तक प्रेमी रजत विवेक ने कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को पढ़ने की संस्कृति से जोड़ते हैं।

क्रियेटर लाउंज में आज शाम म्यूजिक एलबम तू मेरी धड़कन की लान्चिंग के अवसर पर युवा अभिनेता राहुल की अभिनय प्रतिभा और स्क्रीन प्रेजेंस देखने को मिली। मुंबई में 80-90 के दशक के चर्चित टाप माडल आदिल आबिदी ने एलबम लान्च किया। इस मौके पर अभिनेता राहुल ने कहा, तू मेरी धड़कन मेरे लिए एक खास प्रोजेक्ट है। इस एलबम के जरिए मुझे कुछ अलग करने और अपनी अभिनय प्रतिभा को नए अंदाज में प्रस्तुत करने का मौका मिला है।

# 60 साल की उम्र तक काम कर सकेंगे पावर कॉरपोरेशन के आउटसोर्सकर्मी

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



पावर कॉरपोरेशन और संविदा कर्मचारी संगठन के बीच बातचीत में तय हुआ कि बेहतर स्वास्थ्य और फिटनेस वाले आउटसोर्स कर्मचारी 60 वर्ष तक सेवाएं दे सकेंगे। 55 वर्ष पूरे होने पर उन्हें एजेंसी को फिटनेस प्रमाणपत्र देना होगा। हटाए गए कर्मचारियों को तभी दोबारा काम पर रखने पर विचार होगा, जब उनके पिछले रिकॉर्ड में कदाचार या शिकायत न हो। संगठन ने कॉरपोरेशन के राजस्व और व्यवस्था संबंधी लक्ष्यों में सहयोग का आश्वासन दिया।

विभिन्न ऊर्जा निगमों में काम कर रहे आउटसोर्स कर्मचारी अगर फिट रहते हैं तो वह 60 साल तक अपनी सेवाएं दे सकेंगे। वहीं, छांटे गए संविदा कर्मचारियों की सेवाएं अगर बेदाग रहेंगी तो उन्हें दोबारा नौकरी में लिया जाएगा। पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन और संविदा कर्मचारियों के संगठन के बीच हुई बातचीत के आधार पर इसकी सहमति बनी है।

पावर कॉरपोरेशन अध्यक्ष रणवीर प्रसाद और आउटसोर्स कर्मचारियों के प्रतिनिधि संगठन के बीच कई मसलों पर बातचीत हुई। कई अहम मसलों पर फैसला हुआ। कर्मचारी संगठन ने प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन खत्म करके कॉरपोरेशन के राजस्व लक्ष्यों व व्यवस्था में सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में फैसला लिया गया है कि अगर आउटसोर्स कर्मचारियों का स्वास्थ्य और शारीरिक फिटनेस बेहतर रही तो वे 60 साल तक सेवाएं दे सकेंगे।

55 साल की उम्र पूरी करने के बाद उन्हें अपनी फिटनेस के संबंध में संबंधित आउटसोर्स कंपनी को प्रमाणपत्र देना होगा। साथ ही कर्मचारियों को यह घोषित करना होगा कि वे कार्य करने में सक्षम व इच्छुक हैं।

एजेंसी द्वारा कॉरपोरेशन को ऐसे कर्मचारियों की जानकारी उपलब्ध कराए जाने के बाद उन्हें काम पर रखने में प्राथमिकता दी जाएगी। इस फैसले पर अमल के लिए कॉरपोरेशन आउटसोर्स एजेंसियों के अनुबंध में जरूरी संशोधन करेगा।

# सीपीआर देकर सिपाही ने बचाई वृद्ध की जान

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



महानगर के रहीमनगर में रविवार दोपहर सब्जी लेने आए वृद्ध अनिल कुमार एकाएक बीच सड़क गश खाकर गिर पड़े। यह देख सिपाही संदीप यादव भाग कर पहुंचे। उन्होंने आनन फानन में सीपीआर देकर उनकी जान बचाई और अस्पताल भेजकर परिवारीजनों को सूचना दी।

सिपाही की तत्परता से वृद्ध की जान बच गई। वृद्ध के बेटे और परिवारीजनों ने हाथ जोड़कर संदीप का आभार व्यक्त किया। इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश मिश्रा के मुताबिक, अनिल कुमार महानगर सेक्टर-सी में रहते हैं। दोपहर वह सब्जी लेने रहीमनगर आए थे। आलू खरीदकर वह जैसे आगे बढ़े। इस बीच एकाएक सीने में तेज दर्द हुआ। वह गश खाकर सड़क पर गिर पड़े। यह देख रहीमनगर पुलिस चौकी में तैनात सिपाही संदीप दौड़कर उनके पास पहुंचे। उन्होंने अनिल को सीपीआर देना शुरू किया। करीब डेढ़ से दो मिनट तक सीपीआर देकर कड़ी मशक्कत से उनकी जान बचाई। घटना से मौके पर भीड़ जुट गई। एक राहगीर पानी लेकर दौड़ा उसने पानी पिलाया। हालत सुधरने पर आनन फानन में अस्पताल भेजा। अनिल के परिवारीजनों को सूचना दे दी गई है। सिपाही संदीप की सूझबूझ और सक्रियता से अनिल की जान बच गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने अनिल की सराहना की। सिपाही का सीपीआर देते एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। लोगों ने संदीप और लखनऊ पुलिस खूब प्रशंसा की।

### रामकृष्ण मठ में 'महिषासुर मर्दिनी' लीलागीति का मंचन



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** निराला नगर स्थित रामकृष्ण मठ में रविवार शाम मां दुर्गा की महिषासुर पर विजय को दर्शाती लीलागीति 'महिषासुर मर्दिनी' का आयोजन किया गया। प्रसिद्ध गायक व संगीतकार अनिमेष मुखर्जी के निर्देशन में 10 स्थानीय कलाकारों ने संगीतमय प्रस्तुति दी। कार्यक्रम रामकृष्ण मठ के अध्यक्ष स्वामी मुक्तिनाथानन्दजी महाराज की आध्यात्मिक प्रेरणा से आयोजित हुआ। इसमें लखनऊ सहित दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का रामकृष्ण मठ लखनऊ के यूट्यूब चैनल पर सीधा प्रसारण भी किया गया।

**आह्वान** — असीम अरुण ने सफल अभ्यर्थियों से समाजसेवा की अपील की

# सफल अभ्यर्थी अब बनेंगे भावी अधिकारियों के मार्गदर्शक

- विभाग की कोचिंग संस्थानों से यूपीपीएससी में 74 अभ्यर्थियों का चयन

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

भागीदारी भवन में पहली एल्यूमिनाई मीट में समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने सफल अभ्यर्थियों से अपने अनुभव और ज्ञान साझा करने तथा समाज को लौटाने का आह्वान किया। इस वर्ष विभाग की कोचिंग संस्थानों से यूपीपीएससी में 74 अभ्यर्थियों का चयन हुआ।

चयनित अधिकारियों को मेंटरशिप, मॉक इंटरव्यू और डिजिटल संसाधनों के जरिए युवाओं का मार्गदर्शन करने के लिए प्रेरित किया गया।

समाज कल्याण विभाग की कोचिंग संस्थानों से पढ़कर से निकले अभ्यर्थियों ने अपने अनुभव साझा किया। बताया कि कैसे कोचिंग संस्थान से उन्हें मदद मिली। भागीदारी भवन में आयोजित एल्यूमिनाई मीट में समाज कल्याण मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने अभ्यर्थियो से अपने अनुभव तथा ज्ञान साझा करने का आह्वान किया।

इस वर्ष समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित कोचिंग संस्थानों से यूपीपीएससी में 74 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। यह उपलब्धि विभाग की तैयारी संबंधी व्यवस्थाओं और विद्यार्थियों के परिश्रम को दर्शाती है।



मंत्री असीम अरुण ने कहा कि भागीदारी भवन से सफलता हासिल करना कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। वास्तविक सफलता तभी सार्थक होती है, जब उससे समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव आए।

उन्होंने सफल अभ्यर्थियों से 'गिव बैक टू सोसाइटी' की भावना के साथ आगे आने की अपील की। उन्होंने कहा कि चयनित अधिकारी वर्तमान विद्यार्थियों को नियमित मार्गदर्शन दें और अपनी तैयारी के अनुभव साझा करें, ताकि अधिक से अधिक युवा प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल कर सकें। चयनित अभ्यर्थियों को ऑनलाइन और ऑफलाइन मेंटरशिप सत्र आयोजित करने, मॉक इंटरव्यू कराने तथा अध्ययन सामग्री और परीक्षा रणनीति से जुड़ी जानकारी साझा करने के लिए प्रेरित किया गया। दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले प्रतिभाशाली युवाओं तक गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन पहुंचाने के लिए ऑनलाइन कक्षाओं, वीडियो रिकॉर्डिंग और डिजिटल संसाधनों के माध्यम से निरंतर 'चेन रिएक्शन' व्यवस्था विकसित करने पर जोर दिया गया।

मंत्री ने प्रशासनिक सेवाओं में कार्यरत अधिकारियों से वंचित, ग्रामीण और जरूरतमंद वर्गों की समस्याओं को संवेदनशीलता से समझने तथा निष्पक्षता, पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ दायित्व निभाने की अपेक्षा की। इस दौरान समाज कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग यादव, एडिशनल एसपी संजय सागर, उप निदेशक आनंद कुमार सिंह, जॉइंट कमिश्नर (राज्य कर) सुरेंद्र सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी पवन कुमार यादव और शैलेश राम आदि अधिकारी, शिक्षक एवं अभ्यर्थी उपस्थित रहे।

### कला शिविर में भाग लेंगे लखनऊ के भूपेंद्र अस्थाना



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** ईस्टर्न फाउंडेशन ऑफ आर्ट एंड कल्चर की ओर से विद्या ज्ञान, सीतापुर के सहयोग से 15 से 17 अक्टूबर तक 10वीं अखिल भारतीय वार्षिक कला प्रदर्शनी एवं कला शिविर आयोजित किया जाएगा। इसमें देश के विभिन्न शहरों के 15 कलाकार भाग लेंगे। शिविर में लखनऊ के चित्रकार एवं कला समीक्षक भूपेंद्र कुमार अस्थाना सहित देशभर के कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शनी में भारतीय कला की विविध शैलियों और रचनात्मक अभिव्यक्तियों को प्रस्तुत किया जाएगा। इसमें जोधपुर, बालासोर, नई दिल्ली, चंडीगढ़, भोपाल, रांची, लखनऊ, सीतापुर और वाराणसी सहित विभिन्न शहरों के कलाकार शामिल होंगे।

# भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष घोषित

- लखनऊ महानगर की कमान कुंदन सिंह को
- जिले की अभिषेक रावत को

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

भाजपा ने रविवार को अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्षों की घोषणा की। अवध क्षेत्र में लखनऊ महानगर की जिम्मेदारी कुंदन सिंह गौतम और लखनऊ जिले की कमान अभिषेक रावत को सौंपी गई है।

अयोध्या महानगर में अभिषेक सागर और जिले में सियाराम रावत, रायबरेली में राम बरन रावत, उन्नाव में प्रदीप कुमार राजपूत, सीतापुर में रामकिशोर कनौजिया, लखीमपुर में प्रमोद चौधरी, हरदोई में रवि वाल्मीकि, बाराबंकी में मनोज कुमार कुरील और बहराइच में संजय राव को जिलाध्यक्ष बनाया गया है।

कानपुर क्षेत्र में कानपुर उत्तर से विजय वाल्मीकि, दक्षिण से जय नारायण कुरील और ग्रामीण क्षेत्र से राजेश कोरी को जिम्मेदारी मिली है। काशी क्षेत्र में वाराणसी महानगर से मनोज सोनकर और प्रयागराज महानगर से संजय पासवान को अध्यक्ष बनाया गया है।

गोरखपुर क्षेत्र में गोरखपुर महानगर से राजेश कुमार और जिले से संजीव पासवान को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा विभिन्न जिलों में भी नए अध्यक्ष घोषित किए गए हैं। नियुक्तियां प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की अनुमति से की गई हैं।

जन्मदिन की खुशियां मातम में बदलीं

# सड़क हादसे में सिपाही अंकित की मौत

## शनिवार को था जन्मदिन, देर रात कार दुर्घटना में गई जान, हादसे की परिस्थितियों को लेकर उठ रहे सवाल

समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।

जिस बेटे के जन्मदिन पर परिवार में खुशियां मनाई जा रही थीं, अगले ही दिन उसकी मौत की खबर ने घर में मातम पसार दिया। रोजा थाने में तैनात कांस्टेबल अंकित की शनिवार देर रात सड़क हादसे में मौत हो गई। महाराणा प्रताप पार्क के पास उनकी निजी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। गंभीर रूप से घायल अंकित को पुलिस राजकीय मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंची, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जवान बेटे की मौत की खबर सुनकर पहुंचे माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पोस्टमार्टम हाउस में बेटे का शव देखकर पिता की आंखों से आंसू छलक पड़े, जबकि मां राजरानी बेटे को निहारती रहीं और उनके आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे। मुजफ्फरनगर निवासी कांस्टेबल अंकित की रोजा थाने में 24 जून 2024 को तैनाती हुई थी। शनिवार को उनका जन्मदिन था। जानकारी के अनुसार, देर रात वह अपनी निजी कार से सरकारी काम के सिलसिले में निकले थे। इसी दौरान महाराणा प्रताप पार्क के पास उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का एक हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में अंकित गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस उन्हें तत्काल राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गई, लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस में रखवाकर परिजनों को सूचना दी।





### कार की हालत ने खड़े किए सवाल, दूसरे वाहन की टक्कर की आशंका

हादसे के बाद दुर्घटनाग्रस्त कार की हालत को देखकर घटना की परिस्थितियों पर सवाल उठ रहे हैं। बताया जा रहा है कि जिस स्थान पर हादसा हुआ, वहां दीवार की स्थिति और कार के क्षतिग्रस्त हिस्से को लेकर असमंजस है। कार की बाउंड्री की ओर कार का हिस्सा अपेक्षाकृत कम क्षतिग्रस्त बताया जा रहा है, जबकि ड्राइवर की सीट के दूसरी ओर का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त है। इस स्थिति को देखते हुए दूसरे वाहन की टक्कर की आशंका भी जताई जा रही है। हालांकि, हादसा किस तरह हुआ और कार किस वस्तु या वाहन से टकराई, इसकी आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर दुर्घटना की वास्तविक वजह का पता लगाने का प्रयास करेगी।

### सीओ बोले- अनियंत्रित होकर दीवार से टकराई कार

क्षेत्राधिकारी शुभम वर्मा ने बताया कि शुरुआती जानकारी के अनुसार, कांस्टेबल अंकित की कार अनियंत्रित होकर दीवार से टकरा गई थी। वह सरकारी काम से निकले थे। शव को पोस्टमार्टम हाउस में रखवाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### जवान बेटे का शव देखकर फफक पड़े पिता, मां के नहीं थमे आंसू

रविवार सुबह अंकित की मौत की सूचना मिलते ही उनके पिता राकेश कुमार और मां राजरानी रिश्तेदारों के साथ शाहजहांपुर पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए। जवान बेटे का शव कफन में लिपटा देखकर पिता के आंसू छलक पड़े। मां राजरानी अपने बेटे को निहारती रहीं, लेकिन उनकी आंखों से आंसू थम नहीं रहे थे। जिस बेटे के जन्मदिन पर परिवार को खुशियां मनानी थीं, उसकी असमय मौत ने माता-पिता को गहरे सदमे में डाल दिया। वहां मौजूद लोगों की आंखें भी इस हृदयविदारक दृश्य को देखकर नम हो गईं।

### दिवंगत आरक्षी को शोक सलामी देकर दी श्रद्धांजलि

कांस्टेबल अंकित के निधन से पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारीगण तथा अन्य पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने दिवंगत आरक्षी को शोक सलामी अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके कर्तव्यनिष्ठ योगदान को याद करते हुए शोक व्यक्त किया। जन्मदिन के दिन जिंदगी का इस तरह अचानक थम जाना परिवार के लिए ऐसा दुख बन गया, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। एक ओर पुलिस विभाग ने अपना साथी खो दिया, तो दूसरी ओर माता-पिता की दुनिया उजड़ गई। अब हादसे की परिस्थितियों की जांच से ही स्पष्ट हो सकेगा कि कांस्टेबल अंकित की मौत किन हालात में हुई।

# जयप्रकाश नारायण व महाराजा अग्रसेन जयंती सपाइयों ने मनाई



समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी नेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण व महाराजा अग्रसेन की जयंती बिजलीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर मनाई गई। पार्टी नेताओं व पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए और उनको याद किया। संगोष्ठी का आयोजन सपा के जिलाध्यक्ष तनवीर खान की अध्यक्षता में किया गया। सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खान ने कहा कि भारत रत्न से सम्मानित जयप्रकाश नारायण को स्वतंत्रता संग्राम और गरीबों एवं दलितों के उत्थान में अमूल्य योगदान के लिये मरणोपरांत भारत के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, भारत रत्न (1999) से सम्मानित किया गया। सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव ने कहा कि महाराजा अग्रसेन ने समाज को समानता, सेवा और भाईचारे का संदेश दिया। उनके आदर्श आज भी हमें एकता, सहयोग और जनकल्याण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। सपा नेता लखन प्रताप सिंह, सपा के युवा नेता आकाश वर्मा, सपा नेत्री डा. रागिनी सिंह चौहान, सपा जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र यादव,सपा अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष हफीज अंसारी,सपा यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव अजीम खान, महावीर सिंह खान, अख्तर खान, मीडिया प्रभारी मोहम्मद शाहनवाज आदि मौजूद।

# पंचम कलश यात्रा के साथ देवी भागवत कथा का शुभारंभ

समृद्धि न्यूज, सेहरामऊ दक्षिणी, शाहजहांपुर।

ग्राम महमदपुर स्थित मां दुर्गा मंदिर प्रांगण से शनिवार को पंचम कलश यात्रा के साथ श्रीमद् देवी भागवत एवं रामचरित मानस कथा का शुभारंभ हुआ।

कथा व्यास अवधेश शरण शुक्ला ने बताया कि 11 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक चलने वाली इस कथा में दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक तथा शाम 7-30 बजे से रात 11 बजे तक श्रद्धालुओं को प्रवीण दीक्षित और रामानुजाचार्य कथा का श्रवण कराएंगे। मंदिर प्रांगण से निकली कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने करीब 7 किमी दूर बहने वाली देवहुति गर्रा नदी में स्नान-ध्यान करने के बाद कलश में जल भरकर यात्रा शुरू की और कथा स्थल पर पहुंचकर समापन किया। इस दौरान गांव के विश्वनाथ त्रिवेदी, मुनेश्वर दयाल त्रिवेदी, हरिओम मिश्रा, अभिराम त्रिवेदी, श्रद्धेय मिश्रा, मनोज त्रिवेदी, रामसागर, अनिल मिश्रा, जितेंद्र त्रिवेदी, शैलेंद्र त्रिवेदी आदि मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात रहा।



# इटौआ में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ, 111 कन्याओं ने निकाली कलश यात्रा

- कलश यात्रा में गूंजे भगवान के जयकारे, भक्तिमय हुआ गांव का माहौल

समृद्धि न्यूज़, खुदागंज, शाहजहांपुर।

खुदागंज क्षेत्र के ग्राम इटौआ में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ भक्तिमय माहौल में हुआ। इस अवसर पर रविवार शाम करीब चार बजे भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें 111 कन्याओं ने सिर पर पवित्र गंगाजल से भरे कलश धारण किए। पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ निकली कलश यात्रा के दौरान भगवान के जयकारे गूंजते रहे और पूरा गांव भक्तिमय वातावरण में सराबोर नजर आया।ग्राम इटौआ में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में कथा व्यास पिंकू अवस्थी श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा का रसपान कराएंगे। कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्ति, प्रेम और सदाचार के महत्व से अवगत कराया जाएगा। धार्मिक आयोजन को लेकर ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजन को सफल बनाने में धर्मेंद्र राठौर, जोगेंद्र कश्यप, सत्यसेवक मौर्य, अमर सिंह राठौर, सर्वेश राठौर, दिनेश कश्यप, श्रीपाल कश्यप, रामऔतार मौर्य, बबलू मौर्य, राजेश मौर्य, सुखपाल कश्यप, संजीव कोटेदार, सतीश कश्यप, भरत कश्यप, साधु सिंह और रमेश सिंह सहित अन्य लोग सहयोग कर रहे हैं। श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन से गांव में आध्यात्मिक माहौल बना हुआ है। श्रद्धालु कथा श्रवण कर धर्म और भक्ति के मार्ग पर चलने का संदेश प्राप्त करेंगे।



# सड़क हादसे में घायल होमगार्ड की इलाज के दौरान मौत

तिलहर, शाहजहांपुर। सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होमगार्ड की बरेली के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक ग्राम भटपुरा निवासी 55 वर्षीय करन सिंह पुत्र जगनाथ बिरसिंहपुर चौकी में होमगार्ड के पद पर तैनात थे। सोमवार देर शाम वह बाइक से घर जा रहे थे। इस दौरान अचानक विरसिंह पुर के नदी पुल पर एक सांड ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे वह रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे राहगीरों द्वारा सूचना करने पर एम्बुलेंस से सीएचसी ले जाया गया था जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया था हालांकि परिजन उन्हें मेडिकल कॉलेज ले जाने के बजाय बरेली के एक निजी अस्पताल में इलाज करा रहे थे। रविवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

# ओसीएफ मैदान की श्रीरामलीला में छाए 7 वर्षीय देवांश

- निभाएंगे प्रभु बाल श्रीराम का किरदार

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



महानगर के ऐतिहासिक एवं प्रतिष्ठित ओसीएफ मैदान में आयोजित की जा रही वार्षिक श्रीरामलीला में इस बार बाल कलाकारों की प्रतिभा दर्शकों के आकर्षण का मुख्य केंद्र बनी हुई है।श्रीरामलीला के भव्य मंच पर इस वर्ष सात वर्षीय देवांश कन्हैया शुक्ला बालराम का अत्यंत जीवंत और प्रभावशाली अभिनय कर हर किसी का दिल जीत रहे हैं। जॉन नेव सीनियर सेकेंड्री स्कूल लोधीपुर में कक्षा तीन के छात्र देवांश आज मंच पर प्रभु श्रीराम का मुख्य किरदार निभाते नजर आएंगे। नगर की अक्षरधाम कॉलोनी निवासी योगेश शुक्ला एवं अर्चना शुक्ला के छोटे सुपुत्र देवांश ने इतनी छोटी सी उम्र में अपनी स्पष्ट संवाद अदायगी, भाव-भंगिमा और मंच पर आत्मविश्वास से सभी को आश्चर्यचकित कर दिया है। देवांश के श्रीराम का किरदार निभाने की खबर से उनके विद्यालय और अक्षरधाम कॉलोनी में अत्यंत हर्ष व उत्साह का माहौल है। विद्यालय के शिक्षकों एवं सहपाठियों ने देवांश के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। लीला देखने पहुँच रहे दर्शकों का कहना है। कि देवांश का बालराम के रूप में मंच पर आते ही पूरा पंडाल जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठता है। रामलीला समिति के पदाधिकारियों ने देवांश के अभिनय की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए, कहा कि इतनी कम उम्र में बच्चों का धार्मिक और सांस्कृतिक मंचों से जुड़ना हमारी सनातन संस्कृति के लिए गौरव की बात है। आज के विशेष मंचन में देवांश श्रीराम के रूप में अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे, देखने के लिए बड़ी संख्या में शहरवासियों के पहुँचने की उम्मीद है।

# रेडक्रॉस का अनूठा प्रयासः अंतिम नमन-जिनका कोई अपना नहीं

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी शाहजहांपुर शाखा द्वारा पितृपक्ष की अमावस्या पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर स्थित रेडक्रॉस कार्यालय में अंतिम नमन-जिनका कोई अपना नहीं कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद में अपनी तरह की इस पहली पहल में उन अज्ञात एवं लावारिस दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी गई, जिनका अंतिम संस्कार प्रशासन द्वारा कराया जाता है। गायत्री शक्तिपीठ के सहयोग से हवन-पूजन एवं शांति हवन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके बाद दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए सामूहिक प्रार्थना, तर्पण, पुष्पांजलि, वस्त्र वितरण और भंडारे का आयोजन किया गया। विभिन्न क्षेत्रों से आए ग्रामीणों, बुजुर्गों, चिकित्सकों, दिव्यांगजनों और समाजसेवियों ने सहभागिता की। अध्यक्षता सीनियर सिटीजन सोसाइटी के संस्थापक जिलाध्यक्ष पं. उमेश चंद्र पाठक ने की। इस अवसर पर महासचिव पं. सत्यप्रकाश तिवारी, कोषाध्यक्ष पं. राजेश चंद्र शुक्ला, सत्यानंद अस्पताल के संस्थापक डॉ. सत्य प्रकाश मिश्रा, डॉ. विजय पाठक, वरिष्ठ दंत चिकित्सक कैप्टन डॉ. ए.वी. सिंह, ब्रह्मकुमारी चरिता बहन, केंद्र संचालक विनीता बहन, कायस्थ महासभा जिलाध्यक्ष कृपाशंकर जी सहित कई गणमान्य मौजूद रहे। सचिव डॉ. विजय जौहरी ने कहा कि जिनका कोई नाम लेने वाला नहीं, वे भी हमारे समाज का हिस्सा थे। उनका जीवन भी उतना ही अनमोल था। ऐसे लोगों को भी सम्मान और अपनत्व मिलना चाहिए। उन्होंने बताया कि भविष्य में ऐसे दिवंगतों के लिए नियमित श्रद्धांजलि कार्यक्रम के लिए जिला प्रशासन से सूची व सहयोग लिया जाएगा। कार्यक्रम में पत्रकार अर्जुन श्रीवास्तव, नरेंद्र शर्मा, डॉ. नवीन रोजा, मुरारी दीक्षित, डॉ. राजेंद्र कुशवाहा, डॉ. हितेश गुप्ता, डॉ. रवि सक्सेना, नवजोत सोनी सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी मौजूद रहे।




# फैक्ट्री स्टेट श्रीरामलीला में श्रीराम जन्म का सजीव मंचन

शाहजहांपुर। महानगर की प्रसिद्ध फैक्ट्री स्टेट ओसीएफ श्रीरामलीला में रविवार को भगवान के स्वरूपों की आरती और नारियल फोड़कर मंचन का शुभारंभ किया गया। समिति के सचिव ए.के. व्यास एवं देवेश दीक्षित ने विधि-विधान से पूजन किया। रविवार के मंचन में नारद मोह से लेकर श्रीराम जन्म तक की लीला का सजीव चित्रण किया गया। प्रसंग में दिखाया गया कि देवर्षि नारद विश्वमोहिनी पर मोहित होकर विवाह करना चाहते हैं, भगवान विष्णु लीला से उनका मोह भंग करते हैं। क्रोधित नारद विष्णु को श्राप देते हैं। वहीं मनु-शतरूपा की तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान उन्हें वरदान देते हैं कि त्रेता में वे दशरथ-कौशल्या के रूप में जन्म लेंगे और वे स्वयं उनके पुत्र बनेंगे। लंका में रावण, कुंभकर्ण और विभीषण की तपस्या, रावण के अत्याचार और अयोध्या में राजा दशरथ द्वारा पुत्र प्राप्ति के लिए, यज्ञ तथा श्रीराम, भरत, लक्ष्मण, शत्रुघ्न के जन्म के प्रसंग ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। मंचन संयोजन समिति की देखरेख में कुशल कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जा रही है। इस अवसर पर संयुक्त सचिव अजय सक्सेना, निर्देशक अंकित सक्सेना, प्रभारी महेंद्र दीक्षित, सुरक्षा पर्यवेक्षक राममोहन अग्निहोत्री, मीडिया प्रभारी रोहित सक्सेना, मंच संचालक सतीश सक्सेना मौजूद रहे। किरदारों में नारद-सुमित राणा, विष्णु-देवेंद्र पाल, शिव-अंकित अवस्थी, रावण-अंकित सक्सेना, कुंभकर्ण-लक्ष्मण मिश्रा, विभीषण-अंकित अवस्थी सहित अन्य कलाकारों ने अभिनय किया।

# पालिका सदन में आउट सोर्सिंगकर्मियों की संख्या से सभासदों को क्यों रखा गया अंजान

## समृद्धि न्यूज की पड़ताल में हुई संख्या व श्रेणी उजागर , तैनाती पर लगा सवालिया निशान

मनोज प्रबल

तिलहर - शाहजहांपुर। नगर पालिका से वेतन पाने वाले कुल आउट सोर्सिंग कर्मियों, उनमें से कितनों की कहां ड्यूटी चल रही है। कितने कुशल, अर्ध कुशल व अकुशल श्रेणी में रखे गए हैं। इसकी बोर्ड सभासदों को भी पालिका प्रशासन कोई भी ठोस जानकारी देने के आखिर क्यों कतरा रहा है। यह चौंकाने वाला सच सामने आने आखिर किसकी पोल खुलेगी यह अभी एक अनुत्तरित प्रश्न बना हुआ है।

नियमित कर्मचारियों और बैकलाग भर्ती से तथा संविदा कर्मियों की संख्या और उनके कार्य स्थल / पटल की जानकारी तो जग जाहिर है। लेकिन चेयरपर्सन हाजरा बेगम के विगत से वर्तमान तक के लगातार दो कार्यकाल अवधि में पालिका में आउट सोर्सिंग कर्मियों की कुल कितनी संख्या है। अथवा उनकी भर्ती कब कब और कैसे की गई। इससे बोर्ड के सभासदों को भी अनभिज्ञ रखा जाना पालिका प्रबंध तंत्र व पालिका प्रशासनिक अमले पर एक सवालिया निशान अवश्य लगा हुआ है। विगत बोर्ड तथा वर्तमान बोर्ड में यदा कदा अंगुलियों पर गिने जाने वाली बोर्ड बैठकों में सभासदों द्वारा अक्सर आउट सोर्सिंग कर्मियों की सूची को सदन में रखे जाने की मांग की जाती रही है। लेकिन उसे सदैव से नज़रंदाज़ कर दिया जाता रहा है। उक्त सूची को छिपाने के पीछे आखिर जिम्मेदारों की मंशा क्या है। समृद्धि न्यूज़ ने जब इसकी पड़ताल की तो आउट सोर्सिंग कर्मियों की संख्या बल और उन्हें किस श्रेणी में रखा गया है। इसका व मुश्किल खुलासा हो सका। पड़ताल में कुल आउट सोर्सिंग कर्मियों की संख्या 257 सामने आई। जिसमें क्रमशः कुशल श्रेणी में 25 कर्मी, अर्ध कुशल श्रेणी में 17 कर्मी तथा अकुशल श्रेणी में 215 कर्मचारियों की तैनाती उजागर हुई है। लेकिन तमाम कर्मचारियों की तैनाती को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। कितने कर्मचारी कहां और किस स्थल / पटल पर तैनात किए गए हैं। कोई जानकारी देने को तैयार नहीं है। इस बाबत सभासद अभिषेक सिंह, सतेंद्र सुशील सिंह, अब्दुल सादिक, दिलीप सक्सेना, संदीप रस्तोगी समेत तमाम सभासदों सूची का संज्ञान कराने हेतु तत्कालीन व वर्तमान ईओ सुनील कुमार को लिखित पत्र दे चुके हैं। कई सभासदों ने आउट सोर्सिंग कर्मियों की भर्ती में बड़ा खेल होने की संभावना जताई है।




# किसानों की सुविधा को कंट्रोल रूम स्थापित

शाहजहांपुर। जनपद में शुरू होने जा रही, धान खरीद को लेकर जिला प्रशासन द्वारा किसानों की सुविधा को लेकर कन्ट्रोल रुम की स्थापना की गई है। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत धान खरीद में प्राप्त होने वाली शिकायतें दर्ज करने, प्राप्त शिकायतों की मानीटरिंग व क्रय संस्थाओं के अधिकारियों से निस्तारण कराने एवं धान खरीद प्रक्रिया के लिए धान कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है। जिसका दूरभाष एवं व्हाट्सएप नंबर भी जारी किया गया है। कार्यालय दूरभाष संख्या 05842-221986, कार्यालय मोबाईल संख्या 95190-63411 एवं कार्यालय व्हाट्सएप संख्या 95190-63411 है। कन्ट्रोल रूम संचालन के लिए ड्यूटी लगा दी गई है। जिसमें शिवम सिंह परिहार कनिष्ठ सहायक, राजेश कुमार श्रीवास्तव, विपणन सहायक व मुजम्मिल अहमद खां विपणन सहायक रहेंगे। कन्ट्रोल रूम प्रातः9 बजे से शाम 6 बजे तक सक्रिय रहेगा। इसके अतिरिक्त रविवार व राजपत्रित अवकाशों को छोड़कर अन्य अवकाश के दिनों में प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक क्रियाशील रहेगा। जिला विपणन अधिकारी राकेश मोहन पाण्डेय ने बताया कि उपरोक्त कर्मचारी धान खरीद से सम्बन्धित प्राप्त होने वाली शिकायतों को शिकायत पंजिका में दर्ज कर उनके निस्तारण हेतु सक्षम अधिकारी को प्रेषित करेंगे तथा निस्तारित शिकायतों को शिकायत पंजिका में दर्ज कर, शिकायत पंजिका को नियमित रूप से अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

# पुवायां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का हाल खराब... खुद प्रभारी आ रहे साढ़े 11 बजे के बाद

- पुवायां सीएचसी में अव्यवस्था, मौके पर मौजूद था सिर्फ एक फार्मासिस्ट

उमेश शर्मा

पुवायां, शाहजहांपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुवायां में शनिवार को स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली सामने आई। डॉक्टरों के अस्पताल पहुंचने का निर्धारित समय सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक है, लेकिन सुबह साढ़े 11 बजे तक डॉक्टर केंद्र पर नहीं पहुंचे थे। इस दौरान अस्पताल में केवल एक फार्मासिस्ट मौजूद था, जबकि उपचार और दवा के लिए, मरीज इंतजार कर रहे थे। मरीज काफी संख्या में अस्पताल में मौजूद मिले। इसके अलावा सबसे खास बात कि इमरजेंसी कक्ष भी खाली पड़ा था। जिसमें 24 घंटे डाक्टर की तैनाती होनी चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं था।

शनिवार को अस्पताल पहुंचे पुवायां के राजेश, गांव घनश्यामपुर के स्वामी दयाल, जनकापुर निवासी सुनीता और बढ़वांन निवासी सहदेव अवस्थी ने बताया कि वे सुबह 10 बजे से सीएचसी आए हुए हैं, लेकिन काफी देर तक कोई डॉक्टर नहीं पहुंचा। इससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों की लाइन लगी हुई थी, लेकिन वह डॉक्टरों के आने का इंतजार कर रहे थे। सबसे ज्यादा खास बात यहां है कि 11:30 तक कोई भी डॉक्टर अस्पताल नहीं पहुंचा था और उसके अलावा इमरजेंसी वार्ड में भी कोई डॉक्टर मौजूद न होना बहुत बड़ी लापरवाही को दर्शाता है, जबकि इमरजेंसी वार्ड में 24 घंटे डॉक्टर की तैनाती होती है लेकिन इस तरह की लापरवाही बढ़ती जा रही है जो कि मरीजों के साथ खिलवाड़ है। निर्धारित समय पर डॉक्टरों की अनुपस्थिति और मरीजों के इंतजार करने की स्थिति ने सीएचसी की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना है कि स्वास्थ्य विभाग इस मामले में क्या कार्रवाई करता है।













### अब सीएचसी प्रभारी की सुनो..

डॉक्टरों की अनुपस्थिति के संबंध में सीएचसी प्रभारी नरेंद्र पाल से फोन पर बात की गई। उन्होंने बताया कि वह आज ही लेट हुए है। और वह पांच मिनट में अस्पताल पहुंच रहे हैं। इमरजेंसी खाली होने की बात पर उन्होंने कहा कि आज डॉक्टर रामकुमार की ड्यूटी है वह भी पहुंचते ही होंगे। लेकिन इन बातों से डाक्टर की लापरवाही पर पर्दा नहीं डाला जा सकता है।

# जिले में आज से 188 केंद्रों पर शुरू होगी धान खरीद

## सामान्य धान का समर्थन मूल्य 2441 और ग्रेड-ए का 2461 रुपये प्रति कुंतल तय, रोजा मंडी में धान के 12 और बाजरा का एक केंद्र

**समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।**

जिले में सोमवार से 188 क्रय केंद्रों पर धान खरीद शुरू हो जाएगी। खरीद को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अधिकारियों ने भी व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए कमर कस ली है। रविवार को क्रय केंद्रों पर दिनभर व्यवस्थाएं दुरुस्त की जाती रहीं। केंद्रों पर बोरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही कांटे, डस्टर, छलनी और नमी मापक यंत्र समेत अन्य जरूरी उपकरणों की व्यवस्था की गई।



हर बार की तरह इस बार भी धान खरीद ई-पॉप मशीन के माध्यम से होगी। किसानों को उपज का भुगतान पीएफएमएस के जरिए सीधे उनके बैंक खातों में भेजा जाएगा। धान के साथ-साथ सरकार बाजरा की भी खरीद करेगी। इसके लिए जिले में तीन केंद्र बनाए गए।

सरकार ने इस बार सामान्य धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2441 रुपये प्रति क्विंटल और ग्रेड-ए धान का 2461 रुपये प्रति क्विंटल

> रोजा मंडी सचिव धनंजय कुमार सिंह ने बताया कि मंडी परिषद की ओर से धान खरीद को लेकर सभी तैयारियां पूरी करा दी गई हैं। किसानों के बैठने, पेयजल और अन्य जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

निर्धारित किया है। पिछले सीजन में सामान्य धान का समर्थन मूल्य 2369 रुपये प्रति क्विंटल था। इस तरह सामान्य धान के समर्थन मूल्य में 72 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है। डिप्टी आरएमओ राकेश मोहन पांडे ने बताया कि सोमवार से धान खरीद शुरू होगी। अभी तक पोर्टल पर करीब साढ़े आठ सौ किसान पंजीकरण करा चुके हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपनी उपज को अच्छी तरह सुखाकर और साफ-सुथरा करके ही क्रय केंद्रों पर लाएं, जिससे धान बेचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि रोजा नवीन गल्ला मंडी में धान खरीद के लिए कुल 12 केंद्र बनाए गए हैं, जबकि बाजरा खरीद के लिए एक केंद्र स्थापित किया गया है। धान खरीद केंद्रों में आरएफसी के छह, पीसीएफ का एक, पीसीयू के चार और एफसीआई का एक केंद्र शामिल है। वहीं, बाजरा खरीद के लिए आरएफसी का एक केंद्र लगाया गया है। नई क्रय नीति के अनुसार, इस बार धान क्रय केंद्र सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक खुलेंगे। किसान निर्धारित समय में केंद्रों पर अपनी उपज बेच सकेंगे। वहीं सोमवार से खरीद शुरू होने के मद्देनजर रविवार सुबह से ही रोजा मंडी में तैयारियां शुरू कर दी गईं। कर्मचारियों ने क्रय केंद्रों के स्थानों को खाली कराकर साफ-सफाई कराई और अन्य जरूरी व्यवस्थाएं दुरुस्त कीं। किसानों के बैठने और पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। खरीद में इस्तेमाल होने वाले उपकरण भी केंद्रों पर पहुंचाए जाते रहे।

## महा नवरात्र महोत्सवः पुवायां में 16 अक्टूबर को सजेगा महामाई का दरबार



**शाहजहांपुर।** हर साल की भांति इस वर्ष भी शारदीय नवरात्र में महामाई के स्वागत व पूजा अर्चना को लेकर भक्तों में उत्साह व श्रध्दा देखने को मिल रही है। पुवायां में महामाई का आगमन नवरात्रि के पर्व पर हो गया है, मां ज्वाला देवी से ज्वालाजी की ज्योति लाकर पुवायां में नवरात्र पर पूजा अर्चना शुरू हो गई है। महामाई के दरबार में श्रध्दालुओं की लंबी लब़ी कतारें लगनी शुरु हो गई है। महामाई के जय जयकारों से पंडाल गूंजायमान हो रहा है। शारदीय नवरात्रि इस बार 16 अक्टूबर को 25वां महामाई का भव्य दरबार, जागरण होगा। ज्वाला देवी की ज्योति दर्शन को सूरज मैरिज लॉन में 11-19 अक्टूबर तक महानवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया गया है। माता रानी का जगराता मां ज्वाला जी जागरण सेवा समिति के तत्वावधान में किया गया है। 16 अक्टूबर को होने वाले जागरण में आमंत्रित भजन गायक छप्पन इन्दौरी इन्दौर से व रॉबिन राज जालंधर से आ रहे हैं। 13 अक्टूबर को सुंदरकांड पाठ व 19 अक्टूबर को मातारानी की शोभायात्रा निकाली जाएगी। जानकारी समिति अध्यक्ष धीरज शर्मा राजा नंदा ने दी है।

## खबरें एक नजर में

### खिरनीबाग रामलीलाः राम जन्म व ताड़का वध का हुआ मंचन

**शाहजहांपुर।** महानगर के खिरनीबाग रामलीला मैदान में रविवार 11 अक्टूबर को नवचेतना कला परिषद के कलाकारों द्वारा 'राम जन्म', बाल-लीला और 'ताड़का वध' का प्रभावशाली मंचन किया गया। मंचन की शुरुआत राजा दशरथ और कौशल्या के बीच रघुवंश के उत्तराधिकारी को लेकर मार्मिक संवाद से हुई। कौशल्या के सुझाव पर दशरथ गुरु वशिष्ठ से सलाह लेते हैं, जो उन्हें श्रृंगी ऋषि द्वारा यज्ञ कराने का परामर्श देते हैं। यज्ञ के बाद अग्निदेव की कृपा से चार पुत्रों की प्राप्ति होती है, जिससे अयोध्या में खुशी की लहर दौड़ जाती है। वशिष्ठ द्वारा नामकरण, मंगल गीत और मुंडन संस्कार की लीला ने दर्शकों को मोहित कर लिया। इसके बाद विश्वामित्र अपने यज्ञ की रक्षा के लिए राम-लक्ष्मण को साथ ले जाते हैं। मार्ग में राम-लक्ष्मण ताड़का का वध कर वन को मारीच-सुबाहु से मुक्त कराते हैं। तभी जनकपुर से सीता स्वयंवर का निमंत्रण मिलता है और सभी जनकपुर के लिए प्रस्थान करते हैं। महाआरती में राज नारायण गुप्ता, खुशीराम गुप्ता, चंद्र निमेष गुप्ता, अभिषेक बनर्जी, लालाराम गुप्ता, नितेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### लापता युवक की लाश छठे दिन हरदुआ नाले में मिली

**धौरहरा, लखीमपुर खीरी।** छह अक्टूबर को घर से लापता हुए कस्बे के आचार्य टोला निवासी समीम पुत्र सगीर उम्र 48 वर्ष की लाश सिसैया-धौरहरा मार्ग पर स्थित हरदुहा नाले से बरामद हुई। परिजनों ने सात अक्टूबर को उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट धौरहरा कोतवाली में दर्ज कराई थी। रविवार सुबह करीब 9:30 बजे गोताखोरों को समीम का शव मिल गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। कोतवाली पहुंचे परिजनों ने कस्बे के दो लोगों पर समीम की हत्या की आशंका जताई है।

## मजदूर ने लगाया धान गढवाई के रुपये मांगने पर पीटने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर - शाहजहांपुर।** बाइक में तेल डलवाने को रुके युवक को मारपीट कर घायल करने के मामले में पीड़ित की ओर से पिता पुत्रों समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। मदना पुर क्षेत्र के गांव रहदेवा गौंटिया निवासी लखन वर्मा पुत्र गोकरन लाल ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि गांव चाहर पुर के बलराम सिंह उर्फ बल्लू पुत्र हलधर सिंह पर उसके धान गढवाई के ग्यारह सौ रुपए शेष थे जिन्हें वह लेने गया था । आरोप है कि गालिया देकर भगा दिया । 10 अक्टूबर को करीब 10 बजे राजनपुर रोड पर मोटर साईकिल मे तेल डलवा रहा था । इसी दौरान बलराम सिंह व उनके दो पुत्र व एक अज्ञात व्यक्ति ने रोककर उसे लाठी डण्डो से पीटकर घायल कर दिया । और जान से मारने की धमकी देकर चले गए।

# धूमधाम से निकली भगवान श्रीराम की बारात

- बैंड-बाजों की धुन पर झूमे श्रद्धालु, जगह-जगह पुष्पवर्षा कर हुआ स्वागत

**समृद्धि न्यूज़, खुदागंज, शाहजहांपुर।**

खुदागंज नगर में श्री आदर्श रामलीला कमेटी की ओर से रविवार को भगवान श्रीराम की भव्य बारात शोभायात्रा धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। बारात में शामिल आकर्षक धार्मिक झांकियां लोगों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहीं। नगर में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भगवान श्रीराम की बारात का भव्य स्वागत किया। पूरे नगर में जय श्रीराम के जयकारों और श्रीराम भजनों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रीराम बारात का शुभारंभ रामलीला मैदान से हुआ। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सुधीर सिंह तथा मेला कमेटी अध्यक्ष संजय



कुमार गुप्ता ने विधिवत पूजन-अर्चन कर भगवान श्रीराम की बारात को रवाना किया। इसके बाद बैंड-बाजों और धार्मिक धुनों के बीच बारात नगर के प्रमुख मार्गों से होकर आगे बढ़ी।

शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के स्वरूपों के साथ गुरु विश्वामित्र, भगवान गणेश, भगवान हनुमान, भगवान शंकर और माता पार्वती की मनमोहक झांकियां शामिल रहीं। झांकियों को देखने के लिए मार्ग के दोनों ओर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुटी रही। बैंड-बाजों की धुन और श्रीराम भजनों पर श्रद्धालु नाचते-गाते हुए बारात में शामिल हुए। रामलीला मैदान से शुरू हुई बारात मुख्य बाजार होते हुए निगोही मोड़ पहुंची। यहां वेदांती जी महाराज आश्रम में श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम की बारात का भव्य स्वागत किया। इसके बाद शोभायात्रा रामसहाय चौराहे से होते हुए महादेवन मंदिर पहुंची। यहां भी श्रद्धालुओं ने बारात का स्वागत कर भगवान श्रीराम की आरती उतारी और पुष्पवर्षा की।

इसके बाद श्रीराम बारात लक्ष्मीपुर पहुंची। नगर पंचायत अध्यक्ष के आवास पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर बारात का भव्य स्वागत किया। इसके बाद बारात लक्ष्मीपुर होते हुए देवरास गांव पहुंची। यहां ग्रामीणों ने भी भगवान श्रीराम की बारात के स्वागत में कोई कसर नहीं छोड़ी। ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया और धार्मिक जयकारों से माहौल भक्तिमय कर दिया। देवरास गांव से बारात वापस रामलीला मैदान पहुंची। यहां भगवान श्रीराम और माता सीता के विवाह का भव्य एवं भावपूर्ण मंचन किया गया। धनुष यज्ञ और श्रीराम-जानकी विवाह के प्रसंग ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। विवाह समारोह के दौरान पूरा रामलीला मैदान जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। बारात में श्रीराम सहित चारों भाइयों की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। पूरे मार्ग में श्रद्धालु श्रीराम भजनों पर झूमते नजर आए। जगह-जगह लोगों ने बारात का स्वागत कर प्रसाद वितरित किया। बच्चों और महिलाओं में भी धार्मिक झांकियों को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह, मेला कमेटी अध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता, कृष्ण कुमार सक्सेना, सभासद सौरभ गुप्ता, भाजपा नेता संजीव गुप्ता, विनोद सिंह, बलिस्टर सिंह, कृपा शंकर रस्तोगी सहित क्षेत्र के तमाम गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## वन विभाग ने जंगली सुअर का मांस बेंचते एक को रंगेहाथ पकड़ा

**समृद्धि न्यूज, लखीमपुर।**

वनरेंज महेशपुर की बिलहरी बीट में जंगली जानवरों का शिकार कर उसके मांस को बेंचते हुए एक आरोपी को रंगेहाथ पकड़े जाने की चर्चा फैली है। वन विभाग ने पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर पूंछतांछ करने की बात कही है। जानकारी के अनुसार शनिवार को वन विभाग ने बिलहरी बीट के गांव मदारपुर बसही निवासी दिनेश कुमार को कैमहरी गांव से जंगली सुअर का मांस बेंचते हुए रंगेहाथों पकड़ा , वनविभाग के अनुसार आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पूंछतांछ की जिसमें आरोपी ने दो अन्य साथियों के सहयोग से विद्युत करंट बिछाकर जंगली जानवरों का शिकार करने की बात स्वीकारी है। वन विभाग विभाग ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। लोगों का कहना है कि छेत्र में आये दिन जंगली जानवरों का शिकार होता रहता है, शिकारी बे खौफ रात-दिन शिकार करतें हैं, वन्यजीवों की सुरक्षा का जिम्मा वाचरों के जिम्मे है। शनिवार को मदारपुर बसही व कोडरी गांव की सीमा पर मिले मृत नीलगायों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में विद्युत करंट से मौत की पुष्टि हुई है।विभाग ने दोनों नीलगायों को जमीन में गढ्ढा खोदकर दफन करा दिया है। महेशपुर रेंजर निर्भय प्रताप शाही ने बताया कि शिकार करने एक आरोपी को पकड़ा गया है,जल्द ही अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की जायेगी।

# खीरी में 254 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ, शहनाई की गूंज के बीच शुरू हुआ नई जिंदगी का सफर

## पगड़ी पहनकर पहुंचे अतिथि, उपहारों से सजी गृहस्थी, गोला में 171 और फूलबेहड़ में 83 जोड़ों का विवाह, जनप्रतिनिधियों-अधिकारियों ने दिया आशीर्वाद

**समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।**

नवरात्र के प्रथम दिन जिले में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 254 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। गोला के स्व. राजेंद्र गिरि स्मारक स्टेडियम में 171 और फूलबेहड़ के आसिता मैरिज लॉन में 83 जोड़ों ने नई जिंदगी की शुरुआत की। कहीं मंत्रोच्चार के बीच सात फेरे लिए गए तो कहीं निकाह की रस्में अदा हुईं। दोनों आयोजन स्थलों पर शहनाई की गूंज, सजे मंडप और अपनों की मौजूदगी ने माहौल को खुशियों से भर दिया। कार्यक्रम का सफल संयोजन डीएसडब्लूओ वंदना सिंह ने किया। गोला में विधायक अमन गिरि, डीएम अंजनी कुमार सिंह, सीडीओ योगानंद पाण्डेय, पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू और विकासखंड प्रशासक ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। फूलबेहड़ में विधायक मंजू त्यागी, सीडीओ योगानंद पाण्डेय और ब्लॉक प्रमुख/ प्रशासक प्रतिनिधि विश्वनाथ सिंह ने नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया।

**पगड़ी पहनकर पहुंचे अधिकारी, नवदंपतियों पर बरसाए फूलः** समारोह में पारंपरिक पगड़ी पहनकर पहुंचे जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने आयोजन की रौनक बढ़ाई। उन्होंने नवदंपतियों को उपहार भेंट किए और सुखी दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने अधिकारियों की टीम के साथ उपहार सामग्री का निरीक्षण कर उसकी गुणवत्ता



भी परखी। प्रशासन की ओर से वर-वधू पक्ष को बैने के रूप में ड्राई फ्रूट और लड्डू से सजी डलियां भेंट की गईं। सीडीओ योगानंद पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना जरूरतमंद परिवारों के सपनों को नई उड़ान देने और बेटियों के जीवन में खुशियों के रंग भरने की पहल है।

**उपहारों से सजेगी नवदंपतियों की गृहस्थीः** नवदंपतियों को 05 साड़ी, चुनरी, चूड़ियां, सिंदूर, वर के वस्त्र, कुकर, पंखा, आयरन प्रेस, डिनर सेट, गद्दा, तकिया, चादर, कंबल, ट्रॉली बैग और वैनिटी किट सहित घरेलू उपयोग की सामग्री दी गई। अतिरिक्त उपहार के रूप में फोल्डिंग बेड, मिक्सर ग्राइंडर, स्टील बॉक्स और कैसरोल भी प्रदान किए गए।

**गरीब परिवारों की बेटियों के लिए वरदान है योजनाः डीएम-** डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीब परिवारों की बेटियों के लिए वरदान साबित हो रही है। योजना के तहत दांपत्य जीवन की शुरुआत के लिए 64 हजार रुपये की राशि सीधे कन्या के बैंक खाते में भेजी जा रही है। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह समारोह आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को राहत देने के साथ नवदंपतियों को सम्मानपूर्वक नई जिंदगी शुरू करने का अवसर देता है।

**सामूहिक विवाह योजना गरीब परिवारों के लिए सम्मान और संबलः विधायक-** विधायक अमन गिरि ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीब परिवारों के लिए सम्मान और संबल का माध्यम है। यह योजना बेटियों के विवाह की चिंता दूर करने के साथ दहेज जैसी सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार करती है। सामूहिक विवाह समारोह सामाजिक समरसता, भाईचारे, समानता का संदेश देता है। उन्होंने नवदंपतियों को शुभकामनाएं देते हुए सुखमय, समृद्ध दांपत्य जीवन की कामना की।

**माताओं की चिंता हुई दूरः विधायक-** फूलबेहड़ में विधायक मंजू त्यागी ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना ने उन माताओं की चिंता दूर की है, जो आर्थिक संकट के कारण बेटियों के विवाह को लेकर परेशान रहती थीं। सरकार की यह पहल गरीब परिवारों को सहारा देने के साथ बेटियों के सम्मान और सुरक्षित भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## नवदिया धनेश में पीडीए जन चौपाल का आयोजन, सत्येंद्र मौर्य की रही अहम भूमिका

- मौर्य, कुशवाहा, शाक्य और सैनी समाज की चौपाल में सामाजिक न्याय, समानता और अधिकारों पर हुई चर्चा

**समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार रविवार, 11 अक्टूबर 2026 को पूरनपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नवदिया धनेश में पीडीए के तहत मौर्य, कुशवाहा, शाक्य एवं सैनी समाज की जन चौपाल आयोजित की गई। कार्यक्रम में सामाजिक एकता, समानता और पिछड़े, वंचित एवं शोषित वर्गों के अधिकारों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव सत्येंद्र मौर्य की प्रमुख भूमिका रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष धर्मेश गंगवार ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में सपा प्रदेश सचिव एवं पूर्व



एमएलसी प्रत्याशी करुणा कांत मौर्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन सत्येंद्र मौर्य ने किया और संचालन पूरनपुर विधानसभा अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने किया। जन चौपाल में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष आरती महेंद्र ने अपने विचार रखते हुए सामाजिक एकता और समानता को मजबूत करने के साथ पिछड़े, वंचित एवं शोषित वर्गों के अधिकारों की पैरवी की। मुख्य अतिथि करुणा कांत मौर्य ने पीडीए की विचारधारा को आगे बढ़ाने, समाज के विभिन्न वर्गों को एकजुट करने तथा उनके हक और सम्मान की लड़ाई को मजबूत करने का आह्वान किया।

## गुरुनानक स्पोर्ट्स एकेडमी के तीन हॉकी खिलाड़ियों का सब जूनियर स्टेट प्रतियोगिता के लिए लखनऊ मंडल की टीम में चयन

**समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।**

जनपद के खेल जगत के लिए गर्व और खुशी की खबर है। गुरुनानक स्पोर्ट्स एकेडमी में लगातार हॉकी का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे तीन खिलाड़ियों आदर्श वर्मा, कृष्णा वर्मा और आयुष को सब-जूनियर स्टेट हॉकी प्रतियोगिता में लखनऊ मंडल की टीम से प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। यह प्रतियोगिता 12 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक इटावा में आयोजित की जा रही है। तीनों खिलाड़ियों के चयन से एकेडमी सहित पूरे जनपद में खुशी का माहौल है। गुरुनानक स्पोर्ट्स एकेडमी की सचिव एवं संस्थापक तृप्ति अवस्थी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि एकेडमी में बच्चों को निःशुल्क हॉकी प्रशिक्षण देने के साथ-साथ खेल सामग्री भी उपलब्ध कराई जाती है। सीमित संसाधनों के बावजूद एकेडमी के खिलाड़ी निरंतर मेहनत कर रहे हैं और अपनी प्रतिभा के दम पर आगे बढ़ रहे हैं। तीन खिलाड़ियों का मंडल की टीम में चयन एकेडमी के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है। इस अवसर पर एकेडमी के अध्यक्ष सुरेन्द्र तोलानी जी एवं सचिव व संस्थापक तृप्ति अवस्थी ने तीनों खिलाड़ियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विश्वास जताया कि खिलाड़ी प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर जनपद का नाम रोशन करेंगे। एकेडमी के कोच हिमांशु पाल एवं राजेश चौधरी के प्रयासों की सराहना करते हुए तृप्ति अवस्थी ने कहा कि खिलाड़ियों की नियमित प्रैक्टिस, अनुशासन और कोचों के समर्पण का ही परिणाम है कि बच्चे लगातार आगे बढ़ रहे हैं। खिलाड़ियों की यह उपलब्धि उनकी मेहनत और प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रतिफल है। उन्होंने एकेडमी के संरक्षक सेवक सिंह अजमानी जी का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका आशीर्वाद और सहयोग





हमेशा एकेडमी को मिलता रहा है। इसके साथ ही उन्होंने शहर के उन सभी सहयोगियों एवं नगरवासियों का भी धन्यवाद किया, जो अपनी सामर्थ्य के अनुसार एकेडमी की सहायता करते हैं। तृप्ति अवस्थी ने कहा कि जनपद में हॉकी की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए अभी और अधिक संसाधनों एवं सहयोग की आवश्यकता है। हालांकि, सीमित सहयोग के बावजूद एकेडमी बच्चों को निःशुल्क प्रशिक्षण और खेल सामग्री उपलब्ध कराने का प्रयास लगातार कर रही है। उन्हें पूरा विश्वास है कि नगरवासियों का सहयोग इसी तरह मिलता रहा तो लखीमपुर के प्रतिभाशाली बच्चों को खेल के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकेगा।

## गजरौला में भाजपा की बैठक
### कार्यकर्ताओं से जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाने का आह्वान

**पीलीभीत।** 128-बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क और संगठनात्मक गतिविधियों के तहत भाजपा ने गजरौला मंडल के शक्ति केंद्र गजरौला पर कार्यकर्ता बैठक आयोजित की। बैठक में महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से संवाद कर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक को संबोधित करते हुए स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में केंद्र तथा प्रदेश सरकार की ओर से विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों तक सुविधाएं पहुंचाना और जरूरतमंद लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे गांवों में घर-घर जाकर लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दें, ताकि पात्र परिवार इनका लाभ प्राप्त कर सकें।उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को समझें और योजनाओं से संबंधित जानकारी उन तक पहुंचाएं।

# जनता की पीड़ा सुनने से लेकर भोजन की व्यवस्था तक, जनसेवा की मिसाल पेश कर रहे स्वामी प्रवक्तानंद महाराज

- जनता दर्शन के दौरान क्षेत्रवासियों से किया सीधा संवाद
- अधिकारियों से वार्ता कर समस्याओं के निस्तारण के निर्देश

**समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।**

जनप्रतिनिधित्व का वास्तविक उद्देश्य केवल जनता की समस्याएं सुनना ही नहीं, बल्कि उनके समाधान के लिए प्रभावी पहल करना और जरूरत के समय लोगों के साथ खड़े रहना भी है। 128-बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज के खमरियापुल स्थित श्री परम अक्रिय धाम कार्यालय पर संचालित जनता दर्शन कार्यक्रम में जनसेवा का यही स्वरूप देखने को मिलता है। यहां क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनने, उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों से वार्ता करने के साथ प्रतिदिन भोजन की व्यवस्था भी की जाती है, जिससे दूर-दराज से आने वाले लोगों को सहूलियत मिलती है। जनता दर्शन कार्यक्रम के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों और कस्बों से पहुंचे लोगों ने स्वामी प्रवक्तानंद महाराज से मुलाकात कर अपनी आवश्यकताओं, समस्याओं और जनहित से जुड़े मुद्दों को रखा। महाराज ने लोगों का कुशलक्षेम जाना और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। विभिन्न मामलों में संबंधित



अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर उचित निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जनसमस्याओं के समाधान में तत्परता बरतने और आमजन को अनावश्यक परेशानियों से राहत दिलाने पर जोर दिया।

**जनता की समस्याओं के साथ उनकी सुविधाओं का भी ध्यानः** जनसेवा का दायरा समस्याओं के समाधान तक ही सीमित नहीं है, बल्कि लोगों की आवश्यकताओं और सुविधाओं का ध्यान रखना भी इसका महत्वपूर्ण हिस्सा है। श्री परम अक्रिय धाम स्थित कार्यालय पर प्रतिदिन भोजन की व्यवस्था इसी मानवीय दृष्टिकोण को दर्शाती है। अपनी समस्याएं लेकर दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाले लोगों को मुलाकात के दौरान भोजन की चिंता नहीं करनी पड़ती। यह व्यवस्था अतिथि सत्कार, अपनत्व और सेवा भावना का परिचय देती है। अक्सर ग्रामीण क्षेत्रों से लोग अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर जनप्रतिनिधियों तक पहुंचते हैं। ऐसे में उनकी बात ध्यानपूर्वक सुनना, अधिकारियों तक उनकी समस्या पहुंचाना और उनके लिए सहज वातावरण उपलब्ध कराना महत्वपूर्ण होता है। जनता दर्शन के साथ भोजन की व्यवस्था जरूरतमंदों और क्षेत्रवासियों के प्रति संवेदनशीलता का संदेश देती है।

**जनसंवाद से समाधान तक, जवाबदेही पर जोरः** स्वामी प्रवक्तानंद महाराज की ओर से जनता दर्शन के माध्यम से क्षेत्रवासियों से सीधा संवाद स्थापित किया जाता है। लोगों को अपनी समस्याएं रखने का अवसर मिलता है, वहीं संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर समाधान की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाता है। जनप्रतिनिधि और जनता के बीच इस तरह का संवाद प्रशासनिक व्यवस्था तक आमजन की पहुंच को आसान बनाने में सहायक हो सकता है। जनता का विश्वास केवल वादों से नहीं, बल्कि समस्याओं को सुनने, उन पर पहल करने और जरूरत के समय साथ खड़े रहने से मजबूत होता है। स्वामी प्रवक्तानंद महाराज के जनता दर्शन कार्यक्रम में जनसमस्याओं की सुनवाई और प्रतिदिन भोजन की व्यवस्था, जनसेवा के प्रशासनिक और मानवीय दोनों पहलुओं को सामने लाती है। जनप्रतिनिधि की भूमिका क्षेत्र के विकास कार्यों और जनहित के मुद्दों को उठाने के साथ-साथ आमजन की समस्याओं को संबंधित विभागों तक पहुंचाने की भी होती है। जनता दर्शन के दौरान अधिकारियों से वार्ता और भोजन की नियमित व्यवस्था इसी व्यापक जनसेवा की ओर संकेत करती है। क्षेत्रवासियों को अपेक्षा रहती है कि उनकी समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण हो और उन्हें सरकारी सुविधाओं का लाभ सहजता से मिले।


### संबंध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र शिवम सिंह को गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबंध विच्छेद कर लिए हैं, वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। **रविंद्र सिंह पुत्र भजन सिंह निवासी ग्राम नगरिया बुजुर्ग थाना सिंधौली तह.पुवायां शाहजहांपुर।**

## एसआईआर पर प्रमाण दें विपक्ष

मतदाता सूची किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की बुनियाद होती है। चुनाव की निष्पक्षता केवल मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण मतदान से सुनिश्चित नहीं होती, बल्कि इसके लिए मतदाता सूची का शुद्ध, पारदर्शी और विश्वसनीय होना भी अनिवार्य है। ऐसे में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर उठे विवाद के बीच 124 पूर्व अधिकारियों का जनता के नाम पत्र जारी करना महत्वपूर्ण है। भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय विदेश सेवा के इन पूर्व अधिकारियों ने विपक्ष के आरोपों पर सवाल उठाते हुए संवैधानिक संस्थाओं में जनता का भरोसा बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया है। इस पूरे प्रकरण का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि किसी भी प्रशासनिक प्रक्रिया पर सवाल उठाना लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन सवाल और आरोप के बीच का अंतर समझना भी उतना ही आवश्यक है। चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर आपत्ति है तो उसे तथ्यों, दस्तावेजों और प्रमाणों के आधार पर सामने रखा जाना चाहिए। केवल आशंकाओं के आधार पर पूरी प्रक्रिया को संदेहास्पद घोषित कर देना उचित नहीं कहा जा सकता। पूर्व अधिकारियों ने भी अपने पत्र में यही बात रेखांकित की है कि संदेह अपने आप में प्रमाण नहीं होता। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का मूल उद्देश्य मतदाता सूची में मौजूद अशुद्धियों को दूर करना और पात्र मतदाताओं के नाम सुनिश्चित करना है। समय के साथ मतदाताओं के पते बदलते हैं, कुछ मतदाताओं की मृत्यु हो जाती है, कई स्थानों पर एक ही व्यक्ति का नाम एक से अधिक जगह दर्ज हो सकता है और नए पात्र मतदाता सूची में शामिल होने से रह जाते हैं। इन समस्याओं का समाधान करने के लिए मतदाता सूची का नियमित पुनरीक्षण आवश्यक है। यदि किसी प्रक्रिया के माध्यम से इन कमियों को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है तो उसके उद्देश्य पर विचार किए बिना उसका विरोध करना तर्कसंगत नहीं होगा। हालांकि, इसका अर्थ यह भी नहीं है कि एसआईआर की प्रक्रिया में किसी प्रकार की त्रुटि की आशंका को पूरी तरह खारिज कर दिया जाए। व्यापक प्रशासनिक प्रक्रियाओं में गलतियां संभव हैं। किसी पात्र मतदाता का नाम छूटना, दस्तावेजों के सत्यापन में कठिनाई होना या किसी व्यक्ति को अपनी पात्रता साबित करने में अनावश्यक परेशानी का सामना करना गंभीर विषय हैं। लोकतंत्र में एक भी पात्र मतदाता को अनुचित रूप से मतदान के अधिकार से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। इसलिए प्रक्रिया की शुचिता के साथ-साथ उसकी निष्पक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही भी सुनिश्चित होनी चाहिए। यहीं पर विपक्ष की भूमिका का प्रश्न सामने आता है। लोकतंत्र में विपक्ष का दायित्व केवल सरकार या चुनाव आयोग की आलोचना करना नहीं, बल्कि कमियों की पहचान कर उनके समाधान के लिए ठोस विकल्प प्रस्तुत करना भी है। यदि किसी क्षेत्र में मतदाताओं के नाम बड़ी संख्या में हटाए जाने, पात्र नागरिकों को परेशान किए जाने या नियमों के अनुचित इस्तेमाल के प्रमाण उपलब्ध हैं तो उन्हें व्यवस्थित रूप से सामने लाना चाहिए। संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगना चाहिए और आवश्यकता पड़ने पर न्यायालय की शरण लेनी चाहिए। लेकिन बिना पर्याप्त प्रमाण के पूरी प्रक्रिया को वोट चोरी का प्रयास बताने से वास्तविक शिकायतों की गंभीरता भी कम हो सकती है। पूर्व अधिकारियों के पत्र का महत्व इसलिए भी है कि प्रशासनिक और चुनावी प्रक्रियाओं का अनुभव रखने वाले लोगों ने इस विषय पर अपनी राय रखी है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि उनमें से कई अधिकारी चुनाव प्रक्रिया के संचालन से जुड़े रहे हैं और उन्होंने अतीत में चुनावी अनियमितताओं के दौर को भी देखा है। उनका अनुभव इस बहस में महत्वपूर्ण हो सकता है, लेकिन किसी भी पक्ष के तर्क का अंतिम मूल्यांकन उसके प्रमाणों और तथ्यों के आधार पर ही होना चाहिए। न पूर्व अधिकारियों की राय को अंतिम सत्य मानना उचित है, न विपक्ष की प्रत्येक आपत्ति को स्वतः निराधार मान लेना। इस पूरे विवाद में सर्वोच्च न्यायालय की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। जब एसआईआर से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर न्यायिक विचार हो रहा है, तब सभी पक्षों को न्यायिक प्रक्रिया का सम्मान करना चाहिए। विपक्ष के पास यदि ठोस आधार हैं तो उन्हें न्यायालय के सामने प्रस्तुत किया जा सकता है। इसी प्रकार चुनाव आयोग का दायित्व है कि वह प्रक्रिया से संबंधित सवालों का स्पष्ट उत्तर दे, शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करे और पात्र मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करे। संवैधानिक संस्थाओं पर जनता का विश्वास लोकतंत्र की बड़ी पूंजी है। यह विश्वास न तो केवल नारों से बनता है और न ही आलोचना को दबाने से कायम रह सकता है। संस्थाओं को अपनी निष्पक्षता व्यवहार से सिद्ध करनी होती है और राजनीतिक दलों को अपने आरोप प्रमाणों से पुष्ट करने होते हैं। चुनाव आयोग की आलोचना करना किसी भी दल का अधिकार है, लेकिन बिना प्रमाण किसी संस्था की विश्वसनीयता पर लगातार प्रहार करना लोकतांत्रिक विमर्श को कमजोर कर सकता है। दूसरी ओर, संस्थाओं को भी यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनकी प्रक्रियाएं ऐसी हों जिनमें किसी पात्र नागरिक को अपनी बात रखने के लिए संघर्ष न करना पड़े। 124 पूर्व अधिकारियों का पत्र इसी व्यापक बहस के संदर्भ में देखा जाना चाहिए। यह पत्र विपक्ष के लिए आत्ममंथन का अवसर है, लेकिन चुनाव आयोग के लिए भी यह याद दिलाने वाला विषय है कि पारदर्शिता और जवाबदेही से ही विश्वास मजबूत होता है। लोकतंत्र में मतदाता सर्वोपरि है। उसकी पहचान, पात्रता और मतदान का अधिकार किसी राजनीतिक संघर्ष की भेंट नहीं चढ़ना चाहिए।

### दो टूक




# भारत की सामरिक शक्ति की नई कसौटी


राकेश मिश्रा

राष्ट्रीय सुरक्षा की वास्तविक शक्ति केवल लड़ाकू विमानों, युद्धपोतों या आधुनिक हथियारों की संख्या से नहीं मापी जा सकती। निर्णायक प्रश्न यह है कि संकट की घड़ी में उपलब्ध संसाधनों का कितनी तेजी, सटीकता और प्रभावी समन्वय के साथ उपयोग किया जा सकता है। आधुनिक सुरक्षा परिवेश में तकनीकी दक्षता, विश्वसनीय सूचना, प्रशिक्षित मानव संसाधन और विभिन्न संस्थाओं के बीच तालमेल ही किसी देश की सामरिक तैयारी को वास्तविक क्षमता में बदलते हैं। अक्टूबर 2026 में ओडिशा के पारादीप तट पर आयोजित भारतीय तटरक्षक बल का समुद्री खोज एवं बचाव अभ्यास सारेक्स-26 और राजस्थान के जोधपुर में आयोजित भारतीय वायु सेना का बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास तरंग शक्ति-2026 इसी व्यापक दृष्टिकोण को सामने रखते हैं। दोनों अभ्यासों का कार्यक्षेत्र अलग है लेकिन उनका मूल संदेश समान है- राष्ट्रीय सुरक्षा की सफलता केवल साधनों की उपलब्धता में नहीं बल्कि उनके समन्वित और समयबद्ध इस्तेमाल में निहित है।



**समुद्री सुरक्षा : संकट के समय क्षमता की परीक्षा:** भारतीय तटरक्षक बल द्वारा 8 अक्टूबर को पारादीप के समुद्री क्षेत्र में आयोजित सारेक्स का उद्देश्य समुद्र में संकटग्रस्त लोगों की खोज, बचाव और विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय की क्षमता को परखना था। राष्ट्रीय समुद्री खोज एवं बचाव बोर्ड के अंतर्गत आयोजित इस अभ्यास से पहले 7 अक्टूबर को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसमें 30 देशों की भागीदारी और 32 देशों के पर्यवेक्षकों की उपस्थिति ने समुद्री सुरक्षा के अंतरराष्ट्रीय महत्व को रेखांकित किया। अभ्यास का केंद्र तकनीक-सक्षम खोज एवं बचाव तैयारी और समुद्री सुरक्षा था। इसके अंतर्गत समुद्र में यात्री विमान दुर्घटना तथा मालवाहक जहाज से टक्कर जैसी आपात स्थितियों का अनुकरण किया गया। लगभग 228 लोगों से जुड़ी संकट-परिकल्पना के माध्यम से खोज, बचाव, अग्निशमन, हवाई निकासी और विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय की प्रक्रियाओं को परखा गया। भारतीय तटरक्षक बल के साथ नौसेना, वायु सेना और अन्य संबंधित एजेंसियों की भूमिका ने यह दिखाया कि समुद्री आपदा से निपटना किसी एक संस्था का काम नहीं बल्कि साझा जिम्मेदारी है। भारत के लिए यह तैयारी विशेष महत्व रखती है। हिंद महासागर क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय व्यापार, ऊर्जा आपूर्ति और समुद्री संपर्क का प्रमुख मार्ग है। यहां किसी दुर्घटना, प्राकृतिक आपदा या बड़े समुद्री संकट के समय शुरुआती सूचना, घटनास्थल की सही पहचान, बचाव संसाधनों की तैनाती और एजेंसियों के बीच स्पष्ट संचार निर्णायक साबित हो सकते हैं। हालांकि, किसी अभ्यास की सफलता केवल उसके प्रदर्शन से तय नहीं होती। असली कसौटी यह है कि उससे मिली सीख वास्तविक परिस्थितियों में प्रतिक्रिया का समय घटाने, लोगों की जान बचाने और संसाधनों के बेहतर उपयोग में कितनी मदद करती है।

**तरंग शक्ति : वायु शक्ति के साथ सहयोग की ताकत:** जोधपुर में 26 सितंबर से 12 अक्टूबर, 2026 तक आयोजित तरंग शक्ति-2026 ने हवाई संचालन और अंतरराष्ट्रीय सैन्य सहयोग के एक अलग आयाम को सामने रखा। इस दूसरे संस्करण में ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी, संयुक्त अरब अमीरात, श्रीलंका और बांग्लादेश की वायु सेनाओं ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त 32 देशों के पर्यवेक्षकों की उपस्थिति ने अभ्यास के व्यापक सामरिक महत्व को रेखांकित किया। लड़ाकू विमानों, परिवहन विमानों और हवा में ईंधन भरने वाले विमानों की भागीदारी ने वायु संचालन की विविध क्षमताओं को सामने रखा। 10 अक्टूबर को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस अभ्यास के संदर्भ में कहा, अलग-अलग देश, अलग-अलग विमान, अलग-अलग अनुभव लेकिन आकाश एक। यह कथन बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यासों की मूल भावना को व्यक्त करता है। अलग-अलग देशों की परिचालन प्रक्रियाओं, तकनीकी अनुभवों और प्रशिक्षण पद्धतियों से परिचित होने पर भाग लेने वाली सेनाओं की आपसी समझ और सहयोग की क्षमता बढ़ सकती है। आधुनिक हवाई अभियानों में केवल विमान की गति या हथियारों की क्षमता पर्याप्त नहीं होती। पायलटों का प्रशिक्षण, लक्ष्य की पहचान, सुरक्षित संचार, हवाई ईंधन की उपलब्धता, सूचना का आदान-प्रदान और बदलती परिस्थितियों में निर्णय लेने की क्षमता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। ऐसे अभ्यास इन पहलुओं को समझने और परखने का अवसर देते हैं। फिर भी, बहुराष्ट्रीय अभ्यास को औपचारिक सैन्य गठबंधन या किसी साझा युद्ध प्रतिबद्धता के समान नहीं माना जाना चाहिए। भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग का महत्व अपनी परिचालन क्षमता और साझेदार देशों के साथ समझ बढ़ाने में है जबकि रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखना उसकी विदेश और सुरक्षा नीति का महत्वपूर्ण आधार है।

**ऑपरेशन सिंदूर और आधुनिक युद्ध की बदलती आवश्यकताएँ:** ऑपरेशन सिंदूर ने यह रेखांकित किया कि आधुनिक सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयारी, सटीक योजना, विश्वसनीय सूचना और विभिन्न क्षमताओं के बीच समन्वय कितना आवश्यक है। समकालीन सैन्य अभियानों में तकनीकी साधनों की उपलब्धता के साथ-साथ उनका प्रभावी इस्तेमाल, परिस्थितियों का सही आकलन और समय पर निर्णय भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सारेक्स और तरंग शक्ति-2026 को ऑपरेशन सिंदूर का प्रत्यक्ष परिणाम या उससे जुड़ी कोई औपचारिक कड़ी मानना उचित नहीं होगा। हालांकि, तीनों के व्यापक सामरिक संदर्भ में एक साझा सीख दिखाई देती है- प्रशिक्षण, तकनीकी दक्षता, परिचालन तैयारी और समन्वित कार्रवाई राष्ट्रीय सुरक्षा को अधिक प्रभावी बनाते हैं। आज के सुरक्षा परिवेश में सूचना का विश्लेषण और कार्रवाई का निर्णय लेने के बीच का समय लगातार महत्वपूर्ण हो रहा है। समुद्र में संकटग्रस्त जहाज या विमान की पहचान हो अथवा हवाई अभियान के दौरान बदलती परिस्थितियों का आकलन, समय पर सही निर्णय ही उपलब्ध संसाधनों की उपयोगिता निर्धारित करता है।

**भारत के लिए तीन रणनीतिक प्राथमिकताएँ:** पहली - संस्थागत समन्वय को मजबूत करना। समुद्री सुरक्षा, हवाई रक्षा और आपदा प्रबंधन में विभिन्न एजेंसियों के बीच स्पष्ट जिम्मेदारियाँ, प्रभावी संचार और संसाधनों का साझा उपयोग आवश्यक है। संयुक्त अभ्यासों से प्राप्त अनुभवों को नियमित प्रशिक्षण और मानक संचालन प्रक्रियाओं में शामिल किया जाना चाहिए। दूसरी -आत्मनिर्भरता के साथ तकनीकी विश्वसनीयता। स्वदेशी रक्षा उत्पादन भारत की दीर्घकालिक सामरिक क्षमता के लिए महत्वपूर्ण है। एलसीए तेजस और एलसीएच प्रचंड जैसे स्वदेशी प्लेटफॉर्म इस दिशा में उल्लेखनीय उदाहरण हैं। लेकिन आत्मनिर्भरता का वास्तविक लाभ तभी मिलेगा, जब उपकरणों की परिचालन उपलब्धता, कलपुर्जों की समयबद्ध आपूर्ति, रखरखाव, तकनीकी उन्नयन और प्रशिक्षित कर्मियों की व्यवस्था भी मजबूत हो।
तीसरी -अंतरराष्ट्रीय सहयोग और रणनीतिक स्वायत्तता में संतुलन। बहुराष्ट्रीय अभ्यासों से अनुभव और परिचालन समझ बढ़ती है। भारत को ऐसे सहयोग का लाभ उठाते हुए हिंद महासागर और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपने राष्ट्रीय हितों, स्वतंत्र निर्णय क्षमता और सुरक्षा प्राथमिकताओं को केंद्र में रखना होगा।

(यह लेखक के अपने विचार हैं।)

# सर्वभूतेषु माँ अनुभूति


हृदयनारायण दीक्षित

प्रकृति मां है। मां प्रथमा है। हम सब मां के अंग हैं। मां का ही विस्तार हैं। मां न होती तो हम न होते। मां सृष्टि प्रकृति की आदि अनादि अनुभूति है। मां दिव्य है। मां का अनुभव दिव्यता है। तैत्तिरीय उपनिषद् के ऋषि ने ठीक ही मां को देवता कहा है। देवता दिव्यता की ही घनीभूत अनुभूति है। जहां-जहां दिव्यता, वहां-वहां देवता। प्रकृति का सर्वोत्तम है दिव्यता। पृथ्वी प्रकृति का ही अंश है इसलिए पृथ्वी भी माता है। जल सृष्टि सृजन का प्राचीन घटक है। ऋग्वेद में जल भी माताएं-आपः मातरम् हैं। माता अपने स्वभाव से ही दाता व विधाता है। वे अपने प्रेम प्रवाह का प्रतिदान नहीं लेती। जीवन प्रकृति का अनुग्रह है। इसमें जल है, अग्नि, वायु, आकाश और पृथ्वी के अंश हैं।

प्रकृति देवी है। माता है। इस माता का ऋण है हम पर। अनुकम्पा के प्रति धन्यवादी बने रहना भारतीय संस्कृति है। प्रकृति का दोहन, शोषण यूरोपयी सभ्यता है। प्रकृति का पोषण, संवर्द्धन भारतीय परम्परा है। व्रत, ध्यान आदि आस्था के विषय हैं। मुख्य बात है- प्रकृति में मां देखने की अनुभूति। यह अनुभूति सर्वभूतेषु मातृरूपेण प्रतीति है। यही देवी उपासना है। देवी उपासना प्रकृति का ही नीराजन है। दुर्गा सप्तशती (पांचवें अध्याय) में कहते हैं, जो परम दिव्यता देवी मां के रूप में हरेक तत्व में उपस्थित है, उन्हें अनेक बार नमस्कार है-या देवी सर्वभूतेषु मातृरूपेण संस्थिता नमस्तस्ये नमस्तस्ये नमो नमः। यह दिव्यता अनेक रूपों में भी प्रकट होती है, अनेक भावों में भी उगती है। ऋषि गाते हैं जो देवी लज्जा, क्षमा और चेतना आदि के रूप में सभी तत्वों में उपस्थित हैं, उसे अनेकशः नमस्कार है। ये नमस्कार भावजगत की गहराई से उगे हैं। वे सामान्य कर्मकाण्ड नहीं हैं। देवी दर्शन में सामने मूर्ति होती है। देखने में ही यह मूर्ति है, दर्शन में नहीं। हम मूर्त शरीर में यंत्र हैं लेकिन भीतर मंत्र हैं। मूर्ति के पार विराट अस्तित्व है। अस्तित्व मां है। हम उसके अंश। अन्य उपासनाओं में हम तरल सरल नहीं होते। मां उपासना में सुविधा है। हम शिशु हैं और अस्तित्व मां। प्रकृति दिव्य है, इस दिव्यता की अनुभूति दिक्काल में नहीं रहने देती। प्रसन्नता आह्लाद या पीड़ा छुपाए नहीं जा सकते। हम लाख जतन करें-प्रसन्नता केन्द्र से फैलकर परिधि पर आ ही जाती है। दिव्यता की अनुभूति सामान्य प्रसन्नता नहीं है। दिव्यता सम्पूर्णता की ही आभा और प्रभा है। यही अनुभूति नमस्तस्ये नमस्तस्ये, नमो नमः में प्रकट हुई है। प्रकृति में अनेक रंग, अनेक रूप। बहरूपधारी वनस्पतियां, कीट, पतिंग, पशु, पक्षी, मनुष्य, नक्षत्र, चन्द्र, सूर्य और पर्वत। लेकिन सबके भीतर एक चैतन्य आत्म गतिशील है। गीत एक है और छन्द अनेक। गंगा एक घाट बहुतेरे। जल एक है नदी, पोखर, झील, समुद्र, बादल, वर्षा अनेक रूप हैं। अग्नि एक हैं। एक ही अग्नि तत्व सभी रूपों में रूप प्रतिरूप हो रहा है। यम ने नचिकेता को कठोपनिषद् की कथा में बताया था ÷अग्निर्थेको भुवनं प्रावेष्टो रूपं रूपं प्रतिरूपो बभूव - अग्नि है। वही अग्नि हरेक रूप में प्रविष्ट होकर उसी के अनुरूप हो जाते हैं। प्रकृति के सभी रूप एक ही चेतना का प्रकटीकरण हैं। या देवी सर्वभूतेषु चेतन विधीयते में सभी तत्वों में चेतना के रूप में उपस्थित देवी को नमस्कार है। सभी तत्व परस्पर अन्तर्सम्बन्धी है। महाऊर्जा एक है। वही दुर्गा है और वही महालक्ष्मी, काली या सरस्वती। हम अपनी सुविधानुसार प्रतीक चुनते हैं। छन्दस प्रिय वीणावादिनी सरस्वती में मातृत्व देखते हैं और शक्ति अभीप्सु दुर्गा में। धनप्रेमी लक्ष्मी के साथ जुड़ते हैं। लेकिन सारे रूप, प्रतीक या प्रतिमान हैं। हमारे चित्त का ही रूपायन। हमारी आस्तिकता की दिव्य अभीप्सा।

देवी उपासना प्रकृति के मातृस्वरूप की ही आस्तिकता हैं। प्रकृति भी आस्तिक है। विंध्य पर्वत अतिप्राचीन है। यहां लाखों देवी उपासकों की भीड़ जुटती है। देवी को विंध्यवासिनी कहा जाता है। लेकिन इस क्षेत्र को एक और खूबसूरत नाम मिला है- विंध्यांचल। मुझे यह नाम बड़ा प्यारा लगता है। मां के आंचल का विस्तार है-विंध्याचल। आंचल आश्वस्ति है। हम सब शैशव में बहुत रोये चिल्लाए हैं। स्मरण है कि मेरी चिल्लपों पर बड़ों ने डांटा तो और जोर से चिल्लाए। मां ने उठा लिया, सुबकने लगे। मां ने आंचल में लिया तो फिर से मुस्कान। क्या प्रत्यक्ष इस भौतिक सत्य को अंधविश्वास कह सकते हैं? मैं स्वयं विंध्याचल जाता हूं। बहुत पढ़ा-सुना है इस शक्तिपीठ के सम्बंध में। हमारा मन निर्णायक नहीं है। नास्तिकता कहती है कि यह व्यर्थता है लेकिन आस्तिकता उपासना के लिए प्रेरित करती है। देवी उपासना का क्षेत्र व्यापक है। असम में है ही कोलकाता में काली दर्शन की भीड़ लगती है। अव्यवस्था का राज यहां भी पीड़ादायी है। जम्मू में वैष्णव देवी की उपासना शिखर पर्वत पर है। सभी शक्तिपीठ अपनी तमाम कथाओं और रहस्यों से भरेपूरे हैं। प्रकृति सभी प्राणियों की जननी है। डॉ0 राधाकृष्णन् ने गीता (14.4) के भाष्य में कहा है सभी जीवित रूपों की माता प्रकृति है। प्रकृति से हमारा सम्बन्ध मां और संतति का है। उपासना या भक्ति के प्रारम्भ में हम 'दो' होते हैं। एक माता और दूसरे हम। लेकिन सामान्य समझ में मां और हम दो नहीं है। प्रकृति विकासमान है। सांख्य चिन्तन में विकार प्रकृति विकास का अगला रूप है। हमारा रूप प्रकृति का ही रूप है। हमारे गुण प्राकृतिक हैं। सभी रूप प्रकृति के ही रूप हैं। हम अपनी सुविधा के लिए उन्हें अनेक नाम देते हैं। दुर्गा, काली, सरस्वती, शाकम्भरी, महामेधा, कल्याणी, वैष्णवी, पार्वती आदि-आदि। नाम स्मरण बोध में सहायक हैं। असली बात है-मां। या देवी सर्वभूतेषु मातृरूपेण संस्थिता, नमस्तस्ये, नमस्तस्ये नमो नमः।

अंधविश्वास या आस्था का कोई प्रश्न नहीं। विज्ञान प्रकृति में पदार्थ और ऊर्जा देख चुका है। समूची प्रकृति एक अखण्ड इकाई है। इस अखण्ड इकाई का नाम क्या रखें? कठिनाई बड़ी है। नाम रखते ही रूप का ध्यान आता है। रूप की सीमा है। अखण्ड प्रकृति अनंत है। असीम और अव्याख्येय। माँ प्रत्येक जीव की आदि अनादि अनुभूति है। माँ की देह का विस्तार ही हम सबकी काया है। माँ न होती तो हम न होते। मां प्रत्यक्ष ब्रह्म है। आत्मीय ब्रह्म है। ऋग्वेद का सुपरिचित पुरूष है। यही पोषक पालक अदिति है। उसका स्पर्श सर्वोत्तम प्यार है। भारतीय परम्परा का ईश्वर या भगवान सुपरिचित शक्ति नहीं है। उसकी स्तुति भी 'त्वमेव माता-आप माता हैं' से शुरू होती है और त्वमेव पिता, बंधु मित्र तक विस्तार पाती हैं। अस्तित्व का सबसे बड़ा गुण है मां जैसा होना। माँ स्वाभाविक ही दिव्य हैं। देवी हैं, पूज्य हैं, वरेण्य हैं, नीराजन और आराधन के योग्य हैं। मार्कण्डेय ऋषि ने ठीक ही दुर्गा सप्तशती (अध्याय 5) में या देवी सर्वभूतेषु मातृरूपेण संस्थिता बताकर नमस्तस्ये, नमस्तस्ये नमस्तस्ये नमोनमः कहकर अनेक बार नमस्कार किया है। माँ का रस, रक्त और पोषण ही प्रत्येक जीव का मूलाधार है। हम माँ का विस्तार हैं सो मां जैसी सर्जक पालक शक्ति के निकट होना आनंददायी है। सप्तशती में संसार की सारी विद्याओं को भी मां देवी देखा गया है विद्या समस्ता तव देवि भेदा। जो देवी सभी तत्वों में माँ के रूप में उपस्थित है, उसे बारम्बार नमस्कार है-या देवी सर्वभूतेषु मातृरूपेण संस्थिता नमस्तस्ये नमस्तस्ये नमस्तस्ये नमो नमः।

(यह लेखक के अपने विचार हैं।)

### कोरस


संजय एम तराणेकर

## न्याय मशाल-नवी पिल्लई को नमन...!

जिसने अन्याय के आगे झुकना नहीं सीखा,
जिसने अत्याचारों के आगे रुकना न सीखा।
मानवता की पीड़ा को अपना दर्द है बनाया,
नवी पिल्लई ने देखों न्याय का दीप जलाया।

दक्षिण अफ्रीका की धरती से उठी है आवाज़,
इसमें साहस, संकल्प और न्याय का आगाज़।
रंगभेद की दीवारों से जब इंसानियत कराहती,
तब उनके संघर्ष की लौ अंधेरों से लड़ जाती।

न थी सत्ता की चाहत, न शोहरत का अरमान,
उनके लिए सर्वोपरि था मानवता का सम्मान।
उसने कानून की ताकत को हथियार बनाकर,
हर बार लड़ीं वो लड़ाई अन्याय को मिटाकर।

न्यायालयों के गलियारों में उनकी पहचान बनी,
पीड़ितों की आँखों में उम्मीद की मुस्कान बनी।
महिलाओं के अधिकारों की बुलंद आवाज़ रहीं,
कमज़ोरों के हक़ में संघर्ष का आगाज़ है सही।



# नवजीवन के प्रतीक स्त्री शक्ति के नौ रूप


प्रमोद भार्गव

शारदेय नवरात्रों में एक बार फिर हम स्त्री शक्ति के नौ रूपों की पूजा करेंगे। नवरात्र में जो नव उपसर्ग हैं, वे नौ की संख्या के साथ-साथ नूतनता के भी प्रतीक हैं। इस अर्थ में वे परिवर्तन के सूचक हैं। ये रूप-शक्ति, स्त्रीत्व और समृद्धि के प्रतीक भी हैं। इन स्वरूपों की पूजा करते हुए स्त्री रूपी इन देवियों के भव्य रूप हमारी चेतना में उपस्थित रहते हैं। इन्हें शक्ति रूप इसलिए कहा जाता है क्योंकि जब सृष्टि के सृजन काल में देव पुरूष, दानवों से पराजित हुए तो उन्हें राक्षसों पर विजय के लिए दुर्गा से अनुनय करना पड़ा। एक अकेली दुर्गा ने विभिन्न रूपों में अवतरित होकर अनेक रक्षसों का नाश कर सृष्टि के सृजन को व्यवस्थित रूप देकर गति प्रदान की। प्रतीक रूप में ये रूप अंततः मनुष्य की ही विभिन्न मनोदशाओं के परिष्कार से जुड़े हैं। इन मनोदशाओं को राक्षसी प्रवृत्ति कह सकते हैं, जो मनुष्य की नकारात्मक विकृतियों के भी प्रतीक हैं। इन रूपों के महत्व को जानते हैं।

नवदुर्गा में शैल पुत्री प्रथम दुर्गा मानी जाती हैं। इनके हाथों में त्रिशूल और कमल पुष्प सुशोभित हैं। इनका वाहन वृषभ है। शैल पुत्री अपने पूर्वजन्म में दक्ष प्रजापति की कन्या थीं और इनका नाम सती रखा गया। पिता की इच्छा के विरुद्ध सती ने भगवान शिव से विवाह किया। दक्ष ने एक बार महायज्ञ का आयोजन किया। किंतु इसमें शिव व सती को आमंत्रित नहीं किया। इसे सती ने शिव का अपमान माना और बिना बुलाए ही यज्ञस्थल पर पहुंच गईं। वहां उन्होंने अपने पिता को शिव को आमंत्रित करने के लिए बाध्य किया। किंतु प्रजापति ने शिव का उपहास उड़ाया और उन्हें बुलाने से इनकार कर दिया। तब सती ने क्रोधित होकर यज्ञकुंड में कूंदकर प्राणों की आहुति दे दी। शिव को जब सती के प्राण त्यागने का समाचार मिला तो उन्होंने अपने गणों को भेजकर यज्ञ का विध्वंस करा दिया। बाद में शिव सती के जले शव को कंधे पर लेकर भटकते रहे। पुराणों में उल्लेखित है कि इस दौरान सती के अंग बारह स्थानों पर गिरे। उन्हें बारह ज्योतिर्लिंग की मान्यता प्राप्त है। अगले जन्म में यही सती शैलराज हिमालय के घर में पैदा हुईं और शैलपुत्री कहलाईं। उन्हें ही पार्वती कहा जाता है।

दुर्गा का दूसरा रूप ब्रह्मचारिणी का है, श्वेत वस्त्रधारी ब्रह्मचारिणी के एक हाथ में जपमाला और दूसरे में कमंडल है। ब्रह्मचारिणी का जन्म पर्वतराज हिमालय की पत्नी मैना के गर्भ से हुआ था। पहले इनका नाम शुभ लक्षणों को देखते हुए पार्वती रखा गया। बाद में नारद मुनि ने हिमालय को बताया कि यही पार्वती पूर्व जन्म में सती थीं। इस रहस्य को जानने के बाद पार्वती में शिव को प्राप्त करने की इच्छा जागृत हो गई। इसके लिए देवी ने कठिन तपस्या की। इससे उनका शरीर कृशकाया में बदल गया। तपस्या से तीनों लोकों में हाहाकार मच गया। तब ब्रह्मा ने उनके समक्ष उपस्थित होकर मनचाहा वर मांगने की प्रार्थना की। पार्वती ने शिव को मांगा। ब्रह्मा ने पार्वती को आशीर्वाद तो दिया ही, उनकी काया को भी सुंदर रूप में बदल दिया। यहीं ब्रह्मा ने तप का आचरण करने के कारण ब्रह्मचारिणी का नाम दिया।

नवरात्रों के तीसरे दिन दुर्गा के शरीर से नई शक्ति के रूप में चंद्रघंटा की वंदना की जाती है। सिंह पर सवार ये देवी निडरता के साथ सौम्यता के गुणों से भी भरपूर हैं। इनके आभामंडल से अदृश्य शक्ति का विकिरण होता रहता है। इनके शरीर का वर्ण स्वर्ण है। इनके दस हाथ हैं, जिनमें खड्ग, अस्त्र-शस्त्र, बाण आदि विभूषित हैं। देवासुर संग्राम में इनके घंटे की भयानक ध्वानि से सैंकड़ों दैत्य मारे गए थे। इनकी मुद्रा हमेशा युद्ध के लिए तत्पर दिखाई देती है।

दुर्गा का चौथा स्वरूप कूष्मांडा देवी का है। इनका निवास सूर्यलोक में है इसीलिए इनके शरीर की कांति और आभा सूर्य के समान सदैव प्रकाशित रहती है। सृष्टि के संपूर्ण प्राणियों में इन्हीं देवी का आलोक प्रदीप्त है। जब ब्रह्माण्ड का अस्तित्व नहीं था और चारों और अंधेरा था, तब इन देवी ने अपनी मंद मुस्कान द्वारा अंड अर्थात ब्रह्माण्ड की उत्पत्ति की। इसी कारण इन्हें कूष्मांडा कहा गया। सिंह पर सवार कूष्मांडा अष्ट भुजाधारी हैं। इनके हाथों में कमण्डल, धनुष-बाण, कमल-पुष्प, अमृत-कलश, चक्र गदा और सभी प्रकार की सिद्धियां व जपमाला सुशोभित हैं।

दुर्गा का पांचवां रूप स्कंद माता का है। इनके पुत्र कार्तिकेय का एक नाम स्कंद है इसलिए इन्हें स्कंद माता कहा जाता है। सिंह पर सवार इन देवी की चार भुजाएं हैं। इनके दो हाथों में कमल पुष्प हैं एक हाथ वरदान की मुद्रा में है और दूसरा हाथ पुत्र स्कंद को गोद में लिए है। इस कारण ये पद्मासना देवी भी कहलाती हैं।

इनके बाद छठे दिन देवी कात्यायनी की पूजा की जाती है। कात्य नामक ऋषि की वंशावली में एक प्रसिद्ध ऋषि कात्यायन हुए हैं। ये दुर्गा के भक्त थे। इस भक्ति से प्रसन्न होकर दुर्गा ने कात्यायन को कोई वर मांगने को कहा। तब महर्षि ने दुर्गा से अपने घर में पुत्री के रूप में जन्म लेने का आग्रह किया। दुर्गा ने यही वरदान दे दिया। कुछ समय बाद जब पृथ्वी पर महिषासुर नाम के असुर का अत्याचार बढ़ गया, तब दुर्गा के तेज से कात्यायन की पत्नी की कोख से देवी कात्यायनी ने जन्म लिया। पुराणों में ऐसा कहा गया है कि इस तेज में ब्रह्मा, विष्णु और महेश के तेज का भी समावेश है। चार भुजाधारी कात्यायनी का वाहन सिंह है। इनकी चार भुजाओं को धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष का प्रतीक माना गया है।



दुर्गा के सातवें रूप को देवी कालरात्रि के नाम से जाना जाता है। इनकी काया अमावस्या की गहरी काली रात की तरह काली है। इनके मस्तक पर तीन नेत्र विद्यमान हैं, जो ब्रह्मांड के समान गोल तथा तीन लोकों के प्रतीक हैं। इनके केस घने एवं बिखरे हुए हैं। इनके गले में विद्युत ज्वाला सी प्रकाशित माला पड़ी हुई है। सांस लेते समय इनके नासिका छिद्रों से अग्नि की लपटें निकलती रहती हैं। इनकी सवारी गधा है और ये चार भुजाओं वाली हैं। इनके दो हाथों में तलवार और नुकीला अस्त्र है। जबकि एक हाथ वरदान की मुद्रा में और दूसरा अभय की मुद्रा में है। इन देवी को राक्षस और भूत-प्रेत का विनाश करने वाली देवी माना जाता है।

दुर्गा पूजन के आठवें दिन महागौरी की उपासना की जाती है। महागौरी ने शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए लंबे समय तक तपस्या की। इस समय उन्होंने धूप, आंधी, वर्षा और ठंड के थपेड़े सहे। इस कारण उनका शरीर कृशकाय और काला हो गया। अंत में जब भगवान शिव ने पार्वती रूपी इन महागौरी को पत्नी रूप में स्वीकार किया तब शिव ने अपनी जटाओं से निकलने वाली गंगा की जलधारा से पार्वती का शरीर धोया। इस पवित्र और शुद्ध गंगाजल से पार्वती का मैल धुल गया और उनका शरीर गौर वर्ण की तरह चमकने लगा। इसी कारण वे महागौरी के नाम से जानी जाने लगीं। इनका वाहन बैल है और इनकी मुद्रा अत्यंत शांत एवं सौम्य है।

नवरात्रि के अंतिम यानी नौवें दिन सिद्धिदात्री की पूजा करने की परंपरा है। ये सभी रिद्धी-सिद्धियों की स्वामिनी हैं।

पुराण कथाओं के अनुसार जब दुर्गा के मन में सृष्टि की रचना का विचार उत्पन्न हुआ, तब उन्होंने शिव को उत्पन्न किया। शिवजी ने उत्पन्न होने पर दुर्गा से सिद्धियों की मांग की। शिव को सिद्धियां प्रदान करने के लिए एक अंश से देवी सिद्धिदात्री का जन्म हुआ। जो सभी प्रकार की सिद्धियों की ज्ञाता थीं। बाद में सिद्धिदात्री ने शिव को 18 प्रकार की दुर्लभ, अमोघ और शक्तिशाली सिद्धियां दीं। इनसे ही शिव में अलौकिक शक्तियों का तेज उत्पन्न हुआ। इसके बाद शिव ने विष्णु की और विष्णु ने ब्रह्मा की उत्पत्ति की। ब्रह्मा को सृष्टि रचना का, विष्णु को सृष्टि पालन का और शिव को सृष्टि के संहार का दायित्व सुपुर्द किया।

ब्रह्माजी को जब नर एवं नारी के अभाव में सृष्टि की रचना असंभव लगने लगी, तब उन्होंने माता सिद्धिदात्री का स्मरण किया। तब सिद्धिदात्री ने प्रकट होकर सिद्धियों द्वारा शिव का आधा शरीर नारी का बना दिया। इस प्रकार शिव आधे नर और आधे नारी के रूप में अर्धनारीश्वर कहलाए। तब कहीं जाकर ब्रह्मा की सृष्टि सृजन संबंधी समस्या का समाधान हुआ। दुर्गा के इन स्त्री रूपों में नारी की इतनी महिमा होने के बावजूद हम हैं कि न केवल स्त्री के साथ दुराचार कर रहे हैं बल्कि कोख में भी स्त्री-भ्रूण की हत्या करने का महापाप कर रहे हैं। सही मायने में नवरात्रि व्रत उपवास का संदेश स्त्री के सरंक्षण से जुड़ा है।

(यह लेखक के अपने विचार हैं।)

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### सुमेरपुर में 120 स्थानों पर सजे मां के पंडाल, उमड़े भक्त

सुमेरपुर (हमीरपुर)। शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन रविवार को कस्बे और ग्रामीण क्षेत्रों में मां दुर्गा की आराधना शुरू हो गई। भोर से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और भक्तों ने मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। क्षेत्र में 120 स्थानों पर मां दुर्गा के भव्य पंडाल सजाकर प्रतिमाओं की स्थापना की गई। कस्बे के पंचमढ़ी, पाथामाई, विंध्यवासिनी और गायत्री मंदिर सहित प्रमुख धार्मिक स्थलों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। बांक के मौहर देवी मंदिर, इंगोहटा के त्रिशक्ति मंदिर, बिदोखर मेदनी के पाथामाई मंदिर, देवगांव के कामाख्या देवी मंदिर और बिदोखर पुरई के काली माता मंदिर में भी श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे। कस्बे के रामलीला मैदान, टॉकीज मार्ग, रानी लक्ष्मीबाई तिराहा, सब्जी मंडी और बांकी मार्ग समेत विभिन्न स्थानों पर सजे पंडालों में भक्तों की भीड़ रही।

### पाइपलाइन लीकेज से मकान की नींव में घुस रहा पानी

सुमेरपुर (हमीरपुर)। कस्बे के अंबेडकर नगर वार्ड नंबर तीन में पेयजल पाइपलाइन के लीकेज से पानी बर्बाद हो रहा है। रिसाव का पानी मकान की नींव और दीवारों में पहुंचने से नुकसान की आशंका जताते हुए महिला ने जल संस्थान के अधिकारियों से पाइपलाइन की मरम्मत कराने की मांग की है। रघुवीर पैलेस के पीछे रहने वाली सरवरी बेगम पत्नी नाजिम अली ने जलकल अभियंता, जल संस्थान की हमीरपुर इकाई को शिकायती पत्र भेजा है। उन्होंने बताया कि घर के पास पाइपलाइन में लीकेज होने से प्रतिदिन बड़ी मात्रा में पेयजल बहकर बर्बाद हो रहा है। पानी मकान की नींव और दीवारों में घुस रहा है, जिससे भवन को नुकसान पहुंचने और उसके कमजोर होने का खतरा है। महिला ने अधिकारियों से तकनीकी टीम भेजकर लीकेज ठीक कराने और पेयजल की बर्बादी रोकने की मांग की है।

### एसडीओ लिखी बोलेरो के चालक की मारपीट का वीडियो वायरल

सुमेरपुर (हमीरपुर)। कस्बे की उद्योग नगरी स्थित शराब ठेका नंबर पांच के सामने एसडीओ लिखी बोलेरो के चालक द्वारा एक युवक से मारपीट और गाली-गलौज करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि, वायरल वीडियो की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। वीडियो में बोलेरो चालक गाड़ी से उतरकर युवक से मारपीट करता दिखाई दे रहा है। इसके बाद वह गाड़ी का हूटर बजाते हुए मौके से चला जाता है। थानाध्यक्ष पवन कुमार पटेल ने बताया कि मामला अभी संज्ञान में नहीं है और किसी ने शिकायत नहीं की है। शिकायत मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### संघ के शाखा संगम में जुटे हजारों स्वयंसेवक

कुरारा (हमीरपुर)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर कुरारा खंड का शाखा संगम कार्यक्रम मौन बगार, भौली रोड पर आयोजित किया गया। इसमें छह मंडलों के 40 गांवों की शाखाओं के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। स्वयंसेवकों ने खेल और समता सहित विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में प्रांत प्रचारक श्रीराम ने कहा कि वर्ष 1925 में विजयादशमी के दिन स्थापित संघ आज शाखाओं के माध्यम से देशभर में कार्य कर रहा है। उन्होंने स्वयंसेवकों को मार्गदर्शन दिया। इस मौके पर विभाग संघचालक गोपालदास पालीवाल, खंड संघचालक अर्जुन सिंह, विभाग प्रचारक ऋतुराज, जिला प्रचारक धनंजय, विभाग प्रचार प्रमुख राजेश शुक्ल, जिला प्रचार प्रमुख भारत सिंह, खंड प्रचारक सचिन, ब्लॉक प्रमुख आशीष पालीवाल, चेयरमैन आशारानी कबीर सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। आयोजकों के अनुसार, कार्यक्रम में हजारों स्वयंसेवकों और महिलाओं ने भाग लिया।

### मां काली की आगमन शोभायात्रा निकली, उमड़ा जनसैलाब

गुरसरांय (झांसी)। नगर के मुहल्ला पटकाना में विराजमान होने वाली ऐतिहासिक मां काली की आगमन शोभायात्रा शनिवार को धूमधाम से निकाली गई। डीजे, घोड़े और बैंड-बाजों के साथ निकली शोभायात्रा का श्रद्धालुओं ने जगह-जगह स्वागत किया। महिलाओं ने घरों के बाहर रंगोली बनाकर पुष्पवर्षा की। मां के जयकारों से नगर गूंज उठा और युवा डीजे की धुन पर झूमते नजर आए। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि 11 अक्टूबर से श्रद्धालु मां काली के दर्शन कर सकेंगे। शोभायात्रा में पुजारी अभिनव शास्त्री, अध्यक्ष पंकज आर्या, उपाध्यक्ष गगन यादव, सार्थक नायक व अनुज झां, कोषाध्यक्ष मनोज अग्रवाल सहित समिति के पदाधिकारी और सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

### स्नातक एमएलसी चुनाव को लेकर भाजपा ने तेज की तैयारियां



समथर (झांसी)। स्नातक एमएलसी चुनाव को लेकर भाजपा ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में चुनाव प्रवासी हरेंद्र विक्रम सिंह ने समथर में कार्यकर्ताओं के साथ बूथ स्तर पर चुनावी तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में चुनावी रणनीति, संगठनात्मक गतिविधियों और कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय को लेकर चर्चा हुई इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष देवेंद्र सिंह कंसाना से भी चुनावी तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में शत्रुघ्न सिंह परिहार, मनोज गुप्ता, जिला सह सोशल मीडिया प्रभारी पवन बुलकिया, पूंछ के पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश सिंह सेंगर और प्रतिपाल सिंह पिंकू दांगी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### युवक ने फांसी लगाई, भर्ती

बांदा। शहर कोतवाली क्षेत्र के कनवारा गांव के मजरा छावनी डेरा निवासी सभाजीत (35) पुत्र मलखान ने रविवार की सुबह घरेलू बात से नाराज होकर कमरे के अंदर रस्सी से फांसी लगा ली। कमरे आए परिजनो उसे फंदे पर लटकता देखा तो उसे नीचे उतारा। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

बेकाबू वैन का कहर

# मॉर्निंग वॉक से लौट रहे लोगों को वैन ने मारी टक्कर, दो की मौत

- चालक समेत दो की हालत गंभीर

**समृद्धि न्यूज़, कुरारा (हमीरपुर)।**





कस्बे में रविवार सुबह ब्लॉक कार्यालय के सामने तेज रफ्तार अनियंत्रित मारुति वैन ने मॉर्निंग वॉक से लौट रहे तीन लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में इमाम बख्श (40) और रुक्मिणी (46) की मौत हो गई, जबकि ममता (42) और वैन चालक विक्की गंभीर रूप से घायल हो गए। वार्ड दस निवासी इमाम बख्श, वार्ड एक निवासी रुक्मिणी और ममता सुबह करीब साढ़े छह बजे पैदल घर लौट रहे थे। मनकी तिराहे के पास अनियंत्रित वैन ने तीनों को टक्कर मार दी। इसके बाद वैन डिवाइडर से टकराकर नाले में जा गिरी। घायलों को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के दौरान इमाम बख्श की मौत हो गई, जबकि कानपुर ले जाते समय रास्ते में रुक्मिणी ने दम तोड़ दिया। गंभीर हालत में ममता और चालक विक्की को कानपुर रेफर किया गया है। पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया है।

## मुंडन संस्कार में शामिल होने आए दो रिश्तेदार सड़क हादसे में घायल

- बिना हेलमेट बाइक सवारों की बसवारी के पास फिसली बाइक

**मुस्करा।** कस्बे के प्रसिद्ध मां कालका देवी मंदिर में नाती का मुंडन संस्कार कराने आए परिवार की खुशियों के बीच सड़क हादसे से अफरा-तफरी मच गई। बसवारी के पास बाइक फिसलने से दो रिश्तेदार घायल हो गए। दोनों को डायल 112 की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्करा पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार किया। जानकारी के अनुसार, राठ के सिकंदरपुरा निवासी फूलचंद अपने नाती का मुंडन संस्कार कराने परिवार और रिश्तेदारों के साथ मां कालका देवी मंदिर आए थे। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उनके दामाद दीपू पुत्र चेतराम(40) निवासी जराखर और भांजा श्रीकांत पुत्र जवाहर (30) निवासी धगवां भी आए थे। कार्यक्रम के बाद दोनों बाइक से मुस्करा घूमने निकल गए। इसी दौरान बसवारी के पास सड़क पर उनकी बाइक फिसल गई, जिससे दोनों घायल हो गए। बताया गया कि दोनों बाइक सवारों ने हेलमेट नहीं पहना था। राहगीरों की सूचना पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को सीएचसी मुस्करा पहुंचाया। यहां चिकित्सक शिवजी गुप्ता ने दोनों का प्राथमिक उपचार किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों बाइक सवार नशे की हालत में थे। हादसे की सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंचे फूलचंद ने बताया कि दोनों को होश आने के बाद वह उन्हें अपने घर ले जाएंगे।

## धार्मिक आयोजनों में सुरक्षा और प्रवेश व्यवस्था मजबूत करने की मांग

**विहिप-बजरंग दल की प्रेस वार्ता, दुकानों के आवंटन का मुद्दा भी उठाया**



झांसी। संघर्ष सेवा समिति कार्यालय में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की संयुक्त प्रेस वार्ता हुई। इसमें आगामी नवरात्रि, दुर्गा पंडालों, डांडिया कार्यक्रमों और मेलों में सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश नियंत्रण और दुकानों के आवंटन को लेकर मांगें रखी गईं।विहिप के विभाग संगठन मंत्री सोमेंद्र यदुवंशी ने धार्मिक आयोजनों की मर्यादा बनाए रखने और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना प्रशासन को देने की अपील की। दुर्गा वाहिनी की विभाग संयोजिका संगीता जोशी ने महिलाओं एवं युवतियों की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम करने पर जोर दिया। पदाधिकारियों ने मेला स्थलों पर दुकानों के आवंटन में धार्मिक आयोजनों की प्रकृति और आयोजकों की भावनाओं का ध्यान रखने की मांग भी की।संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉ. संदीप सरावगी ने कहा कि धार्मिक आयोजनों की गरिमा बनाए रखने के लिए आयोजन समितियों, प्रशासन और समाज के लोगों को आपसी समन्वय से काम करना चाहिए। उन्होंने धार्मिक परंपराओं का सम्मान करने और कार्यक्रमों के शांतिपूर्ण आयोजन में सहयोग की अपील की।इस अवसर पर प्रथम टंडन, शिवम त्रिवेदी, शिवम राजपूत, सौरव सिंह, विक्की शर्मा, निधि शास्त्री, रूपाली शाक्य और अर्जुन सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## चार माह से मानदेय नहीं मिलने पर पंप ऑपरेटरों में नाराजगी भुगतान की मांग

कुरारा (हमीरपुर)। ग्रामीण जल जीवन मिशन के तहत कार्यरत पंप ऑपरेटरों ने चार माह से बकाया मानदेय का भुगतान न होने पर नाराजगी जताई है। ऑपरेटरों ने अपनी समस्याओं के समाधान के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक श्रीराम को प्रार्थना पत्र सौंपा। ऑपरेटरों ने बताया कि आईटी वर्ल्ड इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से ग्रामीण पेयजल योजनाओं का संचालन और रखरखाव किया जा रहा है। इसके बावजूद कई ऑपरेटरों को पिछले चार माह से मानदेय नहीं मिला है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बकाया मानदेय का भुगतान करने और मासिक मानदेय 20 हजार रुपये निर्धारित करने की मांग की। इसके अलावा पीएफ, ईएसआई, दुर्घटना बीमा, सामाजिक सुरक्षा, पहचान पत्र और कार्य के दौरान सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई। ऑपरेटरों ने प्रांत प्रचारक से समस्याओं के निस्तारण और बकाया भुगतान के लिए संबंधित स्तर पर पहल करने की गुहार लगाई।

## तीन दिन में पूरे होंगे लोदीपुर में पेयजल कनेक्शन, एडीएम ने किया निरीक्षण



हमीरपुर। जिलाधिकारी अशोक कुमार के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) विजय सिंह ने मुस्करा विकासखंड के लोदीपुर गांव में जल जीवन मिशन के तहत पुनर्गठन पेयजल योजना का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने शेष कार्य तीन दिन में पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि गांव में करीब 70 से 80 पेयजल कनेक्शन लगाए जाने बाकी हैं। श्री हरि इंफ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कार्य कराया जा रहा है। योजना पूरी होने के बाद इसके संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी आईटी वर्ल्ड इंटरनेशनल को सौंपी जाएगी। एडीएम की मौजूदगी में गांव निवासी अरविंद पुत्र मन्ना सिंह के घर नया पेयजल कनेक्शन लगाया गया। घरों में लोहे के स्टैंड पर पीतल की टोटियां लगाई जा रही हैं। एडीएम विजय सिंह ने ग्रामीणों से नल और अन्य उपकरणों को सुरक्षित रखने तथा टोटियां उखाड़कर बेचने से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि पेयजल कनेक्शन का संरक्षण जरूरी है, ताकि ग्रामीणों को नियमित स्वच्छ पेयजल मिल सके।

## रॉड-ईंट से हमला करने पर दो पक्षों के आठ लोगों पर मुकदमा, चार हिरासत में

सुमेरपुर (हमीरपुर)। निमंत्रण से घर लौट रहे युवक पर रॉड और ईंट से हमला कर घायल करने के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। दोनों पक्षों से दो-दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मुंडेरा निवासी राजेंद्र यादव ने पुलिस को बताया कि शनिवार रात करीब नौ बजे डाल सिंह इंटर कॉलेज से निमंत्रण करके लौटते समय इंडियन बैंक के पास दुकान से गुटखा लेकर घर जा रहा था। आरोप है कि गांव के पप्पू सिंह ने अपने पुत्र पीयूष सिंह, अमर सिंह और नन्हू के साथ उस पर रॉड व ईंट से हमला कर दिया, जिससे उसका सिर फट गया। वहीं, दूसरे पक्ष के अमर सिंह ने गांव के छोटू, बाबू, राममिलन और सम्पत यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष पवन कुमार पटेल ने बताया कि दोनों पक्षों के चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## खेलों से होता है शारीरिक और मानसिक विकास: एसडीएम

- 70वीं खेलकूद प्रतियोगिता में खैर इंटर कॉलेज बना ओवरऑल चैंपियन

**समृद्धि न्यूज़, गुरसरांय, झांसी।**



माध्यमिक विद्यालयों की गरौठा और टहरौली तहसील स्तरीय 70वीं दो दिवसीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का समापन शनिवार को हुआ। एसडीएम गरौठा सुनील कुमार ने मार्च पास्ट की सलामी लेकर विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में खैर इंटर कॉलेज गुरसरांय ओवरऑल चैंपियन बना।एसडीएम ने कहा कि खेलों से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। प्रतिभाओं को उचित मंच और मार्गदर्शन मिले तो वे क्षेत्र का नाम रोशन कर सकती हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से जनपदीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य धनप्रकाश तिवारी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया।दौड़ स्पर्धाओं में सीनियर बालक वर्ग की 1500 मीटर में एरच के शिवम, 5000 मीटर में खैर इंटर कॉलेज के राज प्रजापति और 800 मीटर में शिवम प्रथम रहे। जूनियर वर्ग की 3000, 1500 और 800 मीटर दौड़ में खैर इंटर कॉलेज के रविकांत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग की 300 मीटर दौड़ में जीजीआईसी गुरसरांय की अंशिका आर्या, 1500 मीटर में खैर इंटर कॉलेज की रस्सो और 400 मीटर में जीआईसी की पूजा प्रथम रहीं। अन्य स्पर्धाओं में लंबी कूद, गोला फेंक और डिस्कस थ्रो में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताएं क्रीड़ाध्यक्ष विनोद कुमार और सुधीर कुमार पाठक की देखरेख में संपन्न हुईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंध समिति अध्यक्ष देवेश पालीवाल ने की। संचालन सुधीर कुमार पाठक और जितेंद्र सिंह पटेल ने किया। प्रधानाचार्य धनप्रकाश तिवारी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय, विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक और खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## नवरात्र पर्व पर मिशन शक्ति के तहत समथर पुलिस ने निकाला पैदल फ्लैग मार्च

- थाना अध्यक्ष नेतृत्व पुलिस आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों व आशा बहुओं ने किया नगर भ्रमण

**समृद्धि न्यूज़, समथर (झांसी)।**




नवरात्र पर्व के पर महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा और उनमें जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान के तहत समथर कस्बे में पैदल फ्लैग मार्च निकाला गया थाना अध्यक्ष अतुल कुमार राजपूत के नेतृत्व में निकाले गए मार्च में समथर पुलिस के साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों और आशा बहुओं ने सहभागिता की फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस टीम एवं महिला कार्यकर्ताओं ने नगर के विभिन्न मार्गों पर भ्रमण कर महिला सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। अभियान के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं को अपनी सुरक्षा,अधिकारों तथा किसी भी समस्या की स्थिति में पुलिस से सहायता लेने के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया नवरात्रि पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस की सक्रियता के बीच निकाले गए इस मार्च का उद्देश्य महिलाओं में सुरक्षा की भावना मजबूत करना तथा आमजन को मिशन शक्ति अभियान के प्रति जागरूक करना है इस दौरान थाना अध्यक्ष अतुल कुमार राजपूत सहित पुलिसकर्मी, आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियां एवं आशा बहुएं मौजूद रहीं

## योगासन चैंपियनशिप बालक वर्ग में अभि अभिनाश, युवराज व शिवांश अव्वल

- बालिका वर्ग में प्रतिभा, पूर्वी, आकांक्षा समीक्षा व काव्यांजलि ने बाजी मारी




**बांदा।** योगासन चौंपियनशिप-2026 में एक सैकड़ा से अधिक खिलाड़ियों ने भागीदारी करते हुए अपने दमखम का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बालक-बालिकाओं ने योग कौशल और शारीरिक संतुलन का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों के प्रतिभागियों ने उत्साह से भागीदारी की। उत्तर प्रदेश योगासन स्पोर्ट्स एलायंस एसोसिएशन के निर्देश पर जिला योगासन एलायंस एसोसिएशन के तत्वावधान में रविवार को डीआर पब्लिक इंटर कालेज परिसर में योगासन चौंपियनशिप प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में छह योगासन टीमों और एक योगासन क्लब के लगभग 100 से अधिक बालक-बालिकाओं ने भागीदारी करते हुए अपनी प्रतिभा, योग कौशल और शारीरिक संतुलन का शानदार प्रदर्शन किया। 8 से 10 वर्ष आयु बालक वर्ग में अभि साहू अव्वल रहे। 10 से 12 वर्ष आयु वर्ग में अभिनाश कुशवाहा ने पहला स्थान हासिल किया। 12 से 14 वर्ष आयु वर्ग में युवराज कुशवाहा प्रथम रहे। 16 से 18 वर्ष आयु वर्ग में शिवांश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 8 से 10 वर्ष आयु बालिका वर्ग में प्रतिभा अव्वल रहीं। 10 से 12 वर्ष आयु में पूर्वी, 12 से 14 वर्ष आयु में समीक्षा और 18 से 21 वर्ष आयु वर्ग मंत काव्यांजलि ने बाजी मारी। प्रतियोगिता समापन पर सभी विजेता प्रतिभागियों को मेडल व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सादी जमां, श्रुति भारद्वाज, चंद्रमौली भारद्वाज, कमल यादव, कृष्णा यादव, अजय कुमार और आलोक सिंह यादव उपस्थित रहे।

## देवी आराधना के साथ शारदीय नवरात्र का हुआ शुभारंभ

- सुबह पौ फटते ही बजने लगे प्रमुख देवी मंदिरों के घंटे

**समृद्धि न्यूज़, बांदा।**





शारदीय नवरात्र का आरंभ होते ही पूरा शहर दुर्गामय हो गया। नवदुर्गा के पहले दिन सुबह पौ फटते ही प्रमुख देवी मंदिरों के घंटे घनघना उठे। जलाभिषेक व दर्शनों के लिए ऐसी भीड़ उमड़ी कि तिल रखने को भी जगह नहीं बची। मंदिरों के बाहर भी श्रृद्धालुओं की कतारें लगी रहीं। भक्तों ने मां जगदंबे के शैलपुत्री स्वरूप की आराधना की और अपने लिए सुख समृद्धि का वरदान मांगा। जनसैलाब को संभालने में मंदिर कमेटी के स्वयंसेवियों समेत यहां तैनात पुलिस कर्मचारियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। मां के भक्तों को नवरात्र में मां की साधना और उपासना करने के लिये पूरे वर्ष प्रतीक्षा रहती है। रविवार को जब वह घड़ी आई तो देवी भक्तों के कदम मां जगदंबे के दरबार की ओर चल पड़े। शहर के महेश्वरी देवी मंदिर में नवरात्र की पहली सुबह की प्रथम आरती में शामिल होने के साथ ही सबसे पहले जलाभिषेक को महिलाओं में होड़ लगी रही। देवी मंदिर के पट खुलने से पहले ही सैकड़ों महिलाएं बाहर माता के दरबार में कलश लिए जलाभिषेक व दर्शनों के लिए प्रतीक्षा करती रहीं। सुबह के चार बजते ही जैसे ही पट खुले महिलाएं पहले जलाभिषेक को दौड़ पड़ीं। पौ फटते ही मंदिर के घंटे घनघना उठे और फिर ऐसा जनसैलाब उमड़ा कि मंदिर में तिल रखने को भी जगह नहीं रही। दोपहर तक मंदिर के भीतर से लेकर बाहर तक भक्तों की कतारें लगी रहीं। जिन्हें संभालने के लिए मंदिर कमेटी के स्वयंसेवियों और यहां तैनात महिला व पुरुष पुलिसकर्मियों को खासी मशक्कत करनी पड़ी। उधर शहर के काली देवी मंदिर, चौंसठ जोगिनी मंदिर, सिंहवाहिनी मंदिर, कालका देवी, महामाई और मरही माता मंदिर में भी भक्तों की खासी भीड़ उमड़ी। जबकि गिरवां स्थित खत्री पहाड़ में विराजी मां विंध्यवासिनी के दरबार में भी प्रथम दिन मां के भक्तों का सुबह से शाम तक दर्शनों के लिए तांता लगा रहा। बड़ी संख्या में भक्तों ने नंगे पांव चलकर पहाड़ पर विराजी मां के दर्शन किए और मान्यता मानने को हाथा लगाए। मां को नारियल, पान, सुपाड़ी, लौंग, इलायची के साथ ही लाल झंडा अर्पित किया।

## फांसी के फंदे से लटका मिला युवक का शव हत्या की आशंका

महोबा। एक युवक का शव निर्माण अधीन मकान में फांसी के फंदे से लटका हुआ पाया गया परिजनों ने मौत को संदिग्ध बता हत्या करने का आरोप लगाया है पुलिस से मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पुलिस कहना कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण पता चलेगा। मुहल्ला भटीपुरा नहर के पास निवासी 18 वर्षीय रामनरेश अहिरवार पुत्र कालीचरन अहिरवार का शव का रविवार सुबह मुहल्ले के ही निर्माणाधीन मकान में रस्सी के फंदे पर लटका मिलने से हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को उतारा और जांच पड़ताल कर पंचनामा भर पीएम को भेज दिया है।

## ग्रापए की त्रैमासिक बैठक व एआई कार्यशाला संपन्न

- संगठन की मजबूती, सदस्यता विस्तार और आधुनिक पत्रकारिता पर हुआ मंथन
- एआई के उपयोग के साथ निष्पक्षता और विश्वसनीयता बनाए रखने पर जोर

**सम्रद्धि न्यूज, महोबा।**




ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश, जनपद महोबा के तत्वावधान में रविवार, को महोबकंठ स्थित अमर गार्डन में जिला स्तरीय त्रैमासिक बैठक एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कार्यशाला आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष देवेंद्र अरजरिया की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में संगठन की मजबूती, सदस्यता अभियान, वर्षभर की प्रगति रिपोर्ट, आगामी कार्ययोजना और आधुनिक पत्रकारिता में एआई के उपयोग सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए पत्रकारों ने सहभागिता की।

**पिछली बैठक की कार्रवाई का हुआ वाचन:** कार्यक्रम की शुरुआत में जिला महामंत्री अनिल सेन ने पिछली बैठक की कार्यवाही का वाचन किया। इसके बाद जिलाध्यक्ष ने संगठन की गतिविधियों और पूर्व में लिए गए निर्णयों की जानकारी दी। बैठक में प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार सदस्यता अभियान को गति देने, सदस्यता फार्म जमा कराने तथा संबंधित पदाधिकारियों की जिम्मेदारी निर्धारित करने पर चर्चा हुई। जिला महामंत्री ने वर्षभर की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि संगठन की बैठकों, संस्थापक स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल की जयंती तथा स्वर्गीय दिनेश खरे की स्मृति में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से संगठनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाया गया। पत्रकारों की समस्याओं के समाधान के लिए स्थायी प्रेस समिति के गठन और विभिन्न मांगों को लेकर जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपने के विषय पर भी चर्चा की गई।

**एआई कार्यशाला में दी गई तकनीकी जानकारी:** कार्यशाला में टीवी के वरिष्ठ पत्रकार इरफान पठान, न्यूज 18 के वरिष्ठ पत्रकार मनोज ओझा और रविकरण ने संदर्भ व्यक्तियों के रूप में पत्रकारों को तकनीकी जानकारी दी। उन्होंने समाचार लेखन, सूचना संकलन तथा पत्रकारिता के कार्यों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

## अग्रसेन जयंती पर निकली शोभायात्रा जयकारों से गूंजा नगर

उरई(जालौन)। महाराजा अग्रसेन सेवा संस्थान ट्रस्ट के तत्वावधान में रविवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। टाउनहाल से शुरु होकर यात्रा भगत सिंह चौराहा, घंटाघर, डीवीसी चौराहा होते हुए अग्रवाल धर्मशाला पहुंचकर समाप्त हुई। सुसज्जित रथ पर विराजमान महाराजा अग्रसेन की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। ढोल-नगाड़ों और जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। महिला-पुरुषों और युवाओं ने उत्साह से भाग लिया। प्रमुख मार्गों पर व्यापारियों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। जगह-जगह जलपान की व्यवस्था रही। महिलाएं पारंपरिक परिधानों में मंगल गीत गाते हुए चलीं, युवा ढोल की धुन पर नाचते-गाते रहे। वक्ताओं ने कहा कि अग्रसेन के विचार समानता, सहयोग और जनकल्याण के लिए प्रेरित करते हैं।

## सज गया जगत जननी जगदंबे का दरबार मंदिरों व घरों में हुई घट स्थापना

- प्रथम दिन मां शैलपुत्री की श्रद्धालुओं ने की आराधना, लिया आशीर्वाद

**समृद्धि न्यूज़, उरई(जालौन)।**




जय हो मां वृषभवाहिनी की, जय अम्बे जय जगदम्बे के जयकारों से देवी मंदिर रविवार को ब्रम्हमुहूर्त के वक्त से गुंजायमान रहे। देवी भक्तों ने शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की आराधना की और आरती उतारी इसके पूर्व श्रद्धालुओं ने मातारानी की ड्योढ़ी में माथा टेक आशीर्वाद की प्रार्थना की। इसके साथ ही पान, बताशा, सुपारी, लौग, नारियल की भेंट चढ़ाई। परिजनों के संग आए मासूम बच्चों ने भी तन्मयता के साथ मां शक्ति के श्री चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित किए। नवरात्र महोत्सव के प्रथम दिन रविवार को जगत जननी मां जगदंबे की प्रतिमाओं की स्थापना हो गई। इसके साथ ही भोर होते ही श्रद्धालुओं की भीड़ शहर के बड़ी माता, संकटा मंदिर, हुल्की माता, शीतला माता, लक्ष्मी मंदिर सहित अन्य देवी मां के मंदिरो में पहुंचे और जलाभिषेक के साथ ही पूजा-अर्चना की। इसी तरह जिले की जालौनी देवी मां के मंदिर में भोर से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहीं। इसी तरह कोच नगर की मां सिंह वाहिनी, बड़ी माता, नारायणपुरी, धनुताल स्थित मां काली, बोदरी माता, शीतला माता एवं जालौन नगर की छोटी माता, बड़ीमाता, लखिया मंदिर, शक्ति पीठ कामाख्या मंदिर के अलावा कस्बा एट के नजदीक बैरागढ़ धाम स्थित मां शारदा देवी, सैदनगर की अक्षरा देवी, मां रक्तदंतिका के अलावा कालपी नगर की मां वनखण्डी देवी व पचपिडा देवी मंदिर में भोर के उजाले से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही।

# सेवा संकल्प अभियान में 50 बच्चों को लैपटॉप, दिव्यांगजनों को मिली बैटरी चालित साइकिल

- दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने किया योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित
- स्वरोजगार के लिए भी बांटी गई टूल किट

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**



सेवा संकल्प 2026 अभियान के तहत रविवार को नवीन मंडी परिसर में आयोजित समारोह में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को लैपटॉप, बेबी किट और दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के आयुष एवं औषधि प्रशासन राज्यमंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र 'दयालु' रहे। उन्होंने लाभार्थियों को सहायता सामग्री वितरित करते हुए योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने पर जोर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र 'दयालु', पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह, भाजपा पदाधिकारियों और अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर किया।

समारोह को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। इसके माध्यम से सरकार की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं और समाज के विभिन्न वर्गों के लिए संचालित कार्यक्रमों की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य गरीबों, वंचितों, पिछड़ों और सुदूर क्षेत्रों में रहने वाले लोगों सहित समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के विचारों से प्रेरणा लेकर सरकार आमजन के कल्याण और सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रही है। योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पहुंचाना अधिकारियों की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रोबेशन विभाग की ओर से मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत वर्ष 2019 में माता-पिता की असामयिक मृत्यु से प्रभावित एवं आश्रित 50 बच्चों को लैपटॉप वितरित किए गए। इसका उद्देश्य बच्चों की शिक्षा और डिजिटल अध्ययन को बढ़ावा देना है। वहीं, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत कन्या जन्म उत्सव पर 15 लाभार्थियों को बेबी किट प्रदान की गई।

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर से 14 लाभार्थियों को बैटरी चालित साइकिल और 20 लाभार्थियों को ट्राईसाइकिल वितरित की गई। इन उपकरणों से दिव्यांगजनों को आवागमन में सुविधा मिलने के साथ उनकी आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा।

इसके अलावा जिला उद्योग केंद्र की ओर से छह लाभार्थियों को टूल किट वितरित की गई। साथ ही उद्योग स्थापना के लिए ऋण स्वीकृति संबंधी सहायता भी प्रदान की गई। इन योजनाओं के माध्यम से पात्र लोगों को शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा, सुगम आवागमन और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया।

इससे पूर्व पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं के महत्व पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी भोलानाथ कन्नौजिया, परियोजना निदेशक (पीडी) रामदरश चौधरी, उपजिलाधिकारी सदर, पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर, प्रभारी दिव्यांगजन अधिकारी अभय पाण्डेय, जिला प्रोबेशन अधिकारी क्षमानाथ राय सहित भाजपा पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी और योजनाओं के लाभार्थी मौजूद रहे।

### यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 398 वाहनों का चालान

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।** कानून-व्यवस्था बनाए रखने एवं सड़क सुरक्षा हेतु जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान कुल 398 वाहनों का चालान किया गया एवं 7 वाहन सीज किए गए।वही शांति भंग की आशंका के मद्देनजर की गयी कार्रवाई के क्रम में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने हेतु जनपद के विभिन्न थानों द्वारा धारा 170 बी एन एस एस के तहत 75 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।तथाआबकारी व अन्य अधिनियम के तहत कार्रवाई के तहत अवैध शराब व मादक पदार्थों के निष्कर्षण, बिक्री एवं तस्करी पर अंकुश लगाने हेतु चलाए गए अभियान के तहत कार्रवाई की गई।आबकारी अधिनियम के 4 अभियोगों में 4 व्यक्ति गिरफ्तार किए गए।

## नाबालिग ई-रिक्शा चालकों के विरुद्ध चला सघन चेकिंग अभियान

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**



पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में जनपद में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने, यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराने तथा सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में दिनांक 11 अक्टूबर 2026 को यातायात पुलिस महराजगंज की टीम द्वारा नगर क्षेत्र में व्यापक स्तर पर सघन चेकिंग अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान मुख्य रूप से नाबालिग ई-रिक्शा चालकों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई।यातायात नियमों के अनुसार निर्धारित आयु सीमा से कम उम्र के बच्चों/नाबालिगों द्वारा व्यावसायिक वाहन (ई-रिक्शा आदि) चलाना न केवल अवैध है, बल्कि यह आम नागरिकों और बच्चों की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा है।अभियान के दौरान यातायात पुलिस द्वारा नगर क्षेत्र में संचालित ई-रिक्शा चालकों के दस्तावेजों व आयु की गहनता से जांच की गई। नियमों का उल्लंघन करते हुए पाए जाने पर नाबालिग चालकों के ई-रिक्शा का नियमानुसार चालान किया गया तथा कई वाहनों को सीज करने की कठोर कार्रवाई भी की गई। पुलिस द्वारा स्पष्ट संदेश दिया गया कि नाबालिगों के हाथों में वाहनों की स्टियरिंग देना गंभीर कानूनी अपराध है।

## ध्रुव कुमार त्रिपाठी की जीत की बनी रणनीति

- प्रभारी मंत्री ने कार्यकर्ताओं को सौंपी जिम्मेदारियां

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**



मुख्यालय स्थित लोक निर्माण विभाग के अतिथि गृह में रविवार को उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष मंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' की उपस्थिति में भाजपा कार्यकर्ताओं की संवाद बैठक आयोजित हुई। बैठक में विधान परिषद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव की समीक्षा की गई तथा भाजपा समर्थित प्रत्याशी ध्रुव कुमार त्रिपाठी की जीत सुनिश्चित करने के लिए व्यापी रणनीति तैयार की गई। प्रभारी मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने कहा कि शिक्षक समाज राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है और शिक्षकों के सम्मान, अधिकारों तथा हितों की रक्षा करना पार्टी की प्राथमिकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रत्याशी के पक्ष में प्रभावी जनसंपर्क करने, शिक्षकों से संवाद स्थापित करने तथा पार्टी की नीतियों एवं प्रत्याशी के विचारों को उन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चुनाव में सफलता के लिए संगठन की एकजुटता, समन्वय और प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है।बैठक में पूरे जिले की चुनावी योजना एवं कार्ययोजना पर चर्चा की गई। संपर्क टोलियों और चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्यों को सौंपी गई जिम्मेदारियों की जानकारी लेते हुए प्रभारी मंत्री ने चुनावी तैयारियों की समीक्षा की। कार्यकर्ताओं से संवाद कर जीत सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सुझाव भी प्राप्त किए गए।

इस अवसर पर विधायक ज्ञानेंद्र सिंह, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष कृष्ण गोपाल जायसवाल, पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह, जिला उपाध्यक्ष शैलेश पांडेय, जिला महामंत्री राजेश यादव उर्फ बबलू यादव, प्रभाकर दुबे, अश्वनी सिंह उर्फ माधुरी सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. शांतिशरण मिश्र, नगर अध्यक्ष आकाश श्रीवास्तव, जिला मीडिया प्रभारी संजीव शुक्ला जिला मंत्री बैजनाथ पटेल तथा पूर्व प्रमुख एवं भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री नरेंद्र खरवार, निषाद पार्टी के जिला अध्यक्ष और सुहेलदेव पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रदुमन शर्मा सहित अनेक प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### माँ के पूजन-अर्चन के लिए मंदिरों में उमड़ा श्रद्धालुओं का रेला

**प्रयागराज।** अलोप शंकरी देवी मंदिर प्रयागराज के प्रमुख शक्तिपीठों में शामिल है। इस मंदिर की खासियत यह है कि यहां गर्भगृह में देवी की कोई मूर्ति नहीं है। यहां लकड़ी के पवित्र झूले और उसके नीचे बने कुंड की पूजा की जाती है। इसी परंपरा के चलते यह मंदिर देशभर के श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, जब भगवान शिव माता सती के पार्थिव शरीर को लेकर जा रहे थे, तब इस स्थान पर माता के दाहिने हाथ का पंजा या कलाई गिरकर अदृश्य हो गई थी। इसी वजह से इस स्थान का नाम अलोप शंकरी पड़ा। श्रद्धालु मंदिर में पवित्र झूले के दर्शन कर माता से परिवार की सुख-शांति, खुशहाली और समृद्धि की कामना करते हैं। नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा के लिए विशेष व्यवस्था की गई। मंदिर में नौ दिनों तक पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला जारी रहेगा।



### एसआरएन में आयुष्मान योजना से सफल स्पाइन सर्जरी

**प्रयागराज।** स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 52 वर्षीय मरीज की सफल ट्रांसफोरामिनल लम्बर इंटरबॉडी फ्यूजन (टीएलआईएफ) स्पाइन सर्जरी की गई। ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ और दूसरे दिन ही वह सीधे होकर चलने लगा। चित्रकूट निवासी मन्नू लाल पिछले लगभग पांच माह से दर्द और चलने में कठिनाई से पीड़ित थे। चलते समय उनका ऊपरी धड़ दाई ओर झुक जाता था, जिससे उन्हें रोजमर्रा के काम करने में काफी परेशानी होती थी। आवश्यक जांच और चिकित्सकीय मूल्यांकन के बाद अस्थिरोग विभाग की टीम ने टीएलआईएफ सर्जरी की। ऑपरेशन के बाद मरीज के चलने की मुद्रा में सुधार देखा गया। टीएलआईएफ कमर की रीढ़ की सर्जरी है।

### भाजपा प्रत्याशी अशोक राठौर को जिताने का लिया संकल्प

**प्रयागराज।** इलाहाबाद-झांसी खण्ड स्नातक निर्वाचन 2026 भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी अशोक कुमार राठौर के समर्थन में जमुनापार के बुद्धिजीवियों, अधिवक्ताओं, शिक्षकों, प्राचार्यों की विशाल बैठक समदरिया स्कूल दादूपुर, नैनी में आयोजित हुई द्य वक्ताओं ने पार्टी के कर्मठ, जुझारू और संघर्षशील प्रत्याशी अशोक राठौर के व्यक्तित्व पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया। उक्त अवसर पर प्रत्याशी अशोक राठौर जी ने नौजवानों, शिक्षकों और स्नातकों की समस्याओं के लिए किए गए अपने संघर्षों की याद करते हुए भविष्य की संकल्पबद्धता दोहराई द्य अध्यक्षता कर रहे पूर्व प्रत्याशी कई शिक्षण संस्थाओं के प्रबंधक राजेन्द्र कुमार मिश्र बबुआन ने जमुनापार के सभी बूथों पर कड़ी निगरानी और अपने पक्ष में भारी मतदान का आश्वासन दिया द्य बैठक के संयोजक डॉ मणि शंकर द्विवेदी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए राठौर जी को कुशल नेता के साथ साथ उत्कृष्ट गणितज्ञ भी बताया।



## नेपाल में फ्लैश फ्लड के बाद महराजगंज प्रशासन अलर्ट

**जनपद में फिलहाल कोई विशेष खतरा नहीं, वाल्मीकिनगर बैराज के जलस्तर पर रखी जा रही नजरः डीएम**

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।**

नेपाल के हिमालयी क्षेत्र में भूस्खलन के कारण नदी में बने प्राकृतिक अवरोध के अचानक टूटने से आई फ्लैश फ्लड के बाद महराजगंज जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। नेपाल के निचले इलाकों में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने रविवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस वार्ता कर जनपद की स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक आकलन के अनुसार महराजगंज में इस घटना का कोई विशेष प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ने की आशंका नहीं है और फिलहाल स्थिति सामान्य है। हालांकि, एहतियात के तौर पर सभी संबंधित विभागों को अलर्ट कर दिया गया है। डीएम ने बताया कि यह घटना महराजगंज से लगभग 150 से 180 किलोमीटर उत्तर दिशा में नेपाल के गोरखा जिले के चुमनुबरी ग्रामीण नगरपालिका क्षेत्र में बूढ़ी गंडकी नदी की सहायक स्यार नदी (उंगिलुंग खोला) में हुई है। भूस्खलन के कारण नदी में प्राकृतिक अवरोध बन गया था, जो अचानक टूटने से फ्लैश फ्लड की स्थिति उत्पन्न हुई। इसके चलते नेपाल के निचले क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति बनी है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन पूरे घटनाक्रम पर लगातार नजर बनाए हुए है। संभावित परिस्थितियों से निपटने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाए रखने और किसी भी असामान्य स्थिति की सूचना तत्काल उपलब्ध कराने को कहा गया है।जिलाधिकारी ने बताया कि वाल्मीकिनगर बैराज के जलस्तर और संबंधित जल प्रवाह की लगातार निगरानी की जा रही है। बाढ़ की संभावित परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए राहत एवं बचाव कार्यो से जुड़ी आवश्यक व्यवस्थाएं भी तैयार रखी गई हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि वे किसी भी अपुष्ट सूचना या अफवाह पर ध्यान न दें और केवल प्रशासन की ओर से जारी आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और परिस्थितियों पर नजर रखते हुए आवश्यकता के अनुसार तत्काल कदम उठाएगा।

## बच्चों की गुहार पर जागा प्रशासन, जलभराव की समस्या दूर कराने पहुंचे अधिकारी

- सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो तो डीएम ने लिया संज्ञान
- नाला निर्माण से होगा स्थायी समाधान

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।**

आनंदनगर नगर पंचायत के वार्ड नंबर-11 स्थित फरेंदा उत्तरी बाईपास के पास सड़क पर जलभराव से परेशान बच्चों की गुहार पर जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की। सड़क पर भरे पानी के बीच खड़े होकर समस्या के समाधान की अपील करते तीन बच्चों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने मामले का संज्ञान लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचकर जलनिकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर पंचायत आनंदनगर के अधिशासी अधिकारी कर्मचारियों और जेसीबी के साथ मौके पर पहुंचे। नगर पंचायत की टीम ने जलनिकासी के लिए आवश्यक कार्य कराते हुए सड़क पर जमा पानी की समस्या दूर कराई। इससे आवागमन सुचारू बनाने की दिशा में कार्रवाई शुरू हुई।बताया गया कि संबंधित क्षेत्र निचला होने के कारण अधिक बारिश होने पर सड़क पर पानी जमा हो जाता है। इससे स्थानीय लोगों के साथ ही राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी समस्या से परेशान तीन बच्चों ने सड़क पर भरे पानी के बीच खड़े होकर वीडियो बनाया और जिम्मेदार अधिकारियों से समाधान की अपील की थी। वीडियो सामने आने के बाद प्रशासन ने त्वरित कदम उठाया। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी ने बताया कि फिलहाल जलभराव की समस्या दूर करा दी गई है। सड़क पर आवागमन सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि बजट की उपलब्धता के अनुसार सड़क किनारे नाला निर्माण भी कराया जाएगा, ताकि बारिश के दौरान पानी जमा होने की समस्या का स्थायी समाधान किया जा सके।

### रेलवे क्रॉसिंग पर दिख रहा है राहगीरों की लापरवाही का नजारा, वीडियो हुआ वायरल

**समृद्धि न्यूज, बछरावां-रायबरेली।** कस्बा अंतर्गत लखनऊ रायबरेली ट्रेन खंड पर स्थित लालगंज रोड रेलवे क्रॉसिंग पर आए दिन राहगीरो की लापरवाही का नजारा देखने को मिलता है। जिसके कारण अभी तक कई दुर्घटनाएं घटित हो चुकी है। रविवार को ऐसी ही एक लापरवाही का नजारा फिर देखने को मिला, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि रेलवे क्रॉसिंग का गेट बंद है, किंतु राहगीर अपनी मोटरसाइकिल और साइकिल लेकर निकलते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं वीडियो में कुछ राहगीर यह कहते हुए भी देखे जा रहे हैं कि, ट्रेन आ रही है, रुक जाइए, परंतु लापरवाह राहगीर रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं।

## एनएचएम कर्मियों का ऐलान, स्वाभिमान के लिए जान दे देंगे

**आज लखनऊ में लाखों कर्मचारियों का होगा जमावड़ा**

**समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।**



राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक और मुख्य चिकित्साधिकारी कुशीनगर के कड़े आदेशों का एनएचएम संविदा कर्मचारियों पर कोई असर नहीं पड़ा है।संविदा कर्मी कार्य बहिष्कार पर अडिग हैं जिससे जिले की स्वास्थ्य सेवाएं ठप पड़ी हैं। अधिकारियों ने तीन आदेश जारी किए हैं।पहला आदेश मिशन निदेशक डॉ0 पिंकी जोवल द्वारा 8 अक्टूबर को जारी हुआ जिसमें बिना अनुमति मुख्यालय छोड़ने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। दूसरा सीएमओ कुशीनगर ने 9 अक्टूबर को जारी किया गया जिसमें 7 दिन से अधिक अनुपस्थित कर्मियों को नोटिस देकर सेवा समाप्ति का प्रस्ताव तैयार करने को कहा गया और तीसरा टीकाकरण सत्रों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था को लेकर है। इन आदेशों पर जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार पाण्डेय ने कहा कि समस्त एनएचएम संवर्ग ने करो या मरो का निर्णय ले लिया है।हमें हक चाहिए, भीख नहीं। प्रशासन की धमकी, निलंबन या बर्खास्तगी का कोई भय नहीं है।मंडल अध्यक्ष गोरखपुर एवं जिला संरक्षक चन्द्रशेखर यादव लड्डू ने कहा कि समय पर वेतन के लिए बजट नहीं है लेकिन धमकी भरे पत्र तुरंत जारी हो रहे हैं।यह संविदा कर्मियों के साथ भेदभाव को दर्शाता है।12 अक्टूबर से पूरा प्रदेश एक लाख से अधिक कर्मचारियों के साथ लखनऊ के इको गार्डन में तब तक डटा रहेगा, जब तक समान कार्य समान वेतन और स्थायीकरण का आदेश जारी नहीं होता।घुट घुट कर जीने से अच्छा है कि हम अपने सम्मान और स्वाभिमान के लिए जान दे दें। यदि मांगे नहीं मानी गई तो आकस्मिक सेवाएं भी बाधित होंगी।

12 अक्टूबर के घेरा डालो डेरा डालो आंदोलन के लिए कुशीनगर में ए, बी और सी टीम का गठन किया गया है।ए टीम जिला कार्यकारिणी है जिसका नेतृत्व जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र पाण्डेय और जिला महामंत्री राजू यादव कर रहे हैं। बी और सी टीम में सभी ब्लॉकों के प्रमुख साथियों को रखा गया है। तीनों टीमें अलर्ट मोड़ पर रहेंगी और ए टीम के बाद बी टीम और फिर सी टीम क्रम में आंदोलन को मुकाम तक पहुंचाएगी।

### बाइकों की आमने-सामने भिडंत में अधेड़ की मौत

**समृद्धि न्यूज, सलोन-रायबरेली।** सलोन-ऊंचाहार मार्ग पर सेमरा मोड़ के पास शनिवार देर रात दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसके साथ पीछे बैठा साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद दूसरी बाइक का चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर पर आरोपी बाइक चालक के खिलाफमुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, सलोन कोतवाली क्षेत्र के भकरी मजरे उमरन गांव निवासी जियालाल पुत्र रामनाथ शनिवार देर रात बाइक से घर लौट रहे थे। सलोन-ऊंचाहार मार्ग पर सर्विस रोड के सेमरा मोड़ के पास सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी भिड़ंत हो गई।

## डीह के ऐतिहासिक दशहरा मेले की तैयारियों का हुआ शुभारंभ

**समृद्धि न्यूज, डीह-रायबरेली।**



कस्बे में लगने वाले 5 दिवसीय ऐतिहासिक दशहरा मेले के आयोजन को लेकर नवरात्रि के प्रथम दिवस पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि एवं प्रधान संघ अध्यक्ष फूलचंद्र अग्रहरि के नेतृत्व में ग्राम सभा के संभ्रांत व्यक्तियों की उपस्थिति में गाजे-बाजे के साथ विधिवत पूजन-अर्चन कर तैयारियों का शुभारंभ किया गया व मेला स्थल बनी प्रतिमाओं के कायाकल्प, मरम्मत, रंग-रोगन एवं साज-सज्जा का कार्य भी शुरू किया गया। विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी डीह का ऐतिहासिक दशहरा मेला पूरे उत्साह एवं भव्यता के साथ आयोजित होगा। इस सांस्कृतिक परंपरा को और भव्य बनाने के लिए सभी के सहयोग एवं सहभागिता से तैयारियों को गति दी जाएगी। इस अवसर पर दशहरा मेला के संरक्षक संत बख्श सिंह, राम आश्रय अग्रहरि, रघुनाथ शरण सिंह, राम किशोर त्रिपाठी, राम सिंह नन्हे, विनोद अग्रहरि, श्रवण अवस्थी, बब्बू सिंह, सुनील जायसवाल झब्बू, विनोद सिंह, दयाशंकर अग्रहरि, उमाशंकर शास्त्री, गंगा सागर पंडित जी, त्रिमोहन सिंह, अनिल तिवारी, अनिल सिंह चौहान, हीरा लाल सोनी, राजकुमार द्विवेदी, शैलेंद्र सिंह, राम खेलावन, कमलेश, ईश्वरदीन सोनी, शंकर जायसवाल, भोला तिवारी, राम अवध यादव, राम किशुन सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## सोहसा मोक्ष धाम के विकास के लिए युवाओं ने किया श्रमदान

**समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।**



छोटी गंडक नदी तट स्थित सोहसा मोक्ष धाम वर्षो से विकास की बाट जोह रहा है। इसके विकास में जनसहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान के सचिव डॉ. हरिओम मिश्र के आह्वान पर रविवार को क्षेत्र के कुछ युवा आगे आए। युवाओं ने डॉ. मिश्र के साथ मोक्ष धाम परिसर में साफ-सफाई कर श्रमदान किया और सामाजिक जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया। इससे पूर्व जेसीबी के माध्यम से परिसर की सफाई कराई गई थी, लेकिन कई स्थानों पर अब भी नरकट और अन्य झाड़ियां उगी हुई हैं, जिन्हें मशीन से हटाना कठिन है। ऐसे स्थानों की सफाई के लिए युवाओं ने स्वयं आगे आकर श्रमदान किया। उनकी यह पहल बताती है कि सामूहिक इच्छाशक्ति और जनसहयोग से लंबे समय से उपेक्षित कार्यों को भी आगे बढ़ाया जा सकता है। डॉ. हरिओम मिश्र ने कहा कि जनसहयोग किसी भी सामाजिक कार्य की मजबूत आधारशिला है। सोहसा मोक्ष धाम लगभग 100 गांवों के लोगों की आस्था और आवश्यकता से जुड़ा स्थल है। इसका समुचित विकास पूरे क्षेत्र के हित में है। इसी भावना के साथ क्षेत्रवासियों को जोड़कर विकास की पहल की जा रही है। श्रमदान करने वाले युवाओं में जय प्रकाश वर्मा, आदित्य पाण्डेय, देवनन्द गोंड और सतवंत यादव शामिल रहे। इस अवसर पर मोक्ष धाम विकास के लिए गठित मार्गदर्शक मंडल के सदस्य उमेश राव तथा नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान के उपाध्यक्ष इंद्र कुमार मिश्र भी उपस्थित रहे।

# जिले के चार केंद्रों पर हुई जिला स्तरीय छात्रवृत्ति परीक्षा

- एस.एन. प्रधान फाउंडेशन ने किया आयोजन

**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**



अंग्रेजी भाषा और साहित्य के प्रति विद्यार्थियों की रुचि बढ़ाने तथा उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एस.एन प्रधान फाउंडेशन के तत्वावधान में 21वीं जिला स्तरीय छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित की गई। जनपद के चार परीक्षा केंद्रों पर आयोजित इस परीक्षा में विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों के हाईस्कूल, इंटरमीडिएट एवं स्नातक स्तर के विद्यार्थियों ने भाग लिया। निर्धारित समय पर प्रातः 11 बजे परीक्षा शुरू हुई, जो दोपहर 1:30 बजे तक चली। परीक्षा को व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए सभी केंद्रों पर शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी। गुरसहायगंज के आकाश एजुकेशन सेंटर में प्रधानाचार्य अरविन्द कुशवाह की देखरेख में केंद्र प्रभारी प्रवीन राजपूत एवं नितिन कुमार चौरसिया ने परीक्षा सम्पन्न कराई। तिर्वा के दीनानाथ जनता बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य आर.के त्रिपाठी के निर्देशन में केंद्र प्रभारी प्रदीप राजपूत के साथ अकमल अयूब एवं ललित शाक्य ने परीक्षा व्यवस्था सम्भाली। कन्नौज के सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रधानाचार्य विधान चन्द्र तिवारी व समन्वयक विकास शर्मा की देखरेख में केंद्र प्रभारी हरिमोहन शुक्ला, अनुराग सिंह, सुग्रीव सिंह, डॉ. परवेज आलम, अयूब खान, राहुल शुक्ला, विक्रान्त दुबे, सुनीत कुमार, अमर कीर्ति मिश्रा तथा प्रभात गुप्ता ने परीक्षा सम्पन्न कराई। छिबरामऊ में सिटी चिल्ड्रेंस अकादमी में हेडमिस्ट्रेस रीता लीमा नायक की देखरेख में केंद्र प्रभारी बीके दीक्षित के साथ जगजीत दुबे, देवेन्द्र पाल, ब्रज किशोर पाल, सत्यम पाण्डेय, सुरेश चन्द्र तथा सुभाष दीक्षित ने परीक्षा की जिम्मेदारी सम्भाली। परीक्षा के दौरान फाउंडेशन के निदेशक प्रदीप प्रधान, प्रशासिका सुधा प्रधान, संयोजिका मधु प्रधान, मुख्य कार्यकारी अधिकारी विश्वास प्रधान, प्रधानाचार्या नीरा प्रसाद के., श्याम यादव तथा अजय रावत ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## नवरात्र के पहले दिन गूंजे मां के जयकारे, कलश यात्रा से सजे देवी पंडाल

**समृद्धि न्यूज, कन्नौज।** शारदीय नवरात्र के पहले दिन रविवार को शहर से गांव तक भक्तिमय माहौल रहा। घरों में कलश स्थापना के साथ मां शैलपुत्री की पूजा हुई। मां फूलमती मंदिर समेत प्रमुख देवी मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। शाम होते ही देवी पंडाल रोशनी से जगमगा उठे। एसबीएस इंटर कॉलेज मैदान में संमार्ग सेवा समिति के पंडाल में मकरंदनगर के पकरियानाथ मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई। ढोल-नगाड़ों और जयकारों के बीच महिलाएं व युवतियां सिर पर कलश रखकर शामिल हुईं। यात्रा के पंडाल पहुंचने पर आचार्य शिवांक अग्निहोत्री और सचिन तिवारी ने विधि-विधान से मां दुर्गा का पूजन कराया।

# ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने सौ शैया अस्पताल पहुंचकर मरीजों का जाना हाल

**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**



पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने नगला दिलू स्थित सौ शैया अस्पताल पहुंचकर अपने विधानसभा क्षेत्र के भर्ती मरीजों का हालचाल जाना। उन्होंने मरीजों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

इस दौरान पूर्व विधायक ने इमरजेंसी वार्ड में मौजूद चिकित्सकों से बातचीत कर अस्पताल में आने वाले सभी मरीजों का बेहतर तरीके से उपचार करने को कहा। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए मरीजों को समुचित चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। पूर्व विधायक के अस्पताल पहुंचने पर मरीजों और उनके तीमारदारों ने खुशी जताई तथा उन्हें दुआएं दीं। उन्होंने मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत कर उनकी समस्याएं भी जानीं। इस मौके पर शैलेंद्र सिंह राठौर उर्फ बबल प्रधान, राजेश कठेरिया एडवोकेट, सतेंद्र यादव सहित पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 83 साल पुरानी परंपरा नहीं टूटेगी, धूमधाम से लगेगा रामलीला मेला

**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**



विशुनगढ़ में 83 वर्षों से लगातार आयोजित हो रहे ऐतिहासिक रामलीला मेले के आयोजन को लेकर चल रहा संशय अब दूर हो गया है। पूर्व मंत्री एवं विधायक अर्चना पांडेय ने रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों और क्षेत्रीय ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि इस वर्ष भी हर वर्ष की भांति मेले का भव्य आयोजन कराया जाएगा। उन्होंने इस संबंध में प्रशासनिक अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर आवश्यक निर्देश दिए। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रामबख्श लोधी के नेतृत्व में कई कार्यकर्ता और ग्रामीण विधायक अर्चना पांडेय के आवास पर पहुंचे। प्रतिनिधिमंडल ने मेले के आयोजन में आ रही बाधाओं से उन्हें अवगत कराते हुए निष्पक्ष तरीके से मेला संपन्न कराने की मांग की। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष ने विधायक को ज्ञापन सौंपकर बताया कि विशुनगढ़ की रामलीला क्षेत्र की महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और धार्मिक परंपरा है। पिछले 83 वर्षों से इसका लगातार आयोजन होता आ रहा है। इस वर्ष कुछ लोगों के हस्तक्षेप से आयोजन को लेकर असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है। विधायक अर्चना पांडेय ने कमेटी के सदस्यों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि क्षेत्र की पुरानी धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा बाधित नहीं होने दी जाएगी। प्रशासन के समन्वय से शांतिपूर्ण और गरिमामय वातावरण में रामलीला मेले का आयोजन सुनिश्चित कराया जाएगा। विधायक के आश्वासन के बाद कमेटी के पदाधिकारियों और क्षेत्रीय लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। कमेटी अध्यक्ष रामबख्श लोधी ने विधायक का आभार जताते हुए मेले के सफल आयोजन में सहयोग की उम्मीद व्यक्ति की है।

# जमीन विवाद में चबूतरे पर चढ़कर मारपीट सीसीटीवी में कैद हुई घटना

- 2021 से चल रहा विवाद, धान की फसल काटने से रोकने का आरोप
- पीड़ित ने थाने में दी तहरीर

**समृद्धि न्यूज, ठठिया/कन्नौज।**



ठठिया थाना क्षेत्र के पलटेपुरवा गांव में रविवार सुबह जमीन के विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। आरोप है कि एक पक्ष के लोगों ने घर के बाहर चबूतरे पर चढ़कर मारपीट की। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। गांव निवासी शिवदत्त का परिवार के ही लोगों से वर्ष 2021 से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। मामला न्यायालय में विचाराधीन है। शिवदत्त का आरोप है कि विपक्षी विवादित जमीन पर निर्माण कराना चाहते हैं। विरोध करने पर गाली-गलौज और मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। विपक्षी खेत में खड़ी धान की फसल भी नहीं काटने दे रहे हैं। रविवार सुबह करीब आठ बजे इसी बात को लेकर कहासुनी के बाद मारपीट हुई। पीड़ित ने दोपहर तीन बजे ठठिया थाने में तहरीर दी। सीओ तिर्वा कुलवीर सिंह को भी शिकायत दी। उन्होंने जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिया है।

# पितरों की प्रसन्नता के लिए प्रसाद वितरण



**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**

श्राद्ध पक्ष के अंतिम दिन पितरों की प्रसन्नता एवं शांति के लिए पुरानी गल्ला मंडी के गेट पर श्रद्धालुओं में पूड़ी-सब्जी का प्रसाद वितरित किया गया। प्रसाद पाने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के कोषाध्यक्ष सत्यनारायण वर्मा ने इस अवसर पर स्टॉल लगाकर पूड़ी-सब्जी का प्रसाद वितरण किया। उन्होंने कहा श्राद्ध पक्ष में पितरों को तर्पण और श्रद्धा अर्पित करना हमारी सनातन परंपरा है। आज अंतिम दिन प्रसाद वितरण कर हम पितरों की आत्माओं को शांति प्रदान करने का प्रयास कर रहे हैं। यही हमारी संस्कृति की पहचान है कि हम पूर्वजों का ऋण चुकाते हुए समाज में सेवा का भाव बनाए रखें। वितरण कार्य में नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता 'लालू', चंद्रभान गुप्ता 'मुन्ना', रामू गुप्ता, अमित भारतीय, सौरभ वर्मा, गौरव वर्मा, प्रभाकर गुप्ता, अबली गुप्ता, मयंक गुप्ता, प्रियांशु गुप्ता, ताशु गुप्ता, अमोघ गुप्ता आदि ने सक्रिय सहयोग किया। सभी ने मिलकर व्यवस्था सुचारू रखी, जिससे श्रद्धालुओं को बिना किसी असुविधा के प्रसाद प्राप्त हो सका।

## खबरें एक नजर में

### यूपीआई एमडीआर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन आज

**छिबरामऊ, कन्नौज।** यूपीआई एमडीआर के खिलाफ समाजवादी व्यापार सभा का विरोध प्रदर्शन 12 अक्टूबर सोमवार को होगा। जिलाध्यक्ष प्रियतेश तोमर ने यह जानकारी देते हुए कहा कि पार्टी हाईकमान के निर्देश पर प्रदेश के समस्त जिलों में जिला एवं महानगर अध्यक्ष के नेतृत्व में मुख्य बाजारों में जाकर केंद्र सरकार द्वारा 15 अक्टूबर से प्रस्तावित यूपीआई एमडीआर चार्ज के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इसी सिलसिले में यहां पर भी मुख्य बाजार में पीपल चौराहे पर दोपहर 12 बजे से प्रदर्शन होगा।

### मिलावटी तेल की शिकायत पर दो पक्षों में हंगामा



**ठठिया/कन्नौज।** ठठिया के अल्हागंज-रूरा तिराहे पर मिलावटी सरसों के तेल की पैकिंग की शिकायत पर जांच करने पहुंची खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम के सामने दो दुकानदार पक्ष भिड़ गए। शिकायत के शक में दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौज शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ा और लोग लाठी-डंडे लेकर आमने-सामने आ गए। जानकारी के अनुसार, एक तेल कारखाने में मिलावटी सरसों के तेल की पैकिंग किए जाने की शिकायत पर टीम जांच के लिए पहुंची थी। इसी दौरान हंगामा शुरू हो गया, जिससे जांच प्रभावित हुई। हालात बिगड़ने पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम बिना कार्रवाई किए बैरंग लौट गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि, मामले में विभाग की ओर से आगे की कार्रवाई को लेकर आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। खाध्य सुरक्षा अधिकारी उमेश प्रताप से जब बात करने फोन द्वारा कोशिश की गई तों उनका फोन नहीं उठा।

### 13 संपर्क मार्गों की मरम्मत को 3.98 करोड़ मंजूर

**कन्नौज।** जिले के ग्रामीण और कृषि क्षेत्रों की 13 संपर्क सड़कों की मरम्मत के लिए 3.98 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इससे कन्नौज और छिबरामऊ मंडी समिति क्षेत्रों की 18.13 किलोमीटर सड़कें गड्ढामुक्त होंगी। समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं सदर विधायक असीम अरुण ने बताया कि राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद की वित्तीय वर्ष 2026-27 की योजना के तहत बजट आवंटित किया गया है। कन्नौज मंडी समिति क्षेत्र की छह सड़कों पर 1.93 करोड़ और छिबरामऊ क्षेत्र की सात सड़कों पर 2.05 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इन सड़कों की मरम्मत से किसानों, व्यापारियों और ग्रामीणों को मंडियों व मुख्य मार्गों तक आवागमन में सहूलियत मिलेगी। स्वीकृत मार्गों के रखरखाव के लिए पांच वर्ष का अनुरक्षण भी शामिल है।

# महिला कांस्टेबल सुचेता सिंह को दी गई भावभीनी विदाई



**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**

विशुनगढ़ थाने में तैनात महिला कांस्टेबल सुचेता सिंह का स्थानांतरण गुरसहायगंज कोतवाली में यूपी-112 सेवा में होने पर रविवार को थाना परिसर में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान थाने के पुलिसकर्मियों ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर भावभीनी विदाई दी और नई तैनाती के लिए शुभकामनाएं दीं। समारोह के दौरान पुलिसकर्मियों ने महिला कांस्टेबल के साथ बिताए गए कार्यकाल को याद किया। उन्होंने सुचेता सिंह के व्यवहार, सहयोग और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथी पुलिसकर्मियों ने कहा कि पुलिस विभाग में स्थानांतरण एक सामान्य प्रक्रिया है, लेकिन साथ काम करने वाले सहकर्मियों से जुड़ी यादें हमेशा बनी रहती हैं।

# नेताजी मुलायम सिंह यादव को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

- प्रदेश में फिर से समाजवादी सरकार बनाने का लिया संकल्प

**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**



नगर में फर्रुखाबाद चौराहे के पास विश्राम सिंह पाल के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में नेताजी मुलायम सिंह यादव को भावपूर्ण श्रद्धांजलि देने के साथ प्रदेश में फिर से समाजवादी सरकार बनाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर पर समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश सचिव जितेंद्र पाल ने नेता जी के संघर्ष को याद किया और समाजवादी पार्टी को सरकार बनाने का सकंल्प लिया। डॉ जबरसिंह पाल, महाराम पाल, पूर्व जिलाध्यक्ष लोहिया वाहिनी योगेन्द्र सिंह यादव, अनूप पाल, स्वदेश पाल, पिंटू यादव, देवेश पाल, अंकित पाल, अर्जुन शाक्य, हरेंद्र शाक्य, अतर सिंह, सुरजीत नायक, रामकुमार यादव आदि ने भी नेता जी को याद किया। ग्राम शंकरपुर लोकपुर में वरिष्ठ सपा नेता राघवेंद्र यादव के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम वासियों ने नेताजी को श्रद्धांजलि अर्पित। इस मौके पर प्रवीन शास्त्री ने हवन पूजन कर नेताजी की श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सत्यराम यादव, कमलेश, राकेश, करू प्रधान, राजेंद्र फौजी, रामपाल, उदयवीर सिंह, भैया लाल, नीलम, अवनीश, बाबा नमोओम सिंह, विपिन, दिनेश पहलवान, समुंदर सिंह, राजपाल सिंह, शीलम सिंह, विमल, रमेश आदि उपस्थित रहे। ग्राम रामपुर बैजू, में नेताजी मुलायम सिंह यादव जी की पुण्यतिथि पर बाबा रामप्रकाश यादव की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई।

इस अवसर पर अजय यादव एडवोकेट, साकेत जाटव, विनोद यादव, रवि, अवधेश यादव, गोपाल, सुनील, इरफान, बंटी शर्मा, घनश्याम सिंह सहित अन्य समाजवादियों ने नेताजी को श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।

# नवरात्रि के पहले दिन देवी मंदिरों में उमड़ा आस्था का ज्वार

- नगर में जगह-जगह हुई मां दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना
- हवन पूजन के साथ शुरू हुआ नवरात्रि का महापर्व

**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**



नवरात्रि के पहले दिन नगर के देवी मंदिरों में आस्था का ज्वार उमड़ पड़ा। भक्तों ने मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की पूजा अर्चना की। सौरिख रोड स्थित अत्यंत प्राचीन सिद्धपीठ मां कालिका देवी मंदिर में भोर से ही महिलाओं व पुरुषों की लंबी लाइनें लग गई। सोमवार को नगर में जगह-जगह मां दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना हवन पूजन के साथ धूमधाम से की गई। फर्रुखाबाद रोड स्थित इंदिरा आवास कॉलोनी में आचार्य नरेंद्र कुमार द्विवेदी ने उषा गुप्ता और विमलेश कुमार से हवन पूजन कराया। तत्पश्चात मां दुर्गा प्रतिमा की स्थापना की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। यहां प्रतिदिन सुबह और शाम 8 बजे आरती होगी। प्रत्येक रात बाल कलाकार मनमोहन धार्मिक कार्यक्रमों का मंचन करेंगे। मोहल्ला छपट्टी के जय मां दुर्गा मंदिर में पंडित शिव प्रकाश मिश्रा ने हवन पूजन करके मां की मूर्ति स्थापित कराई। यजमान का दायित्व रिंकू अरोरा व उनकी पत्नी भावना अरोरा ने निभाया।

इस दौरान प्रभा गुप्ता, सीता गुप्ता, मधु गुप्ता, दर्शनी गुप्ता, सुरेखा अरोरा, सरिता अरोरा, अंकित गुप्ता, अंकुर, सुधा वर्मा, जानू गुप्ता, रवि गुप्ता, शिव गुप्ता व शुभ गुप्ता ने हवन में आहुतियां दीं। यहां प्रतिदिन सुबह शाम 8 बजे आरती होगी।

# जीवन में शांति के लिए सेवा, सुमिरन व सत्संग जरूरी : महात्मा राजकुमार





**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**

- सत्संग में उमड़ा आस्था का सैलाब

पूर्वी बाईपास स्थित संत निरंकारी भवन में आयोजित सत्संग में साध संगत ने बड़े उत्साह से भाग लिया। स्थानीय शाखा के मुखी महात्मा राजकुमार गुप्ता ने अपने प्रवचन में कहा कि जीवन में शांति और आनंद प्राप्त करने के लिए सेवा, सुमिरन और सत्संग अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने बताया कि सेवा एक निष्काम कर्म है, जो श्रद्धा, प्रेम, समर्पण और त्याग की भावना से किया जाता है। सदगुरु के प्रति प्रेम व्यक्त करने का सबसे सुंदर माध्यम सेवा है, जो तन, मन और धन के समर्पण से पूरी होती है। उन्होंने भक्त शबरी और हनुमान का उदाहरण देते हुए कहा कि सेवा के माध्यम से भक्त अपने गुरु को प्रसन्न कर सकते हैं। सेवा कोई बंधन नहीं, बल्कि आत्मिक आनंद का मार्ग है। महात्मा प्रेमचंद के संचालन में हुए सत्संग में अन्य महात्माओं ने भी अपने प्रवचनों और भजनों से संगत को निहाल किया।

# जेपी की संपूर्ण क्रांति व अग्रसेन के आदर्शों को याद कर सपा ने 2027 का लक्ष्य दोहराया

- कन्नौज के सपा कार्यालय में दोनों महापुरुषों की जयंती मनाई
- नेताओं ने समता-समानता व सामाजिक न्याय को बताया समाजवाद की ताकत

**समृद्धि न्यूज, कन्नौज।**



नसिरापुर स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में शनिवार को लोकनायक जयप्रकाश नारायण और महाराजा अग्रसेन की जयंती मनाई गई। सपाइयों ने दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके विचारों को आत्मसात करने और समाज में समता, समानता व सामाजिक न्याय की स्थापना का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक कल्याण सिंह दोहरे ने की, जबकि संचालन समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश कोषाध्यक्ष अंशुल गुप्ता ने किया। सपा जिलाध्यक्ष कलीम खान और नेता दिनेश गुप्ता ने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने संपूर्ण क्रांति के माध्यम से व्यवस्था परिवर्तन का संदेश दिया, वहीं महाराजा अग्रसेन के आदर्श समाज के उत्थान और समानता की प्रेरणा देते हैं। उनके विचारों से सीख लेकर समाज में भाईचारे और सामाजिक समरसता को मजबूत करने की जरूरत है।

वक्ताओं ने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार महापुरुषों के आदर्शों का सम्मान नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि दोनों महापुरुषों के विचारों और उनके ऐतिहासिक योगदान को जन-जन तक पहुंचाना चाहिए।

सपा नेता मनोज अग्रवाल, राष्ट्रीय सचिव रामशंकर लोधी, युवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब हसन और वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष ऋषभ गुप्ता ने भी विचार रखे। उन्होंने महापुरुषों के सिद्धांतों पर चलने का आह्वान करते हुए वर्ष 2027 में समाजवादी सरकार बनाने के लक्ष्य का उल्लेख किया।

# पंडालों में गूंजे मां दुर्गा के जयकारे, मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

- कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र शुरू
- मां शैलपुत्री की पूजा कर भक्तों ने मांगी सुख-समृद्धि

**समृद्धि न्यूज, कन्नौज।**



शारदीय नवरात्र के पहले दिन रविवार को इत्रनगरी देवीमय हो गई। जिले में करीब 200 स्थानों पर मां दुर्गा के पंडाल सजाए गए हैं। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। कलश स्थापना के साथ नौ दिवसीय अनुष्ठान शुरू हुए। भक्तों ने मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

शहर के सिद्धपीठ माता फूलमती देवी, सिंहवाहिनी, काली और क्षेमकली मंदिर में सुबह से दर्शन-पूजन का सिलसिला शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने नारियल, चुनरी, फूल और प्रसाद चढ़ाकर माता रानी का आशीर्वाद लिया। तिर्वा के अन्नपूर्णा देवी और छिबरामऊ के कालिका देवी मंदिर में भी भक्तों की कतारें लगी रहीं। मोहल्लों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक सजे पंडालों में पूजा-पाठ की शुरुआत हुई। आयोजकों ने नौ दिनों तक भजन-कीर्तन, कथा और अन्य धार्मिक कार्यक्रम कराने की तैयारी की है। माता फूलमती देवी मंदिर के पुजारी शिखर मिश्रा के अनुसार, धार्मिक मान्यता है कि त्रेतायुग में सम्राट वेणु चक्र की सात बेटियों को भगवान शिव ने तपस्या से प्रसन्न होकर सिद्धपीठ के रूप में पूजे जाने का आशीर्वाद दिया था। माता फूलमती देवी को सातों बहनों में सबसे बड़ी माना जाता है। श्रद्धालुओं में मान्यता है कि माता के चरणों का जल नेत्र विकार दूर करता है और सच्चे मन से पूजा करने पर मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

# वीबी जी राम जी योजना के तहत बीडीओ ने ली बैठक

- सृजन दिवस मनाने के लिए छुट्टी के दिन भी खुले दफ़्तर

**समृद्धि न्यूज, नवाबगंज।**


बैठक लेते बीडीओ मौजूद अन्य

विकास खंड नवाबगंज क्षेत्र के विकास खंड कार्यालय परिसर में आगामी मनरेगा सृजन दिवस को लेकर तैयारियाँ जोरों पर हैं। सरकार द्वारा चलाई जा रही नवीनतम वीबी जी राम जी योजना के तहत आयोजित होने वाले मनरेगा सृजन दिवस की सफलता के लिए प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने पूरी कमर कस ली है। इसी के चलते छुट्टी के दिन भी लगातार दूसरे दिन विकास खंड कार्यालय खोलकर तैयारियाँ पूरी की गईं। खंड विकास अधिकारी राधेश्याम के नेतृत्व में कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। जिसमें समस्त विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान मनरेगा सृजन दिवस के दिन क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों में सुचारू रूप से कार्य शुरू कराने की रूपरेखा तैयार की गई। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए एपीओ मनरेगा गौरव दिवाकर ने बताया कि कल विकास खंड क्षेत्र की समस्त ग्राम पंचायतों में मनरेगा सृजन दिवस को वीबी जी राम जी योजना सृजन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर ग्राम पंचायतों में पंजीकृत सभी जॉब कार्ड धारक श्रमिकों को काम प्रदान किया जाएगा। पहले मनरेगा योजना के तहत श्रमिकों को 100 दिन का रोजगार और 205 प्रतिदिन मजदूरी दी जाती थी। वहीं अब नई व्यवस्था के तहत श्रमिकों को 125 दिन का काम मिलेगा और श्रमदान मजदूरी बढ़ाकर 300 प्रतिदिन कर दी गई है। कार्यक्रम और कार्यों की निगरानी के लिए, नोडल व्यवस्था की गई है। विकास खंड स्तर पर खंड विकास अधिकारी राधेश्याम स्वयं नोडल अधिकारी के रूप में व्यवस्थाएँ देखेंगे, जबकि जिले के उच्च अधिकारी पूरी प्रक्रिया की मॉनिटरिंग करेंगे। तैयारी बैठक और कार्यालय कार्य के दौरान खंड विकास अधिकारी राधेश्याम, अकाउंटेंट वीरेंद्र सिंह, एपीओ गौरव दिवाकर, मनरेगा सहायक विनीत कुमार वर्मा, तकनीकी सहायक सुशील कौशल, विनय सिंह, मनोज सिंह, राघवेंद्र गंगवार समेत कई क्षेत्रीय ग्राम रोजगार सेवक प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# देवरान गढ़िया में मिट्टी का टीला धंसने से महिला की मौत

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**

कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव देवरान गढ़िया में रविवार सुबह घर की मरम्मत के लिए मिट्टी खोदने गई 50 वर्षीय महिला किरन देवी अचानक गिरे मिट्टी के टीले के नीचे दब गई। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है।

जानकारी के अनुसार देवरान गढ़िया निवासी रमेश की पत्नी किरन देवी का मकान मिट्टी का बना हुआ है। रविवार सुबह करीब सात बजे वह पड़ोस की एक अन्य महिला के साथ गांव से कुछ दूरी पर मिट्टी खोदने गई थीं। साथ गई महिला का तसला भरने के बाद किरन देवी खुद गड्ढे के अंदर उतरकर मिट्टी निकालने लगीं। इसी दौरान ऊपर से


मृतका की फाइल फोटो

अचानक मिट्टी का भारी टीला भरभराकर उनके ऊपर आ गिरा, जिससे वह उसी में दब गईं। साथ मौजूद महिला की चीख-पुकार सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे पप्पू और अन्य ग्रामीण तुरंत मौके पर दौड़े। ग्रामीणों ने फावड़े की मदद से मिट्टी हटाकर किरन देवी को बाहर निकाला। परिजन और ग्रामीण उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। लोहिया अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंचते ही चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतका के पति रमेश खेती किसानी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। किरन देवी के परिवार में दो बेटे संदीप व सचिन और दो बेटियां संध्या व बुलबुल हैं। बड़े बेटे संदीप, सचिन और बेटी संध्या की शादी हो चुकी है, जबकि छोटी बेटी बुलबुल अभी अविवाहित है। मां की अचानक हुई इस दर्दनाक मौत से बच्चों और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया है।

# बाइक व साइकिल की टक्कर में चार लोग घायल

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**


अस्पताल में भर्ती घायल

जहानगंज थाना क्षेत्र के घाटमपुर गांव के पास रविवार दोपहर करीब एक बजे एक भीषण सड़क हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब एक तेज रफ्तार बाइक और साइकिल की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भयानक थी कि साइकिल सवार हवा में उछलकर करीब 8 से 10 फीट दूर जा गिरा, जबकि बाइक पर सवार तीनों युवक भी सड़क पर दूर जा गिरे।

जानकारी के अनुसार घाटमपुर निवासी 35 वर्षीय ब्रह्मानंद रविवार दोपहर अपनी साइकिल से खेत पर जा रहे थे। जैसे ही वह गांव से निकलकर मुख्य मार्ग पर पहुंचे, तभी मोहम्मदाबाद क्षेत्र की ओर से आ रही एक अनियंत्रित बाइक ने उनकी साइकिल को टक्कर मार दी। बाइक पर करीमनगर निवासी तीन युवक मनोज (20), इम्तियाज (22) और आकाश (18) सवार थे, जो काली नदी की तरफ घूमने के बाद वापस लौट रहे थे। हादसे के तुरंत बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। राहगीरों की सूचना पर जहानगंज थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने तुरंत दो एंबुलेंस की व्यवस्था कर चारों घायलों को इलाज के लिए लोहिया अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया। अस्पताल में डॉक्टरों की देखरेख में घायलों का इलाज जारी है। चिकित्सकीय सूत्रों के अनुसार, घायलों में से एक युवक की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही कादरी गेट थाना पुलिस भी लोहिया अस्पताल पहुंच गई।

## विधान परिषद की स्नातक सीट के लिए 6448 व शिक्षक सीट के लिए 1880 मतदाता करेंगे मतदान

- 30 पोलिंग बूथ पर 22 अक्टूबर को पड़ेंगे वोट
- निष्पक्ष और शान्तिपूर्ण मतदान के लिए प्रशासन ने कसी कमर

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।** आगरा खण्ड के स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन हेतु 23 अक्टूबर को होने वाले चुनाव हेतु जनपद में 8328 शिक्षक एवं स्नातक मतदाता वोट डालेंगे। इसके हेतु जनपद में 30 मतदान स्थल (पोलिंग बूथ) बनाये गये हैं। जिला माध्यमिक शिक्षक से मिली जानकारी के मुताबिक आगरा खण्ड निर्वाचन क्षेत्र के स्नातक एवं शिक्षक चुनाव हेतु 22 अक्टूबर को चुनाव होंगे। जिसके लिये 30 पोलिंग बूथ बनाये गये हैं। इसमें 17 मतदेय स्थल पर स्नातक एमएलसी तथा 13 मतदेय स्थल पर शिक्षक एमएलसी के लिये वोट डाले जाएंगे। मतदान शान्ति पूर्ण एवं निष्पक्ष कराने के लिये प्रशासन की तैयारियां चल रही हैं। चुनाव हेतु आगरा में प्रत्याशियों की नामांकन प्रक्रिया हो चुकी है। जिले में केवल 22 अक्टूबर को सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक मतदान कराया जाएगा। स्नातक एमएलसी सीट के लिये जनपद 6448 स्नातक मतदाता और शिक्षक एमएलसी सीट के हेतु 1880 शिक्षक मतदाता वोट डालेंगे। मतदान हेतु कर्मचारियों की तैनाती और उन्हें प्रशिक्षण दिये जाने की तैयारियां की जा रही हैं। माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष लालाराम दुबे, मंत्री नरेन्द्र पाल सिंह सोलंकी ने अपील की है कि एमएलसी सीट के चुनाव हेतु जो शिक्षक और स्नातक व्यक्ति वोटर बने हैं वह 22 अक्टूबर अपना वोट अवश्य डालें।

# जीआरपी पुलिस ने फरार वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**

थाना जीआरपी फर्रुखाबाद जंक्शन की पुलिस टीम ने अपराध नियंत्रण और अपराधियों की धरपकड़ के तहत चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत विगत कई वर्षों से न्यायालय से फरार चल रहे एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधिकारियों के निर्देशन और जीआरपी फर्रुखाबाद जंक्शन के प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया था। अभियुक्त अंकित पुत्र रामविलास जो कि महरुपुर रावी थाना कमालगंज का रहने वाला है, लंबे समय से


पुलिस हिरासत में आरोपी

न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहा था। न्यायालय एसीजेएम रेलवे द्वारा उसकी गिरफ्तारी के लिए अनेकों बार गैर-जमानती वारंट जारी किए गए थे। पुलिस से बचने के लिए अभियुक्त लगातार अपना पता बदलकर अलग-अलग स्थानों पर छिपकर रह रहा था। मुखबिर और गठित पुलिस टीम की सक्रियता के चलते वारंटी अभियुक्त अंकित को रात्रि 8:50 बजे उसके मकान से ही दबोच लिया गया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त को समय से संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### चोरी के 2 मोबाइल व एक नाजायज छुरी के साथ शातिर गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना जीआरपी फर्रुखाबाद जंक्शन पुलिस टीम ने एक शातिर मोबाइल चोर को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए दो महंगे एंड्रॉइड मोबाइल और एक अवैध चाकू बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक दिनेश प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में गठित जीआरपी टीम 11 अक्टूबर को रेलवे स्टेशन फर्रुखाबाद जंक्शन पर सुरक्षा जांच और अपराधियों की तलाश में जुटी थी। इसी दौरानए मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस टीम ने प्लेटफॉर्म नंबर 04/05 के समाप्त होने के बाद फर्रुखाबाद यार्ड फतेहगढ़ साइड से एक संदिग्ध युवक को घेरकर दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान हर्ष गुप्ता पुत्र राजेन्द्र निवासी तिकोनिया वैद्यनाथ स्ट्रीट, थाना मऊ दरवाजा के रूप में हुई है।

### मारपीट में तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज

**संकिसा।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव नौली निवासी भंवर सिंह पुत्र रामेश्वर दयाल ने पड़ोसी गांव देवसनी निवासी कुलदीप पुत्र सुभाष चंद्र, रोहित पुत्र रविंद्र सिंह, सुरजीत पुत्र सुभाष चंद्र के विरुद्ध मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 5 अक्टूबर समय रात 9 बजे अमन कुमार अलीगंज से काम करके वापस अपने गांव देवसनी जा रहा था तथा अमन अपने दोस्त योगेश कुमार पुत्र भंवर सिंह निवासी नौली से अपने दोस्त योगेश कुमार को अपने साथ लेकर देवसनी जा रहा था, तभी उपरोक्त आरोपितों ने दोनों लोगों का रास्ता रोक कर लाठी-डंडे से मारपीट की। जिससे योगेश पुत्र भंवर सिंह का पैर टूट गया। अमन के शरीर में गंभीर चोटें आईं हैं। बाद में सभी आरोपित जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

### महिला के साथ मारपीट में चार पर मुकदमा दर्ज

**संकिसा।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव बाकरपुर निवासी उदयवीर की पत्नी फूलन देवी ने गांव के ही मौजपाल, कुंमरपाल, ज्ञान प्रकाश, पंकज के विरुद्ध मारपीट गाली गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 8 अक्टूबर को मैं अपने खेत पर काम कर रही थी, तभी उपरोक्त सभी आरोपित आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर मेरे साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर मौके से चले गए। मारपीट किए जाने से मेरे सिर में चोट आई है। पुलिस ने शरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

### युवती लापता, गुमशुदगी दर्ज

**संकिसा।** मेरापुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने अपनी 20 वर्षीय पुत्री की गुमशुदगी दर्ज कराई है। प्रार्थना पत्र के अनुसार 25 सितम्बर 2026 समय सुबह 8:30 बजे मेरी 20 वर्षीय पुत्री घर से बिना बताए कहीं चली गई है। जाते समय घर से अपने साथ 90 हजार रुपये की नकदी व एक जोड़ी पायल अपने साथ ले गई। खोजबीन करने पर कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

### अग्रवाल सभा भवन में अग्रसेन जयंती महोत्सव का हुआ समापन

**फर्रुखाबाद।** अग्रवाल सभा भवन के तत्वावधान में अग्रसेन जयंती महोत्सव बड़ी ही श्रद्धा, हर्षोल्लास और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत महाराजा अग्रसेन की आरती एवं पूजन के साथ हुई। जिसमें समाज के सभी वरिष्ठजनों, युवाओं और बच्चों ने चढ़-बढ़कर हिस्सा लिया। बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें रजत अग्रवाल ने प्रथम स्थान तथा सज्जल अग्रवाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जयंती महोत्सव के दौरान फैंसी ड्रेस, डांस, नव दुर्गा कन्या पूजन, मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान, पुरस्कार वितरण और प्रसाद वितरण जैसे कई विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में समाज की एकजुटता पर बल देते हुए एक रुपया, एक ईंट का संदेश दिया गया। जिसके साथ अग्रसेन जयंती महोत्सव का समापन हुआ। इस मौके पर राजीव अग्रवाल, रचित अग्रवाल, प्रफुल्ल अग्रवाल, यश अग्रवाल, रितेश अग्रवाल, तुषार अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, चिन्मय अग्रवाल, मेहुल अग्रवाल, प्रभात अग्रवाल उपस्थित रहे।

### दबंग ने युवक को लाठी-डंडों से पीटा

**नवाबगंज।** नगर के एक मोहल्ला निवासी महिला रविवार शाम लगभग चार बजे घर पर अकेली सो रही थी, तभी उसी समय मोहल्ले का ही एक युवक महिला के घर में घुस गया। युवक ने महिला को अकेले सोता देख महिला के कपड़े में हाथ डालकर पर्श को निकाल कर उसमें रखे 3000 रुपये ले गया। शाम जब महिला का पति घर आया तब महिला ने घटना की जानकारी दी। महिला का पति युवक के घर शिकायत करने गया। जिस पर युवक गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर युवक ने महिला के पति को लाठी-डंडे से मारपीट कर दी। मारपीट में महिला का पति चोटिल हो गया। पुलिस को महिला के पति ने नामजद युवक के खिलाफतहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया।

### कब्जे का विरोध करने पर दबंगों ने किया गाली-गलौज

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के गांव बघौना निवासी अनीसा बेगम पत्नी जहूर खां का गांव के किनारे खेत है। जिसमें गांव के ही निवासी युवक ने अनीसा बेगम के खेत में निहास खोदकर निर्माण कार्य शुरू कर दिया। जानकारी होने पर अनीसा बेगम ने मौके पर जाकर निर्माण कार्य का विरोध कर कार्य बंद करा दिया। जिसको लेकर रविवार सुबह लगभग आठ बजे युवक व उसके साथियों ने अनीसा बेगम के दरवाजे पर जाकर गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक व उसके व साथी अनीसा बेगम को मारपीट करने पर आमादा हो गए।

# शारदीय नवरात्रि के पहले दिन देवी मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

- गूंजे मां के जयकारे

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**

शारदीय नवरात्रि के पहले दिन रविवार को जिलेभर के देवी मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही शहर के प्रमुख मंदिरों में माता के दर्शन और पूजन के लिए भक्तों का तांता लग गया। या देवी सर्वभूतेषु और मां के जयकारों से पूरा शहर भक्तिमय हो उठा। नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। महिलाओं ने व्रत रखकर मां की आरती की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। शहर के प्रसिद्ध गुरुगांव देवी मंदिर में सबसे अधिक भीड़ देखने को मिली, जहां दर्शन के लिए महिलाओं और बच्चों


बढ़पुर मंदिर में पूजन करती महिलायें

की लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। इसके अलावा मठिया देवी मंदिर, बढ़पुर शीतला माता मंदिर, भोलेपुर स्थित दुर्गा देवी मंदिर और फतेहगढ़ के भारत माता मंदिर में भी सुबह 4 बजे से ही भक्तों का आना शुरू हो गया था जो देर शाम तक जारी रहा। मंदिरों के पुजारियों के अनुसार, पहले दिन कलश स्थापना के साथ ही पवित्र दुर्गा सप्तशती का पाठ शुरू हो गया। दुर्गा देवी और भारत माता मंदिरों में दिनभर भजन-कीर्तन गूंजते रहे। मंदिरों के बाहर सजी फूल-माला, चुनरी, नारियल और प्रसाद की दुकानों पर भी खरीदारों की खासी भीड़ नजर आई। भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर समितियों और पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए थे। अप्रिय स्थिति से बचने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा मंदिरों के बाहर बैरिकेडिंग की गई थी, जिससे श्रद्धालुओं ने सुगमता से माता के दर्शन किए।

## बढ़पुर शीतला माता मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब

**फर्रुखाबाद।** शारदीय नवरात्रि के पहले दिन नगर के प्राचीन सिद्ध पीठ बढ़पुर शीतला माता मंदिर में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। अलसुबह से ही माता के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें लग गई और पूरा मंदिर परिसर मां के जयकारों से गूंज उठा। प्रातः 5 बजे मां शीतला देवी की भव्य महाआरती के साथ पावन पर्व का शुभारंभ हुआ। जिसमें सैकड़ों की संख्या में भक्त शामिल होकर आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए उपस्थित रहे। इसके उपरांत, सुबह 6 बजे मंदिर परिसर में पंडित कृष्ण मुरारी के आचार्यत्व में विशेष हवन का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ पूर्णाहुति डाली और विश्व कल्याण की कामना की। मंदिर के अध्यक्ष सचिन कटियार ने व्यक्तिगत रूप से कमान संभाली। उन्होंने बारी-बारी से सभी भक्तों को कतारबद्ध तरीके से माता के दर्शन कराए। रात्रि 8 बजे एक बार फिर भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। त्योहार के दौरान यातायात व्यवस्था और कानून.व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए यातायात पुलिस और स्थानीय पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। मंदिर के पुजारी अरुण माली, शिवम श्रीवास्तव, अंकुर कटियार, अमन कटियार, नितिन कुमार, आशीष यादव ने व्यवस्था संभाली।

# घर में घुसकर तमंचे की बट से पीटने में चार फंसे

**समृद्धि न्यूज, संकिसा।**

मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव नदौरा निवासी वकील सुनील कुमार यादव पुत्र रनवीर सिंह ने न्यायालय के आदेश पर गांव के ही उमेश पुत्र रामकिशन, सचिन उर्फ बउआ व विक्रम पुत्रगण शिव सिंह, टीटू पुत्र विमलेश के विरुद्ध कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है।

तहरीर के अनुसार 5 सितंबर को गांव के ही शिव सिंह पुत्र रामकिशन के पुत्र सचिन उर्फ बउआ व मेरे पुत्र शनि से कुछ कहा सुनी हो गई और मेरे पुत्र को मारा पीटा मैं कचहरी में अपने मुकदमे में पैरवी हेतु आया था, जब मैं कचहरी से वापस घर पहुंचा तब उपरोक्त घटना की जानकारी हुई। मैंने शिव सिंह के भाई उमेश से शिकायत की बच्चों बच्चों में कहां सुनी हो गई। आपने हमारे पुत्र को मारा पीटा आप हमसे शिकायत करते हम उसको स्वयं डांटते यह अच्छी बात नहीं है यह कहकर मैं अपने घर आ गया। 6 सितंबर समय करीब 8:30 मैं अपने घर पर चाय नाश्ता कर रहा था उसी समय उपरोक्त सभी आरोपित मेरे दरवाजे पर आए और आवाज लगाकर कहा कि दरवाजा खोला वकील आपसे कुछ काम है। मेरे पुत्र ने दरवाजा खोला सभी आरोपित एकराय होकर मेरे मेरे घर के अंदर घुस आए, सभी आरोपित अपने-अपने हाथों में नाजायज तमंचे व लाठी डंडे लिए थे।

# धनुष टूटते ही जय श्रीराम के लगे जयकारे

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**

रामलीला मंच सरस्वती भवन के तत्वाधान में आयोजित रामलीला में धनुष टूटते ही श्रीराम के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। राम बाग स्थित आयोजित रामलीला में रविवार को धनुष तोड़ने की लीला का मंचन हुआ। मंच पर जैसे ही मर्यादा पुरुषोत्तम के स्वरूप में सजे कलाकार ने सीता स्वयंवर की लीला में धनुष तोड़ा तो पूरा मैदान जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा। शहर के पुराने रामलीला मैदान में मंचीय रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। जिसे देखने को बड़ी संख्या में भक्त उमड़


धनुष तोड़ते श्रीराम

रहे हैं। मैदान में सीता स्वयंवर और धनुष यज्ञ की लीला का आयोजन किया गया। जिसमें रामलीला मंच के कलाकारों ने अपने अभिनय से सभी का मन मोह लिया। श्रीराम ने जैसे ही सीता को देखा और सीता मन ही मन में मुस्कानी, तभी राम ने धनुष पर चाप चढ़ाते ही धनुष टूट गया। मौजूद श्रोता लोगों ने धनुष टूटते ही जयकारे लगाये। सीता स्वयंवर शुरु हुआ तभी परशुराम व लक्ष्मण एवं राम का संवाद हुआ। परशुराम ने क्रोधित होकर सभी मौजूद सभा के राजाओं के ललकारा, तभी लक्ष्मण क्रोधित होते हुए जबाव दिया। राम ने विनम्रता पूर्व निवेदन किया और तब परशुराम माने और रामावतार हो गया है। यह सुनकर वह राम को आशीर्वाद देते हुए वापस चले गये। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

## युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**समृद्धि न्यूज, कायमगंज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम प्रेमनगर में 25 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में अचानक तबियत बिगड़ने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। इस घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई है। ग्रामीणों और परिजनों के अनुसार ग्राम प्रेमनगर निवासी सूबेदार के 25 वर्षीय पुत्र ब्रजेश की अचानक तबीयत बेहद खराब हो गई। परिजन बिना देर किए उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज लेकर पहुँचे। सीएचसी के डॉक्टरों ने ब्रजेश की गंभीर हालत को देखते हुए तत्काल प्राथमिक उपचार शुरू किया, लेकिन स्थिति में सुधार न होने पर उसे बेहतर इलाज के लिए लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

# अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार व अपराध नियंत्रण संगठन की जनसभा संपन्न

**समृद्धि न्यूज, कमालगंज।**

ग्राम सबलपुर में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन के तत्वावधान में जनसभा का आयोजन किया गया।

जनसभा संगठन के कमालगंज ब्लॉक अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह एवं ब्लॉक उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह गहरवार के नेतृत्व में आयोजित की गई। जनसभा में प्रदेश अध्यक्ष धीरज कुमार पांडे, प्रदेश सचिव सावन मिश्रा एवं प्रदेश मंत्री मुफीद खान मौजूद रहे।

नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अशोक कुमार कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष राजीव यादव, जिला कानूनी सलाहकार आसिफ जमा खान, जिला सचिव संजीव सिंह चौहान, सनी कटियार,


जनसभा में मौजूद ग्रामीण व पदाधिकारी

रजनीश कटियार, सौरव शाक्य एवं जय ओम शुक्ला, राजीव श्रीवास्तव, मनीष यादव, सुनीत कालरा, अनुराग अवस्थी, विनीत शाक्य, जतिन कुशवाहा एवं रमेश पाठक उपस्थित रहे।

पदाधिकारियों ने संगठन के सिद्धांतों और कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन किस प्रकार गरीब, असहाय और कमजोर वर्ग की मदद के लिए सदैव तत्पर रहता है।

मानवाधिकार पदाधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि किसी भी व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

यदि किसी अधिकारी या प्रशासनिक स्तर पर किसी पीड़ित को प्रताड़ित किया जाता है, तो संगठन हर कदम पर न्याय दिलाने के लिए मजबूती से खड़ा रहेगा।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सीएमओ ने किया निरीक्षण

- घर-घर पहुंच रहीं स्वास्थ्य टीमें

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने और संक्रामक बीमारियों के खतरे को नियंत्रित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग सक्रिय है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आनंद उपाध्याय ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र आशा की मड़ैया पहुंचकर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर चुके हैं। उन्होंने मौके पर चिकित्सा सुविधाओं, स्वास्थ्य टीमों की सक्रियता और जरूरतमंदों को उपचार उपलब्ध कराने की व्यवस्था का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग की टीमें प्रभावित बस्तियों में लोगों की सेहत पर नजर रखने, बीमार व्यक्तियों की पहचान करने और जरूरत के अनुसार चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने में जुटी हैं। सीएमओ ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देश दिए कि प्रभावित आबादी तक चिकित्सा सहायता पहुंचाने में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। बुखार, उल्टी-दस्त, त्वचा संक्रमण और मच्छरजनित बीमारियों के लक्षण वाले मरीजों की पहचान कर उन्हें समय से उपचार उपलब्ध कराया जाए। 52 बाढ़ चौकियों और 16 त्वरित प्रतिक्रिया टीमों के माध्यम से निगरानीकी जा रही है। रविवार को सीएमओ ने चित्रकूट, शैदापुर, गौंटिया, का निरीक्षण कई स्वयं दवा वितरण भी किया। 155 प्रकार की दवाएं और 1200 ओआरएस पैकेट की व्यवस्था की गई है। दूषित पानी और मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक किया जा रहा है।



स्वास्थ शिविर में मौजूद सीएमओ

## चिकित्सा बिलों के नाम पर बुजुर्गों का उत्पीड़न बंद करे सरकार

- ऑफलाइन व्यवस्था भी हो बहाल

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।** सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन ने चिकित्सा बिलों के भुगतान की प्रक्रिया को पूरी तरह से ऑनलाइन किए जाने और 1 अक्टूबर से ऑफलाइन दावों को स्वीकार करने पर रोक लगाए जाने पर कड़ा विरोध जताया है। संगठन ने इसे बुजुर्गों के साथ घोर अन्याय करार दिया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अमर नाथ यादव ने बताया कि वर्तमान में ऑनलाइन प्रणाली की पूरी तैयारी नहीं हो सकी है। जनपद के पदाधिकारियों ने मांग की है कि कई पेंशनरों का कोड तक नहीं बना है, जिसके कारण चाहकर भी पेंशनर अपने बिल जमा नहीं कर पा रहे हैं।

# उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ की कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**



उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के तत्वावधान में सातनपुर मंडी रोड स्थित कैंप कार्यालय में शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन कार्यकारिणी विस्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राकेश कुमार सारस्वत ने की। संगठन को अधिक सुदृढ़ एवं गतिशील बनाने के उद्देश्य से किए गए इस विस्तार के तहत 4 नए पदाधिकारियों को अहम जिम्मेदारियां सौंपी गई। जिसमें राकेश चंद्र को वरिष्ठ उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। वहीं अभिषेक वाजपेयी उपाध्यक्ष राज्य कर्मचारी महासंघ, मनीष मिश्रा व शिव कुमार को उपाध्यक्ष चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महासंघ बनाया। साथ ही जिला मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी संजय कुमार बाथम को दी गई। पदाधिकारियों व कर्मचारियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया। वक्ताओं ने उम्मीद जताई कि सभी मनोनीत पदाधिकारी कर्मचारी हितों की रक्षा, संगठन की मजबूती तथा कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे। कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष प्रमोद दीक्षित, मिनिस्ट्रीरियल एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेन्द्र राजपूत, महासंघ के कोषाध्यक्ष विजय शंकर तिवारी, अशोक कुमार, मोहनीश उपस्थित रहे।

4 नए पदाधिकारियों को मिली जिम्मेदारी

## युवाओं को दिए गए नैतिक व आध्यात्मिक संस्कार


यज्ञ में आहुतियां डालते लोग

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।** आर्य समाज मंदिर कमालगंज में रविवार को साप्ताहिक वैदिक यज्ञ एवं सत्संग का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में युवक-युवतियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ संपन्न हुआ तथा युवाओं को जीवन में ज्ञान, अनुशासन, चरित्र निर्माण और सकारात्मक सोच अपनाने की प्रेरणा दी गई। आचार्य संदीप आर्य ने वैदिक यज्ञ संपन्न कराया तथा युवाओं को संबोधित करते हुए कठोपनिषद् के प्रेरणादायी मंत्र उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत अर्थात् उठो, जागो और श्रेष्ठ ज्ञान प्राप्त करो का भावपूर्ण विवेचन किया। आचार्य ने कहा कि आज का युवा आधुनिक तकनीक और सूचनाओं से तो जुड़ा हुआ है, लेकिन उसे अपने जीवन के उद्देश्य, आत्मचिंतन और चरित्र निर्माण पर भी गंभीरता से विचार करना चाहिए। उपनिषदों का संदेश युवाओं को आलस्य, निराशा और बुरी आदतों से बाहर निकलकर अपने भीतर की क्षमताओं को पहचानने की प्रेरणा देता है।

# जरदोजी कारीगरों की 10 रुपये प्रति नफरी 1 नवम्बर से बढ़ेगी

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**


बैठक में मौजूद जरदोजी व्यापारी

जरदोजी व्यापार मण्डल की बैठक में 10 रुपये प्रति नफरी बढ़ाये जाने का निर्णय लिया गया। घोड़ा नखास स्थित गुड्डू भाई के प्रतिष्ठान पर अध्यक्ष मुजफ्फर हुसैन रहमानी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। सर्वसम्मति से कारखानों के मालिकों ने 10 रुपये प्रति नफरी बढ़ाये जाने का निर्णय लिया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 1 नवम्बर से जरदोजी कारीगरों की 10 रुपये प्रति नफरी बढ़ाकर दी जायेगी। जो कारीगर कारखानों में काम कर रहे है उन कारीगरों की 10 रुपये प्रति नफरी बढ़ायी गई। जरदोजी व्यापार मण्डल से जुड़े सभी दुकानदारों ने सर्वसम्मति से 10 रुपये प्रति नफरी बढ़ायी है। पिछले काफी दिनों से कारीगरों ने मांग रखी थी कि नफरी बढ़ायी जाये।
जिसको लेकर रविवार को आयोजित बैठक में नफरी बढ़ाये जाने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर अध्यक्ष मुजफ्फर हुसैन रहमानी, अतीक अहमद पप्पू, रिजवान अली, गुड्डू खां, रमीज अहमद, वसीमुजमा खां, सरदार खां, रफत हुसैन, आकिल खान, नफीस हुसैन आदि जरदोजी व्यापारी मौजूद रहे।

## सपा कार्यालय पर मनाई गई जयप्रकाश नारायण की जयंती


**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**
पुष्प अर्पित करते सपा नेता

समाजवादी पार्टी कार्यालय पर लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम प्रभारी पूर्व जिला उपाध्यक्ष शशांक सक्सेना एवं रोमित सक्सेना रहे। जयप्रकाश नारायण एवं राजनारायण के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई तथा सभी ने उनके विचारों एवं समाजवादी सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया। शशांक सक्सेना ने कहा कि जयप्रकाश नारायण का संपूर्ण क्रांति का विचार आज भी लोकतंत्र और सामाजिक परिवर्तन की प्रेरणा देता है। रोमित सक्सेना ने कहा कि उनके संघर्ष और विचार समाज में समानता, न्याय एवं भाईचारे की राह दिखाते हैं। इस अवसर पर गौरव सिंह, विनीत परमार, राजन यादव, ओम प्रकाश शर्मा, अजय यादव, शिव शंकर शर्मा, रामपाल यादव, सौरभ यादव, पलक मिश्रा उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### सरकार बनने पर पुरानी पेंशन करेंगें बहाल: डा. मानसिक यादव



**फतेहपुर।** समाजवादी पार्टी के इलाहाबाद झांसी स्नातक खंड के प्रत्याशी व सदस्य विधान परिषद डॉक्टर मानसिंह यादव मीडिया से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होंने कहा की 23 अक्टूबर को इलाहाबाद झांसी खंड स्नातक का मतदान होना है जिसके लिए फतेहपुर में लगभग 20000 मतदाता है। इस दौरान उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पुरानी पेंशन बहाल करेंगे। शिक्षकों को सम्मान देने का कार्य करेंगे। इसके साथी उन्होंने यह भी कहा कि बड़ी बात यह है कि इस स्नातक निर्वाचन में भाजपा को प्रत्याशी ढूंढे नहीं मिल रहा है और इसका जीता जाता उदाहरण इलाहाबाद झांसी खंड स्नातक चुनाव के भाजपा के प्रत्याशी से लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा की वर्तमान में जिस तरीके से युवा सड़कों पर उतरा है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव उन तमाम युवाओं के साथ खड़े हैं और समय आने पर इन युवाओं को भी सम्मान देने का वह काम करेंगे। इस अवसर पर सपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह यादव, महासचिव चौधरी मंजर यार, संतोष द्विवेदी, अरुणेश पांडे, पूर्व जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, विपिन यादव, सिद्धार्थ कोरी, नरेश कोरी भी मौजूद रहे।

### एचवी कराटे एंड फिटनेस हब के विजेता खिलाड़ियों का सम्मान

**कानपुर।** स्थानीय एचवी कराटे एंड फिटनेस हब में विभिन्न कराटे प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले छात्र-छात्राओं के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वर्ल्ड कराटे फेडरेशन के जज सिहान विजय कुमार रहे, जबकि आयोजन अकादमी की निदेशक हेमलता के नेतृत्व में किया गया।हाल ही में आयोजित बेबी गेम्स और ऑल इंडिया कराटे प्रतियोगिता में अकादमी के खिलाड़ियों ने विभिन्न श्रेणियों में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक हासिल किए। बालक वर्ग में आराध्य शुक्ला और उत्कर्ष ने काता व कुमिते में स्वर्ण पदक जीते। शिवाय ने काता में रजत और कुमिते में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। रियान ने भी काता और कुमिते में दो स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।बालिका वर्ग में मोहिका ने काता और कुमिते में स्वर्ण पदक हासिल किए। आद्रिका पाल ने कुमिते में रजत और काता में कांस्य पदक जीता। ऋवि ने काता में कांस्य और कुमिते में रजत पदक प्राप्त किया, जबकि ऋवनी ने काता में कांस्य पदक हासिल किया। कायरा ने काता और कुमिते में रजत पदक जीते।



## सड़क हादसे में तीन घायल

**समृद्धि न्यूज, बांगरमऊ (उन्नाव)।** क्षेत्र में अलग - अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी हालत नाजुक बताकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।
क्षेत्र के ग्राम खानपुर कुरौली निवासी मोहम्मद फारूक पुत्र महबूब अली अपनी रिश्तेदारी में ग्राम इब्राहिमपुर गया था। वह वहां से बाइक द्वारा घर लौट रहा था।
तभी कलवारी हरईपुर मार्ग पर विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे फारूक गंभीर रूप से घायल हो गया।

# लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर सपा जिलाध्यक्ष जय चन्द्र विमल ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**समृद्धि न्यूज, उन्नाव।**

लोकनायक एवं महान समाजवादी चिंतक जयप्रकाश नारायण जी की जयंती पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जय चन्द्र विमल ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उन्हें शत्-शत् नमन किया।
इस अवसर पर जय चन्द्र विमल ने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी का संपूर्ण जीवन लोकतंत्र की रक्षा, सामाजिक न्याय, समानता और जनहित के लिए समर्पित रहा। वह संपूर्ण क्रांति के प्रणेता थे। उनके विचार और आदर्श आज भी अन्याय एवं शोषण के विरुद्ध संघर्ष करने की प्रेरणा देते हैं।
उन्होंने कहा कि जयप्रकाश नारायण जी ने अपने विचारों और संघर्षों से देश की राजनीति को नई दिशा प्रदान की। उनके आदर्शों पर चलकर ही एक न्यायपूर्ण, समानतापूर्ण और सशक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है। हम सभी को उनके सिद्धांतों को आत्मसात करते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और समाज के कमजोर वर्गों के अधिकारों के लिए सदैव संघर्षरत रहना चाहिए। इस अवसर पर मोहम्मद इस्माइल, मंटू कटियार, उमाशंकर, अशोक सिंह चंदेल, मंजीत यादव, सानू सभासद, मनोज यादव, गिरधारी लाल लोधी, नारायण लोधी, रमन पटेल, सतीश यादव सभासद, धीरेंद्र यादव, छोटेलाल भारती, राकेश कश्यप, जगरूप यादव, नितेश चौधरी, सहित अन्य सपा नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## अपर जिला जज ने छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

**समृद्धि न्यूज, संकिसा।** रविवार दोपहर को भगवान बुद्ध की धरती पर जिला विधिक प्राधिकरण एवं रेडक्रास की तरफ से आयोजित संगोष्ठी में जिले के कई स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। अपर जिला जज संजय कुमार एवं सिविल जज बिंदिया भटनागर ने मौजूद सभी बच्चों को उनके अधिकारो के बारे में विस्तृत जानकारी दी। रविवार को पवित्र बौद्ध स्थल संकिसा में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से विधिक जागरूकता, मिशन शक्ति एवं कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 200 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं। अपर जिला जज संजय कुमार ने बच्चों को पॉक्सो एक्ट, आरटीई, बाल श्रम, साइबर क्राइम एवं हेल्पलाइन 1098, 15100, 112 के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सिविल जज बिंदिया भटनागर ने छात्रों को अनुशासन, नैतिक शिक्षा एवं अन्न का सम्मान करने की प्रेरणा दी। खेत से थाली तकष्की कहानी से बच्चों को भोजन बर्बाद न करने की शपथ दिलाई। इनके अलावा जवाहर सिंह गंगवार, शीश मेहरोत्रा, डॉ0 नावेद अलीम अंसारी ने भी बच्चों को जागरूक किया।



# सिलाई कारखाने का फीता काटकर पूर्व प्रत्याशी सफीपुर विधानसभा रामबरन कुरील ने किया शुभारंभ



**समृद्धि न्यूज, मियाँगंज (उन्नाव)।**

विधानसभा सफीपुर के ग्राम फिरोजपुर कला के मजरे ग्राम बकतौरी खेड़ा में रिंकू यादव के थोक कपड़ों की सिलाई के कारखाने का पूर्व प्रत्याशी सफीपुर विधानसभा सपा नेता रामबरन कुरील ने फीता काटकर शुभारम्भ करते हुवे उज्ज्वल भविष्य एवं सफल व्यवसाय के लिए हार्दिक बधाई दी । वहीं पमेधिया में गोपाल शर्मा के परिवार में उनकी पत्नी एवं बच्चे के निधन का समाचार प्राप्त होने पर उनके निज निवास पहुँचकर रामबरन कुरील ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुवे कठिन समय में परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की तथा परिस्थितियों को देखते हुए भविष्य में भी हरसंभव मदद का भरोसा भी दिलाया । सपा नेता रामबरन कुरील ने कहा समाजवादी पार्टी की नीतियों व विकास कार्यो को जन जन तक पहुचाना और क्षेत्र के लोगों के सुख-दुःख में साथ खड़ा रहना ही मेरा कर्तव्य और संकल्प है । इस अवसर पर पूर्व प्रतिनिधि नगर पालिका अध्यक्ष उन्नाव मंटू कटियार,डीके चौधरी, बलबीर यादव, राधेश्याम यादव, हरिशंकर यादव, राजू, हिमांशू गौतम सहित अन्य लोग उपस्थित रहें ।

# क्रिकेट प्रतियोगिता में पहुंचे सदर विधायक पंकज गुप्ता

- खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन

**समृद्धि न्यूज, उन्नाव।**



विकास खण्ड सिकंदरपुर सरोसी के ग्राम राजेपुर में अतुल सिंह द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में सदर विधायक पंकज गुप्ता ने सहभागिता कर खिलाड़ियों एवं खेलप्रेमियों को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना, अनुशासन और निरंतर मेहनत के महत्व पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम है, बल्कि यह युवाओं में टीम भावना, आत्मविश्वास और अनुशासन जैसे गुणों का भी विकास करता है। प्रतियोगिता के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सीरीज, बेस्ट बॉलर एवं बेस्ट बैटर के पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं, रनर-अप टीम के खिलाड़ियों को मेडल प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। विधायक पंकज गुप्ता ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


**कार्यालय ग्रा0पं0 सितवनपुर पिथू वि0ख0 मोहम्मदाबाद, फ0रु0**

पत्रांकःमीमो/राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 दिनांक 11/10/2026

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत वर्ष 2026-27 में ग्राम पंचायत सितवनपुर पिथू विकास खण्ड मोहम्मदाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों में सामग्री विवरण के अनुसार कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 12/10/2026 से दिनांक 18/10/2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 18/10/2026 को अपरान्ह 5 बजे गठित समिति एवं निविदादाताओं एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा एवं अन्य प्रपत्र दिनांक 12/10/2026 से दिनांक 18/10/2026 तक सुबह 10 बजे से अपरान्ह 05 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में 500/- रुपये का भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | ग्राम पंचायत सितवनपुर पिथू में अन्त्येष्टि स्थल निर्माण कार्य | 2513868.11 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तें-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रशासक (शेर बहादुर सिंह) ग्रा0पं0 सितवनपुर पिथू, मोहम्मदाबाद सचिव (अवधेश कुमार)**


# चाकू से गोदकर बुजुर्ग किसान की हत्या, परिजनों ने पुलिस पर लगाए आरोप

- खेत से 200 मीटर दूर चकरोड पर मिला गमछा 50 मीटर दूर मिली चप्पल
- एएसपी और सीओ समेत पुलिस की चार टीमें जांच में जुटीं

**समृद्धि न्यूज, असोथर, फतेहपुर।**



असोथर थाना क्षेत्र के गड़रियनपुरवा मजरा सातों पीत गांव में अज्ञात हमलावरों ने 75 वर्षीय बुजुर्ग किसान सीताराम पाल की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। रविवार सुबह खेत में बनी झोपड़ी के बाहर छप्पर के नीचे उनका क्षत-विक्षत शव पड़ा मिला। घटनास्थल से करीब 200 मीटर दूर चकरोड पर एक गमछा और लगभग 50 मीटर दूर चप्पल मिली हैं। फील्ड यूनिट ने गमछे को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। घटना से गांव में सनसनी फैल गई। वहीं, परिजनों ने पुलिस पर शव को जल्दबाजी में उठाने और उन्हें देखने का मौका नहीं देने का आरोप लगाया है। सीताराम पाल गांव के बाहर खेत में झोपड़ी बनाकर रहते थे और वहीं करीब 25 मुर्गियों का पालन करते थे। उनके पास लगभग 10 बीघा कृषि भूमि बताई गई है। उनकी पत्नी शिवदुलारी की करीब चार वर्ष पहले मृत्यु हो चुकी थी। तभी से वह घर से करीब 100 मीटर दूर खेत में रहते थे। परिवार में पांच बेटे केशनपाल (45), हरिपाल (42), रुद्रपाल (35), रजोल (30) और आकाश (22) हैं। सभी की शादी हो चुकी है। दो बेटियां आशा (29) और निराशा (26) भी विवाहित हैं। परिवार के करीब 20 सदस्य गांव में एक साथ रहते हैं। बहुओं के नाम विमला, शांति, अनीता, सोनी और विनीता हैं। परिजनों के मुताबिक, हरिपाल मानिकपुर में भेड़ चराने गया था, जबकि केशनपाल और रजोल परदेश में रहते हैं। केशनपाल करीब एक माह पहले घर लौटा था। रुद्रपाल शनिवार रात करीब दस बजे खागा से मूर्ति लेकर वापस आया था। रात करीब नौ बजे बच्चियां सीताराम के लिए खाना लेकर खेत पर गई थीं। इसके बाद वह छप्पर के नीचे सो गए। देर रात करीब 12 बजे गांव के जग्गू ने शिवकरन को फोन किया, लेकिन फोन नहीं उठा। बाद में जग्गू ने बताया कि रात में बचाओ-बचाओ की आवाज सुनाई दी थी। रविवार सुबह परिजन खेत पहुंचे तो सीताराम का शव पड़ा मिला। मृतक की बहू अनीता देवी ने बताया कि परिवार की किसी से कोई रंजिश नहीं थी। ससुर हमेशा की तरह खेत में रहते थे। रात में उनके साथ क्या हुआ, इसकी जानकारी सुबह हुई। परिजनों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने शव को जबरन गाड़ी में रख लिया और उन्हें ठीक से देखने नहीं दिया। उनका कहना है कि फॉरेंसिक जांच से पहले ही शव उठा लिया गया। एएसपी और सीओ ने किया घटनास्थल का निरीक्षण सूचना पर थाना प्रभारी राजीव मिश्रा मय फोर्स मौके पर पहुंचे। सीओ थरियांव दुर्गेश दीप और अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञान प्रकाश राय ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। क्राइम विंग प्रभारी विनोद यादव अपनी टीम के साथ मौके पर मौजूद रहे। पुलिस ने साक्ष्य जुटाने के लिए फील्ड यूनिट, फॉरेंसिक टीम, सर्विलांस टीम और थाना पुलिस समेत चार टीमें लगाई हैं। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस जल्द ही घटना का खुलासा करने का प्रयास कर रही है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत चांदपुर वि0ख0 बढ़पुर जनपद फर्रुखाबाद**

पत्रांकः-03/26 ग्रा0पं0 कार्य/टेंडर दिनांक 11/10/2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

केन्द्रीय वित्त आयोग एवं राज्य वित्त आयोग की धनराशि के अंतर्गत ग्राम पंचायत चांदपुर विकास खण्ड बढ़पुर जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजनाओं के कार्य हेतु कार्यस्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु दिनांक 12/10/2026 से 16/10/2026 को पूर्वाह्न 2:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 16/10/2026 को समय 3:00 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत चांदपुर में ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत अधिकारी एवं निविदादाताओं के समक्ष खोले जायेगे निविदा प्रारूप दिनांक 12/10/2026 से 16/10/2026 तक किसी भी कार्य दिवस में 500 रूपये भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | शनि सक्सेना के घर से राजू शंखवार के घर तक नाला मरम्मत कार्य | 1.22 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | सामुदायिक शौचालय मरम्मत कार्य एवं अन्य निर्माण कार्य | 1.80 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | वीरेन्द्र गुप्ता के मकान से मैंन रोड तक सीसी रोड व नाली मरम्मत कार्य | 1.25 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तें-** 1- आपूर्तिकर्ता का GST रजिस्ट्रेशन पैन कार्ड आधार कार्ड की छायाप्रति लगाना अनिवार्य है। 2- सशर्त निविदा स्वीकार्य नही की जायेगी। 3- निविदा बिना किसी सूचना के निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

**(मुन्नी देवी)**
**प्रशासक- चाँदपुर**
**विकास खण्ड बढ़पुर,फर्रुखाबाद**

**(नीरु दीक्षित)**
**ग्राम पंचायत अधिकारी, चांदपुर**
**विकास खण्ड बढ़पुर,फर्रुखाबाद**

# श्रीराम पार्क का लोकार्पण, लगाए गए 51 पौधे

▸ भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने किया लोकार्पण

समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।



शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन रविवार को नगर पालिका परिषद के सिविल लाइन वार्ड में नवनिर्मित श्रीराम पार्क का लोकार्पण भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने किया। पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष करुणा शंकर द्विवेदी, विधायक ओम प्रकाश पांडेय समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत 51 पौधे भी लगाए गए। वेदांती आश्रम के बगल स्थित पार्क का निर्माण नगर पालिका ने लगभग 9.30 लाख रुपये की लागत से कराया है। इसमें दो प्रवेश द्वार, सबमर्सिबल पंप, बैठने के लिए बेंच और एलईडी लाइटों की व्यवस्था की गई है। पार्क बनने से स्थानीय लोगों को टहलने, योगाभ्यास और सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन की सुविधा मिलेगी।पालिकाध्यक्ष ने बताया कि वंदन योजना के तहत हनुमान घाट का निर्माण कराया जा रहा है, जिसका लोकार्पण जल्द होगा।

गोमती नदी के तट पर रामघाट निर्माण का प्रस्ताव भी शासन को भेजा गया है।कार्यक्रम का संयोजन सभासद रमेश सिंह टिंकू और संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रीति प्रकाश ने किया। इस मौके पर गिरीश नरायन सिंह, जगजीत सिंह छंगू, एमपी सिंह, डॉ. आरए वर्मा, डॉ. सीताशरण त्रिपाठी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## प्रविंद पटेल बने अपना दल कमेरावादी युवा मंच के जिलाध्यक्ष

**सुलतानपुर।** अपना दल कमेरावादी ने संगठन को मजबूत बनाने और युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से जयसिंहपुर निवासी प्रविंद पटेल को सुलतानपुर जिले के युवा मंच का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सीएल पटेल के निर्देश पर हुई नियुक्ति से पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। जिलाध्यक्ष बनने पर प्रविंद पटेल ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि सौंपी गई जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी ईमानदारी और निष्ठा से करेंगे। युवाओं को संगठन से जोड़ना, पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना और संगठन को मजबूत बनाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को देखते हुए पार्टी नेतृत्व के निर्देशों के अनुसार कार्य किया जाएगा।इस अवसर पर कादीपुर में आयोजित विधानसभा की मासिक बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष अर्जुन सिंह पटेल, मंडल अध्यक्ष टाइगर सुरेश पटेल, मंडल सचिव घनश्याम पटेल, जिला सचिव बृजलाल विश्वकर्मा, विधानसभा अध्यक्ष धर्मेंद्र पटेल और युवा मंच के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कुलदीप सिंह पटेल मौजूद रहे।इसके अलावा बृजेश पटेल, अभिषेक वर्मा, देवानंद वर्मा सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को बधाई दी और संगठन को मजबूत बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प जताया।

# बढ़ते जलस्तर के बीच गोमती मित्रों ने किया श्रमदान

समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।



गोमती नदी का जलस्तर बढ़ने और तेज बहाव के बीच रविवार को सीताकुंड धाम में गोमती मित्र मंडल का साप्ताहिक स्वच्छता श्रमदान हुआ। सुबह छह बजे से शुरू हुआ अभियान दस बजे तक चला।

नालों का गंदा पानी सीधे नदी में गिरने से उसकी गंदगी तट पर जमा हो रही है। इससे सफाई कार्य चुनौतीपूर्ण हो गया है। इसके बावजूद गोमती मित्रों ने श्रमदान कर घाट की स्वच्छता बनाए रखने का प्रयास किया। नवरात्र में श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए स्वच्छता के साथ उनकी सुरक्षा भी प्राथमिकता बनी हुई है।उधर, जिलाध्यक्ष अजीत शर्मा के नेतृत्व में गोमती मित्रों ने बंधुआ कला स्थित श्री विंध्यवासिनी माता मंदिर में भी श्रमदान किया और श्रद्धालुओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह, प्रबंधक राजेंद्र शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता रमेश माहेश्वरी, दिनकर सिंह, राजेश पाठक, राकेश सिंह दद्दू, मुन्ना सोनी, रामु सोनी, आलोक तिवारी, अजीत शर्मा, अभय मिश्रा, आशु उपाध्याय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक, 11 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा

▸ कादीपुर में शुरू हुआ महोत्सव

समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।



आगामी दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारियों को लेकर केंद्रीय पूजा व्यवस्था समिति कादीपुर की बैठक नगर पंचायत सभागार में अध्यक्ष आनंद प्रकाश द्विवेदी की अध्यक्षता में हुई। समिति ने तहसीलदार उमेश यादव को 11 सूत्रीय मांगपत्र सौंपकर व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने की मांग की।मांगपत्र में क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत, जर्जर बिजली तारों व खंभों को ठीक कराने, पंडालों में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती, यातायात व्यवस्था, प्रकाश, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाओं और सार्वजनिक शौचालयों को दुरुस्त कराने की मांग शामिल रही। पटेल चौक से अवैध पार्किंग हटाकर रोडवेज परिसर में पार्किंग व्यवस्था बनाने की भी मांग की गई। अधिकारियों ने समस्याओं के समाधान और महोत्सव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। समिति के घोषित कार्यक्रम के अनुसार 11 अक्टूबर को कलश स्थापना, 17 को मूर्ति स्थापना, 18 को प्राण प्रतिष्ठा, जागरण, भंडारा व महाआरती, 19 को पांडेबाबा मेला, 20 को रावण दहन और 22 अक्टूबर को भरत मिलाप होगा। 24 अक्टूबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा 26 अक्टूबर को सुबह 9ः45 बजे से विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी।बैठक का संचालन मेला व्यवस्थापक श्याम चंद्र श्रीवास्तव ने किया। महामंत्री ललित कसौधन, सर्वेश सिंह, सुरेंद्र तिवारी, केशव मिश्रा, प्रदीप अग्रहरि, संदीप श्रीवास्तव और रामू बोलबम सहित विभिन्न समितियों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति के तहत अमरुपुर में निकली जागरुकता रैली

समृद्धि न्यूज़, चांदा, सुलतानपुर।

महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रविवार को अमरुपुर बाजार में मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। क्षेत्राधिकारी लम्भुआ ऋतिक कपूर, ब्लॉक प्रमुख सुषमा जायसवाल और चांदा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजकुमार वर्मा के नेतृत्व में आयोजित रैली में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय अमरुपुर की छात्राओं ने भाग लिया।

रैली विद्यालय परिसर से शुरू होकर अमरुपुर बाजार पहुंची और भ्रमण के बाद वापस विद्यालय में संपन्न हुई। छात्राएं हाथों में महिला सुरक्षा से संबंधित पोस्टर और जागरूकता संदेश लिखी तख्तियां लेकर चल रही थीं। उन्होंने महिलाओं एवं बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने तथा उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने का संदेश दिया।पुलिस अधिकारियों ने मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से महिलाओं को सुरक्षा संबंधी उपायों, अधिकारों और जरूरत पड़ने पर पुलिस की सहायता लेने के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया।इस मौके पर पूर्व प्रधान देवी प्रसाद वर्मा, गारवपुर चौकी प्रभारी शशि प्रकाश वर्मा, विद्यालय की वार्डन और बड़ी संख्या में महिला पुलिसकर्मी मौजूद रहीं।

# मुठभेड़ में दो गोकशी के आरोपी गिरफ्तार एक के पैर में लगी गोली

▸ बंधुआ कला थाना क्षेत्र के हसनपुर बीबीगंज मार्ग पर हुई मुठभेड़

समृद्धि न्यूज़, कुड़वार, सुलतानपुर।



बंधुआ कला थाना क्षेत्र के हसनपुर-बीबीगंज मार्ग पर शनिवार देर रात पुलिस और संदिग्ध गोकशी के आरोपियों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक आरोपी के दाहिने पैर में गोली लग गई, जबकि दूसरे को पुलिस ने सकुशल गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो अवैध तमंचे, कारतूस और दो चापड़ बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, शनिवार और रविवार की मध्यरात्रि हसनपुर-बीबीगंज मार्ग पर दो संदिग्धों के गोकशी के लिए जाने की सूचना मिली थी। इस पर बंधुआ कला थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों को रोकने का प्रयास किया। आरोप है कि इस दौरान संदिग्धों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में फिरोज उर्फ मोनू पुत्र सगीर निवासी चटिया हसनपुर के दाहिने पैर में गोली लग गई। वहीं, अमजद अली पुत्र रशीद निवासी दादूपुर को पुलिस ने बिना घायल हुए गिरफ्तार कर लिया। घायल फिरोज को पुलिस अभिरक्षा में उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से दो अवैध तमंचे, जिंदा कारतूस, खोखा कारतूस और दो चापड़ बरामद किए। गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। कार्रवाई करने वाली टीम में थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार, उपनिरीक्षक विजय शंकर पांडेय, दीवान मुकेश सिंह तथा आरक्षी सूरज दुबे, विकास सिंह, सद्दाम हुसैन, सतनाम सिंह, राहुल सिंह चौहान, रंजीत सोनकर और विशाल तिवारी शामिल रहे।

# अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर नंदगांव में सजी सांस्कृतिक महफिल

▸ महिला सशक्तीकरण पर हुई चर्चा, लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन

समृद्धि न्यूज़, चांदा, सुलतानपुर।



चांदा क्षेत्र के नंदगांव स्थित ढाबे पर रविवार को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में विभिन्न विधाओं के कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से लोगों का मन मोह लिया। पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित समाजसेवी फूल बासन, मध्य प्रदेश के समाजसेवी अजीत सिंह और वाराणसी के अमन कबीर प्रमुख रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम में अतिथियों ने महिला सशक्तीकरण पर विचार रखते हुए समाज में महिलाओं को सम्मानजनक स्थान देने और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। लोक कलाकार ज्योति यादव, देवेंद्र बजरंगी और लाल बहादुर के बिरहा गायन को खूब सराहना मिली। वहीं, गोरखपुर की सुजीत एंड कंपनी के फरवाही नृत्य और बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मनोरंजन किया। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि नंदगांव ढाबे का संचालन निराश्रित और बेसहारा महिलाएं करती हैं। इस पहल की अतिथियों और उपस्थित लोगों ने सराहना की। नंदगांव की चेयरपर्सन डॉ. पल्लवी ने सभी अतिथियों के प्रति आभार जताया। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य उदय चंद्र यादव उर्फ भीम यादव, प्रधान राकेश यादव, दिनेश चंद्र यादव, प्रमोद निषाद, बृजेश कुमार, वरुण यादव, विवेक कुमार और सौरभ साहू सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## मन्दिरों व पाण्डालों में गूंज रहे देवी आराधना के सुर, भक्तों ने उतारी आरती

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शारदीय नवरात्र में पहले दिन देवी भक्तों ने घरों में कलश स्थापना के साथ मंदिरों में दर्शन पूजन किया। पहले दिन मंदिरों तथा पाण्डालों में भक्तों की भीड़ भी देखी गयी। वहीं मंदिरों तथा पाण्डालों की साज सज्जा भी भक्तों को मंत्रमुग्ध किये हुये दिखी। भक्तों ने मां शैलपुत्री के स्वरूप की घरों व मंदिरों में पूजा अर्चना की। पौराणिक देवी धाम इनहन भवानी व सांगीपुर वार्ड के चौहर्जन देवी मंदिर तथा कल्यानपुर की मां काली मंदिर के साथ पाण्डालों में भी दर्शन पूजन को देवी भक्तों का जमावड़ा दिखा। वहीं पाण्डालों में मां दुर्गा प्रतिमाओं की आकर्षक साजसज्जा को देख भी देवी भक्त मगन हैं। लालगंज के हरिहरमंदिरम में भी मां दुर्गा के भव्य श्रृंगार के साथ मां पीताम्बरा व मां विश्वमोहिनी का दर्शन पूजन कर भक्तों ने कल्याण की कामना की। क्षेत्र के रामपुर बावली, रानीगंज कैथौला, अठेहा, उदयपुर, सांगीपुर, सगरा सुन्दरपुर, साहबगंज, धारूपुर में भी मां की आराधना और देवी पाठ के आयोजन से वातावरण भक्तिमय दिखा। बाबा घुइसरनाथ धाम में भी भक्तों ने बाबा का दर्शन पूजन कर मां दुर्गा की आरती उतारी। नवरात्र के पर्व को लेकर पहले दिन बाजारों में भी रौनक देखी गयी। वहीं देवी धामों तथा पाण्डालों को लेकर प्रशासनिक चौकसी भी देखी गयी।

## ग्यारह आरोपियों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट व धमकी का केस

समृद्धि न्यूज़, लालगंज, प्रतापगढ़।

घर में घुसकर मारपीट तथा धमकी को लेकर लालगंज पुलिस ने चार नामजद तथा सात अज्ञात के खिलाफ गम्भीर धाराओं में केस दर्ज किया। कोतवाली के पूरे मिश्रन रोहाड़ा निवासी जगत पाल मिश्र पुत्र सूरजदीन ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीते शनिवार को जमीनी विवाद में विपक्षी गॉव के गंगा प्रसाद मिश्र व राजेन्द्र मिश्र पुत्रगण जगदीश तथा जैस पुत्र गंगा प्रसाद, जय प्रकाश मिश्रा पुत्र राजेन्द्र सात अज्ञात लोगों के साथ उसके घर आ धमके। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुये मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों द्वारा घर में घुसकर पीड़ित की भाभी आशा देवी पत्नी अमर पाल व राधा पत्नी सुधीर तथा किरन पत्नी जगतपाल एवं सुनील पुत्र रामराज को लाठी डंडे से हमला कर घायल कर दिया गया। हल्ला गुहार मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी गंगा प्रसाद समेत ग्यारह के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज, धमकी समेत कई धाराओं में केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है, केस दर्ज किया गया है, आरापियों के खिलाफ कडी कार्यवाही की जायेगी।

## भारी बारिश से गोशाला पर गिरा महुआ का पेड़, पीड़ित ने लगाई न्याय की गुहार

**रानीगंज-प्रतापगढ़।** रानीगंज तहसील क्षेत्र के बीजेमऊ गांव में प्राकृतिक आपदा के बाद उत्पन्न विवाद का मामला सामने आया है। गांव निवासी प्रभातमणि त्रिपाठी पुत्र राजमणि त्रिपाठी ने उपजिलाधिकारी रानीगंज को प्रार्थना पत्र देकर जान-माल के नुकसान से बचाव और न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित प्रभातमणि त्रिपाठी ने बताया कि बीते 26 सितंबर 2026 को क्षेत्र में हुई भारी बारिश और तेज तूफान के कारण उनके टीन शेड और गोशाला पर अचानक महुआ का एक विशालकाय पेड़ गिर गया। इस हादसे में उनकी गोशाला और टीन शेड पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे पीड़ित को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ा है। पीड़ित का आरोप है कि उपजिलाधिकारी के स्पष्ट आदेश और निर्देशों के बावजूद रानीगंज पुलिस व थानाध्यक्ष की ओर से अब तक गिरे हुए पेड़ को हटवाने की कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। इतना ही नहीं, जब पीड़ित स्वयं पेड़ हटाने का प्रयास करता है, तो विपक्षी लोग उग्र होकर मारपीट पर आमादा हो जाते हैं। पेड़ न हटने और विपक्षियों के अड़ियल रवैये से पीड़ित का परिवार लगातार भय के साए में जीने को मजबूर है। पीड़ित प्रभातमणि ने प्रशासन से अतिशीघ्र पेड़ हटवाकर विपक्षियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, परिवार में कोहराम

समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।




कोतवाली देहात क्षेत्र के लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर भपटा मोड़ के पास शनिवार देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गई। युवक काम खत्म कर घर लौट रहा था। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। श्रीपुर गांव निवासी विनोद उपाध्याय का 25 वर्षीय पुत्र प्रशांत उपाध्याय सुलतानपुर में काम करता था। शनिवार देर रात वह काम खत्म कर घर लौट रहा था। भपटा मोड़ के पास सड़क पार करते समय किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों और स्थानीय लोगों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रशांत दो भाइयों में छोटा और अविवाहित था। उसकी मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी शोक का माहौल है।कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अज्ञात वाहन की पहचान करने के लिए जांच की जा रही है।

## श्रीरामलीला ट्रस्ट समिति की ओर से आयोजित कुशभवनपुर (नगर) की रामलीला का तीसरा दिन

# रामलीला में नारद मोह और रावण जन्म का हुआ मंचन

समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।



श्रीरामलीला ट्रस्ट समिति की ओर से आयोजित कुशभवनपुर (नगर) की रामलीला में रविवार को तीसरे दिन अयोध्या के कलाकारों ने नारद मोह और रावण जन्म की कथा का मंचन किया। कलाकारों ने भगवान विष्णु की लीला और नारद मुनि के मोह प्रसंग का जीवंत मंचन कर दर्शकों को भावविभोर किया। मंचन में दिखाया गया कि कामदेव पर विजय के बाद नारद मुनि को अहंकार हो गया। भगवान शिव और ब्रह्मा की सीख की अनदेखी करने पर भगवान विष्णु ने उनकी परीक्षा ली। माया के प्रभाव में नारद मुनि स्वयंवर में राजकुमारी से विवाह की इच्छा करने लगे। भगवान विष्णु की लीला से उनका मुख वानर जैसा हो गया और राजकुमारी ने विष्णु का वरण किया। क्रोधित नारद मुनि ने भगवान विष्णु को स्त्री वियोग का श्राप दिया। भगवान ने इसे रामावतार का आधार बताया। इसी प्रसंग से रावण और कुंभकरण के जन्म की कथा जुड़ी।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अजय दुबे के साथ साधना मिश्रा, भरत सोनी, आचार्य हनुमान मिश्र, माया दुबे, दिनेश तिवारी, सुषमा मिश्रा, प्रधानाचार्य सतीश कुमार त्रिपाठी, प्रभारी हरिब्रत मिश्र, आंचल मिश्रा, आकांक्षा मिश्रा, दीपक प्रकाश तिवारी, ओम प्रकाश गिरी, वृजेश कुमार तिवारी, संजीव कुमार त्रिपाठी, अजित उपाध्याय, शैलेन्द्र कुमार त्रिपाठी और शरद कश्यप सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## चोरी की घटना का खुलसा एक आरोपी गया जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर पुलिस तथा स्पेशल टीम को चोरी की घटना के खुलासे में सफलता मिली है। बीती छह जुलाई की रात थाना क्षेत्र के गोवर्धनपुर गॉव में चोरी की घटना हुई थी। पुलिस ने घटना को लेकर पीड़ित की तहरीर पर चोरी का केस दर्ज किया था। सांगीपुर पुलिस के साथ स्पेशल टीम घटना के खुलासे में लगी हुई थी। पुलिस टीम ने रविवार की सुबह विंध्यसिंह का पुरवा के एक पोल्टी फार्म के पास कुछ संदिग्धों को टाटा वाहन के साथ रोका। तलाशी लेने पर वाहन से चोरी गया इनवर्टर, बैटरी, सिलाई मशीन, टीवी तथा गैंस सिलेंडर चोरी का निकला। पुलिस के हत्थे एक बदमाश भी चढ़ गया। पकड़े गये आरोपी के खिलाफ अमेठी तथा प्रतापगढ़ जिले के थानों में लूट व चोरी का तेरह मुकदमें दर्ज है। पुलिस ने टाटा वाहन को सीज कर दिया। वहीं पकड़े गये आरोपी थाना क्षेत्र के शाहबरी के भाटन का पुरवा निवासी सचिन गौतम पुत्र सुखराम को पुलिस ने दोपहर बाद जेल भेज दिया।

# पीढ़ी के निर्माण के लिए स्कूली परिवेश में पठन-पाठन की गुणवत्ता हो सुदृढ़: डीएम

## जिलाधिकारी ने पहाड़पुर में बीडी दुबे इण्टर कालेज प्रबंध समिति की बैठक में छात्र-छात्राओं की सुविधा को लेकर किया मंथन

समृद्धि न्यूज़, प्रतापगढ़।



पहाड़पुर स्थित बीडी दुबे इण्टर कालेज में रविवार को जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय की अध्यक्षता में प्रबन्ध समिति की बैठक में शैक्षिक परिवेश को सुदृढ बनाने को लेकर मंथन किया गया। डीएम ने सबसे पहले विद्यालय के संस्थापक स्व. पं. भगवानदीन दुबे की प्रतिमा पर प्रबन्धक नवीन कुमार दुबे व वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञान प्रकाश शुक्ल के साथ माल्यार्पण कर स्मृति को नमन किया। बैठक में जिलाधिकारी ने विद्यालय में पठन पाठन को लेकर संसाधनों की उपलब्धता की बिन्दुवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पीढ़ी के निर्माण में स्कूली परिवेश में पठन पाठन की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता मिलनी चाहिए। डीएम ने विद्यालय के पहुँच मार्ग को मुख्य मार्ग से जोड़े जाने के लिए पक्की सड़क के निर्माण कराये जाने की भी स्वीकृति प्रदान की। वहीं उन्होंने छात्रों की सुविधा के लिए परिसर में शौचालय निर्माण कराये जाने का भी भरोसा दिलाया। बैठक में डीएम ने छात्राओं के लिए कॉमन रूम तथा पुस्तकालय में किताबों के लिए प्रबन्ध कराये जाने की भी बात कही। जिलाधिकारी ने तकनीकी शिक्षा को प्रभावी बनाने के लिए कम्प्यूटर सेट को भी उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने विद्यालय में एक पेयजल आरओ की भी व्यवस्था कराने की मंजूरी प्रदान की। वहीं डीएम ने विद्यालय में छात्रवृत्ति के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी को पन्द्रह दिन के अन्दर शिविर लगाये जाने के निर्देश दिए। कृषि विभाग को आधुनिक कृषि संयत्रों की प्रदर्शनी एवं स्वास्थ्य विभाग को छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए चिकित्सा शिविर लगाये जाने के भी निर्देश दिये। डीएम ने विद्यालय परिसर से लगी पीछे की जमीन पर पौधरोपण कराये जाने को भी कहा। वहीं डीएम ने गणित तथा भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान जैसे महत्वपूर्ण विषयों में शिक्षकों के रिक्त पद के सापेक्ष जिला विद्यालय निरीक्षक को प्रभावी कदम उठाये जाने के निर्देश दिये है। प्रबन्धक नवीन कुमार दुबे ने डीएम को विद्यालय की प्रगति से अवगत कराया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष माला दुबे तथा उपाध्यक्ष जया त्रिपाठी ने बैठक में विभिन्न बिन्दुओं पर डीएम का ध्यान आकृष्ट कराया। विशेष आमंत्री अधिवक्ता ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने जिलाधिकारी से सगरा पहाड़पुर मार्ग से विद्यालय गेट तक पिच मार्ग के निर्माण का अनुरोध रखा। संचालन प्रधानाचार्य अखिलेश पाण्डेय ने किया। वहीं विद्यालय प्रबन्ध समिति तथा शिक्षकों की ओर से डीएम को अंगवस्त्रम तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। इसके बाद डीएम ने विद्यालय परिसर का औचक निरीक्षण भी किया। इस दौरान पुस्तकालय कक्ष के निरीक्षण में किताबों के बेतरतीब रख-रखाव पर डीएम ने प्रधानाचार्य से नाराजगी जताई। डीएम ने इस कक्ष में साफ-सफाई न देख भी प्रधानाचार्य को आगाह किया। इसके बाद डीएम ने स्कूल के समीप पुराने अस्पताल भवन की स्थिति का भी जायजा लिया। इस मौके पर शिक्षक प्रतिनिधि ज्ञान प्रकाश उपाध्याय, नरेन्द्र तिवारी, भाष्कर पाल त्रिपाठी, ब्रम्हदत्त शुक्ल, कुंवर बहादुर सिंह, हरिभूषण मिश्र, अरविन्द तिवारी, नरेन्द्र यादव, अजय कुमार शुक्ला आदि रहें।